* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

02 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 283

देश के 4001 विधायकों की संपत्ति 54 हजार करोड़ : यह नगालैंड, मिजोरम और सिक्किम के कुल बजट से ज्यादा







# पीएमएलए कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेजे गये विष्णु अग्रवाल

## इडी ने सात दिनों की मांगी रिमांड, आज होगी सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में हुए जमीन घोटाला केस में न्यूक्लियस मॉल के संचालक विष्णु अग्रवाल को इडी ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें मंगलवार को पीएमएलए की विशेष अदालत में प्रस्तुत किया गया, जहां इडी ने सात दिनों की रिमांड देने की गुजारिश कोर्ट से की है। विष्णु अग्रवाल के रिमांड पर मंगलवार को सुनवाई होगी। फिलहाल उन्हें जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि विष्णु अग्रवाल इडी की ओर से दर्ज किये गये जमीन घोटाला मामले के 13वें आरोपी हैं। वह तीसरे नोटिस के बाद 31 जुलाई की शाम चार बजे इडी कार्यालय पहुंचे थे। उनसे पूछताछ के बाद सोमवार की देर रात 10.30 बजे इडी ने उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की। मंगलवार को उन्हें पीएमएलए की विशेष अदालत में पेश किया गया।



### क्या हैं आरोप

रांची में आर्मी लैंड स्कैम सहित कई जगहों की जमीन फर्जी तरीके से खरीदने और बेचने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में इडी ने कई जगह छापेमारी की थी। विष्णु अग्रवाल पर फर्जीवाड़ा कर रांची में अलग-अलग जमीन की खरीद-बिक्री का आरोप है। चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर जमीन के असली रैयत का नाम बदलने और जमीन की रजिस्ट्री और म्यूटेशन करवा लेने के आरोपों की पुष्टि हो चुकी है। इडी सिरमटोली चौक के पास स्थित सेना के कब्जे वाली एक अन्य जमीन और पुगड़ू की एक जमीन की खरीद-बिक्री मामले में भी विष्णु अग्रवाल के खिलाफ जांच कर रही है।

### कारोबारी के मोबाइल से हुआ खुलासा

विष्णु अग्रवाल के मोबाइल की पड़ताल से जमीन घोटाले में कई चौंकाने वाली जानकारी मिली है। यह भी खुलासा हो चुका है कि रांची के तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन के मौखिक आदेश पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ विवादित जमीन का म्यूटेशन विष्णु अग्रवाल और उनकी पत्नी अनुश्री अग्रवाल के नाम पर बड़ागाईं के तत्कालीन अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने किया था।

### कौन हैं विष्णु अग्रवाल

कारोबारी विष्णु अग्रवाल मूल रूप से पुरुलिया के रहनेवाले हैं। रांची में कई सालों से रह रहे हैं। रांची के सर्कुलर रोड का चर्चित न्यूक्लियस मॉल इन्हीं का है। न्यूक्लियस मॉल का फेज टू कांके रोड चांदनी चौक में है। वह भी इन्हीं का है। रांची में 500 करोड़ रुपये से ज्यादा की जमीन के मालिक भी हैं। बताया जाता है कि कई मंत्री और विधायकों से विष्णु अग्रवाल के अच्छे संबंध हैं। कई आइएएस-आइपीएस अधिकारी विष्णु अग्रवाल के संपर्क में भी हैं।

### अब तक गिरफ्तारी

**14 अप्रैल :** प्रदीप बागची, अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, सद्दाम हुसैन, इम्तियाज अहमद, तल्हा खान, फैयाज खान और भानु प्रताप प्रसाद।

**7 मई :** रांची के पूर्व उपायुक्त निलंबित आइएएस छवि रंजन।

**7 जून :** दिलीप कुमार घोष और अमित कुमार अग्रवाल।

**3 जुलाई :** भरत प्रसाद और राजेश राय।

**31 जुलाई :** विष्णु अग्रवाल।

# दिल्ली अध्यादेश बिल लोकसभा में पेश हुआ

■ अधीर रंजन ने कहा-यह बिल संविधान का उल्लंघन

■ अमित शाह ने कहा-विरोध का कोई आधार नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में अफसरों की पोस्टिंग-ट्रांसफर पर नियंत्रण से जुड़ा विधेयक मंगलवार को लोकसभा में पेश किया गया। इस बिल का नाम गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली (अमेंडमेंट) बिल 2023 है। इसे गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में पेश किया। इस पर सदन में विपक्षी नेताओं ने हंगामा किया और शेम-शेम के नारे लगाये। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि ये बिल संविधान का उल्लंघन है, सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदलने की कोशिश है। वहीं, केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि संविधान, संसद को दिल्ली के लिए कानून बनाने की अनुमति देता है। बिल के खिलाफ जो बयान दिये जा रहे हैं, वो सिर्फ राजनीतिक हैं, उनका कोई आधार नहीं है।

गौरतलब है कि केंद्र ने 19 मई को अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग पर अध्यादेश जारी किया था। अध्यादेश में उसने सुप्रीम कोर्ट के 11 मई के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार दिल्ली सरकार को मिला था। इस अध्यादेश को केंद्रीय कैबिनेट से 25 जुलाई को मंजूरी मिली थी। इसे लेकर आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि इससे दिल्ली में लोकतंत्र 'बाबूशाही' में तब्दील हो जायेगा। चुनी हुई सरकार की सारी शक्तियां छीनकर भाजपा के नियुक्त किये गये उपराज्यपाल को दे दी जायेंगीं।

केंद्र सरकार ने अध्यादेश के जरिये दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार उपराज्यपाल को दे दिये थे। दिल्ली सरकार इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। इस पर सीजेआइ चंद्रचूड़ ने 17 जुलाई को कहा कि हम यह मामला पांच जजों की संविधान पीठ को भेजना चाहते हैं। फिर संविधान पीठ तय करेगी कि क्या केंद्र इस तरह के संशोधन कर सकता है या नहीं?



### अविश्वास प्रस्ताव पर बहस आठ अगस्त से, 10 को पीएम दे सकते हैं जवाब

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** संसद के मानसून सत्र का मंगलवार को 9वां दिन था। मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के चलते राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही बाधित रूप से चली। वहीं, मणिपुर मुद्दे को लेकर विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर 8 से 10 अगस्त तक बहस होगी। 10 अगस्त को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर जवाब दे सकते हैं। यह फैसला लोकसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में लिया गया। आइएनडीआइए के घटक के कई सदस्यों ने तुरंत चर्चा नहीं होने से नाराज होकर वॉकआउट कर दिया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने मणिपुर मामले पर चर्चा करने के लिए विपक्ष की तरफ से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से समय मांगा है।
**क्या है अविश्वास प्रस्ताव का नियम :** अगर लोकसभा में किसी विपक्ष दल को लगता है कि सरकार के पास बहुमत नहीं है या सरकार सदन में विश्वास खो चुकी है, तो वह अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है। संविधान के अनुच्छेद-75 के अनुसार, केंद्रीय मंत्रिपरिषद लोकसभा के प्रति जवाबदेह है। अगर सदन में बहुमत नहीं है, तो पीएम समेत पूरे मंत्रिपरिषद को इस्तीफा देना होता है। कोई सदस्य लोकसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावाली के नियम 198(1) से 198(5) के तहत लोकसभा अध्यक्ष को सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दे सकता है। इसके लिए उसे सुबह 10 बजे से पहले प्रस्ताव की लिखित सूचना देनी होती है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होता है कि उस प्रस्ताव को कम से कम 50 सांसदों ने स्वीकृति दी हो। इसके बाद अगर लोकसभा स्पीकर अविश्वास प्रस्ताव को मंजूरी दे देते हैं, तो प्रस्ताव पेश करने के 10 दिनों के भीतर इस पर चर्चा जरूरी है। वैसे लोकसभा में मोदी सरकार बहुमत में है। उसके पास 301 सांसद हैं, वहीं एनडीए के पास 333 सांसद हैं। इधर पूरे विपक्ष के पास कुल 142 सांसद हैं। कांग्रेस के पास सबसे ज्यादा 50 सांसद हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव फेल हो जायेगा।

## न्यूज रील्स

### पुणे में एक मंच पर पीएम मोदी और शरद पवार



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पुणे के दौरे पर थे। वे सुबह 11 बजे पहुंचे और सबसे पहले दगडूशेठ हलवाई मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद वो एसपी कॉलेज मैदान पहुंचे, जहां उन्हें तिलक स्मारक मंदिर ट्रस्ट की ओर से लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एनसीपी प्रमुख शरद पवार बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। मंच पर मोदी के एक तरफ शरद पवार, तो दूसरी तरफ उनके भतीजे अजित पवार बैठे नजर आये। मोदी ने कहा कि लोकमान्य तिलक सम्मान पाना सौभाग्य की बात है। अवॉर्ड के साथ जो धनराशि मुझे दी गयी है, वो गंगा जी को समर्पित कर रहा हूं। नमामि गंगे परियोजना के लिए इसे दान देने का फैसला लिया है।

### बिहार में जातीय गणना होगी, पटना हाइकोर्ट का फैसला

**पटना।** बिहार में जातीय गणना पूरी होगी। बिहार सरकार को पटना हाइकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने रोक की मांग से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। पटना हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस के. विनोद चंद्रन ने यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ता के वकील दीनू कुमार ने बताया कि एक लाइन में हाइकोर्ट का फैसला आया है। जिसमें कहा गया कि रिट याचिका खारिज की जाती है। यानी जातीय गणना कराई जा सकती है। हाइकोर्ट के जजमेंट के आधार पर गणना होगी। हम लोग फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। पटना हाइकोर्ट के फैसला आने के कुछ घंटे के बाद ही बिहार सरकार ने जाति आधारित गणना कराने का आदेश भी जारी कर दिया है।

### मूसेवाला मर्डर का मास्टरमाइंड भारत पहुंचा

**लुधियाना।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मास्टरमाइंड गैंगस्टर सचिन थापन को आज भारत लाया गया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल टीम कड़ी सुरक्षा के बीच उसे लेकर दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची। सचिन को भारत लाने के लिए सुरक्षा एजेंसियों की टीम अजरबैजान गयी थी। सचिन गैंगस्टर लॉरेंस का भांजा है। वह मूसेवाला हत्याकांड की साजिश रचने वालों में शामिल है। हत्या से कुछ समय पहले वह लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई के साथ जाली पासपोर्ट पर विदेश भाग गया था। उसका नाम मूसेवाला हत्याकांड की एफआइआर और चार्जशीट दोनों में शामिल है।

# नूंह के बाद पलवल और गुरुग्राम में भी हिंसा

## नूंह में कर्फ्यू, इंटरनेट बंद, उत्तरप्रदेश और राजस्थान में अलर्ट

● मुख्यमंत्री एमएल खट्टर बोले: ये गहरी साजिश है

आजाद सिपाही संवाददाता

**नूंह/नयी दिल्ली।** हरियाणा के नूंह में विश्व हिंदू परिषद की ब्रज मंडल यात्रा के दौरान सोमवार को हुई हिंसा और बवाल के बाद मंगलवार को भी तनाव बना हुआ है। नूंह में 2 अगस्त तक कर्फ्यू लगा दिया गया है। इलाके में पैरामिलिट्री की 13 कंपनियां तैनात की गयी हैं। उधर, नूंह (मेवात) के बाद हिंसा गुरुग्राम तक फैल गयी है। जिसे देखते हुए इन दो जिलों के साथ ही रेवाड़ी, पलवल, फरीदाबाद, सोनीपत समेत 6 जिलों में धारा 144 लागू कर दी गयी है। पलवल में दुकान के ताले तोड़कर 15-20 अज्ञात व्यक्तियों ने तोड़-फोड़ और लूटपाट की। झोपड़ियों में आग लगा दी। चार ट्रकों को आग के हवाले कर दिया। गुरुग्राम के बादशाहपुर में भी दुकानें जलाने की खबर है। नूंह में 2 अगस्त तक इंटरनेट बंद कर दिया है। नूंह, फरीदाबाद, गुरुग्राम और पलवल में मंगलवार को सभी स्कूल-कॉलेज और कोचिंग सेंटर बंद कर दिये गये। नूंह में 10वीं, 12वीं की 1 और 2 अगस्त को होने वाली बोर्ड परीक्षाएं रद्द कर दी गयी हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नूंह की हिंसा पर मंगलवार को गृह मंत्री अनिल विज और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा हर वर्ष निकलती थी। कुछ लोगों ने षड्यंत्र करके हमला किया है। उपद्रवियों को बख्शा नहीं जायेगा। उधर, हरियाणा की हिंसा का असर पड़ोसी राज्यों पर भी पड़ा है। राजस्थान के भरतपुर में अलर्ट जारी किया गया है। यहां के 4 इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। यूपी से हरियाणा को जोड़ने वाली मथुरा की सीमाएं सील कर दी गयी हैं। साथ ही मेरठ, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर समेत हरियाणा से सटे यूपी के जिलों में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है।



### मणिपुर में कानून-व्यवस्था नहीं बची है : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाये जाने के मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस की जांच को सुस्त बताया। कोर्ट ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी है। कोर्ट ने हैरानी जतायी कि राज्य की जातीय हिंसा में लगभग 3 महीने तक एफआइआर ही दर्ज नहीं की गयी। बाद में जब 6000 से ज्यादा एफआइआर हुईं तो इनमें चंद गिरफ्तारियां की गयीं। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर डीजीपी को कोर्ट में हाजिर होकर इन सभी सवालों का जवाब देने का निर्देश दिया है। एफआइआर में देरी पर केंद्र ने कोर्ट से कहा कि मणिपुर में हालात बेहद खराब हैं। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। अब मामले की अगली सुनवाई 7 अगस्त को दोपहर 2 बजे होगी।

# ‘आजाद सिपाही’ में छपी खबर, राज्य सरकार ने लिया संज्ञान

■ सांसद की पत्नी को पेंशन नहीं मिलने के मामले पर दिया जवाब

■ दस्तावेजों की कमी और केंद्र सरकार का दिया हवाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आपके अपने अखबार ‘आजाद सिपाही’ ने 18 जुलाई को ‘एक साल बाद भी पेंशन के लिए भटक रही हैं सांसद की पत्नी’ शीर्षक से एक खबर छापी थी। इस खबर पर राज्य सरकार ने संज्ञान लिया है। सरकार की तरफ से सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय ने जवाब भेजा है, जिसमें मामला केंद्र सरकार और दस्तावेजों में कमी बतायी गयी है।

सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय ने कहा है कि आपके समाचार पत्र ‘आजाद सिपाही’ में छपी खबर पर सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संज्ञान लिया गया। विभाग द्वारा मामले की पूरी जांच कर जानकारी दी गयी। यह मामला सांसद पेंशन योजना से संबंधित है। यह केंद्र सरकार के स्तर पर कार्रवाई के लिए लंबित है। सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि आवेदिका के पति स्व. सोम मरांडी (माननीय पूर्व सांसद) को पूर्व सांसद की पेंशन मिलती थी। आवेदिका द्वारा पति (पूर्व सांसद) की मृत्यु के उपरांत पेंशन स्वीकृति के लिए दिल्ली कार्यालय में आवेदन दाखिल कराया गया था, परंतु दिल्ली कार्यालय में कुछ कागजातों की कमी के कारण पेंशन स्वीकृत नहीं हो पायी।



एक साल बाद भी पेंशन के लिए भटक रही हैं सांसद की पत्नी


कार्तिक कुमार

पाकुड़ (आजाद सिपाही)। राजमहल सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से 1998 के संसदीय उपचुनाव में मात्र नौ वोट से निर्वाचित हुए भाजपा सांसद सोम मरांडी के निधन के बाद आज उनका परिवार आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है। अटल बिहारी के 13 महीने की सरकार में भाजपा के सांसद रहे सोम मरांडी का 23 मार्च 2022 को उनके पैतृक गांव लिट्टीपाड़ा में निधन हो गया था।

पूर्व सांसद सोम मरांडी की विधवा की कहानी, आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा पूरा परिवार

उनके निधन के बाद से परिवार के समक्ष रोजी-रोटी पर आफत आ गयी है। पूर्व सांसद की पत्नी कपूर मलि टुडू बताती हैं कि उनके पति के मरणोपरांत उन्हें बच्चों की परवरिश में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पेंशन के लिए प्रयास कर रही हैं, लेकिन संबंधित कागजात पूरा नहीं होने के कारण पेंशन अब तक शुरू नहीं हो पायी है। बेटी सावित्री मरांडी बताती हैं कि मम्मी अकेले होने के कारण पेंशन के लिए कागजात तैयार करने में परेशानी हो रही है। हम लोगों को भी पढ़ाई में पैसे की कमी की समस्या आ गयी है। सावित्री बताती हैं कि हम लोग छह बहनें हैं, जिनमें एक बहन की शादी हुई है, पांच बहनें पढ़ाई कर रही हैं और एक छोटा भाई है। वह बताती हैं कि बाबूलाल मरांडी हम लोगों को सहयोग करते हैं, लेकिन कुछ दिनों से उनकी तरफ से आर्थिक सहयोग नहीं मिल पा रहा है। पापा बैंक से लोन लिये थे, इसलिए मां का अकाउंट होल्ड कर दिया गया है। पापा को 25000 रुपये पेंशन मिलती थी। सोम मरांडी ने लिट्टीपाड़ा एसबीआइ ब्रांच से 350000 रुपये लोन लिये थे। फिलवक्त दिवंगत सांसद की विधवा और उसका परिवार मदद का हाथ बढ़ानेवालों की आस लगाये है।

विभाग ने बताया कि कुछ कागजातों में हस्ताक्षर नहीं हं, जिसमें हस्ताक्षर आवश्यक है। कानूनी उत्तराधिकार प्रमाणपत्र या उत्तराधिकार प्रमाणपत्र संलग्न नहीं है। सांसद का मूल पहचान पत्र आवेदन के साथ समर्पित किया गया हो, उसकी कॉपी चार फोटो सादे कागज पर चिपकाने होंगे और अधिकारी द्वारा सत्यापित कराने होंगे। आधार कार्ड की सभी प्रतियां सत्यापित होनी चाहिए। उधर, आवेदिका द्वारा कानूनी उत्तराधिकारी को लेकर पाकुड़ की लोक अदालत में आवेदन दायर किया गया है, जिसकी सुनवाई 7 अगस्त 2023 को निर्धारित है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,000 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



## ग्रेजुएशन और पीजी की पढ़ाई बिल्कुल मामूली खर्च पर, मिलेगी डिग्री और प्लेसमेंट टॉप कंपनियों में

# जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला दी है

## ▪ जैन ऑनलाइन के माध्यम से हजारों छात्रों का सपना हो रहा पूरा

## ▪ नौकरी पेशा, कारोबारी और गृहिणियां भी अब कर सकती हैं अपनी पढ़ाई पूरी

## ▪ सामान्य परिवार के बच्चों के लिए तो वरदान है जैन ऑनलाइन

आजाद सिपाही विशेष

कोरोना महामारी से भारत ही नहीं, पूरा विश्व लड़ रहा था। इसे हराने और जिंदगी सामान्य बनाने के लिए डॉक्टरों की टीम ने, देश की सरकारों और देश के लोगों ने बहुत जतन किये। विश्व लॉकडाउन की भी मार झेल रहा था। स्कूल, कॉलेज, दफ्तर सब बंद थे। पढ़ाई के क्षेत्र में भी कोरोना ने अपना कहर बरपाया हुआ था। सभी शिक्षण संस्थान ठप पड़े हुए थे। बच्चे घर पर थे। कैसे पढ़ें, यह बड़ा सवाल था। तब उदय हुआ ऑनलाइन क्लासेस का। शिक्षण संस्थानों ने इस माध्यम के जरिये बच्चों को घर पर ही स्कूल जैसी पढ़ाई देने की कोशिश की। सफल भी हुए। कोरोना जब खत्म हुआ, तब बच्चे सामन्य रूटीन में आ गये और स्कूल, कॉलेज जाना शुरू कर दिया। लेकिन ऑनलाइन क्लासेस का आइडिया इतना सक्सेसफुल हुआ कि इसी को और बड़ा रूप दिया जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने अपने जैन ऑनलाइन के माध्यम से। जैन ऑनलाइन आपको घर बैठे ऑनलाइन क्लासेज के माध्यम से अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री आसान पैकेज पर उपलब्ध करवाता है। जो लोग कॉलेज जाने में सक्षम नहीं हैं, नौकरी या व्यापार करते-करते अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं, घर के काम के साथ-साथ गृहिणियां अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहती हैं, जो बच्चे महंगी पढ़ाई अफोर्ड नहीं कर पाते और भी किन्ही कारणों से कॉलेज नहीं जा सकते या शिक्षा का पारंपरिक तरीका इस्तेमाल नहीं कर सकते, तो उनके लिए जैन ऑनलाइन ने पढ़ने का बहुत बढ़ियां तरीका निकाला है, जो सस्ता भी है, जहां क्वालिटी एजुकेशन से कोई समझौता नहीं और प्लेसमेंट भी बेहतरीन है। सबसे खास बात यह है कि जैन ऑनलाइन के ऑनलाइन कोर्स की मान्यता टॉप कॉलेज जैसा ही होता है। जैन ऑनलाइन को एनएएसी और एनआइआरएफ की बेस्ट ग्रेडिंग और रैंकिंग प्राप्त है। 2022 का एक यूजीसी का नोटिफिकेशन है, जिसने ऑनलाइन और फिजिकल, या यूं कहें कन्वेंशनल क्लास के भेदभाव को मिटा दिया है। अंतर इतना भर है कि आप एक में क्लास रूम में जाकर पढ़ाई करते हैं और ऑनलाइन क्लास आप लैपटॉप, मोबाइल या पीसी से घर पर या ऑफिस में बैठ कर पढ़ते हैं। क्या है जैन ऑनलाइन और कैसे बच्चे या किसी भी उम्र के लोग इससे जुड़ सकते हैं और अपने करियर को चार चांद लगा सकते हैं, इसे आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह** से साझा किया संस्थान के **एचओडी रविशंकर ठाकुर ने**।



राकेश सिंह




एचओडी रविशंकर ठाकुर

> **“** अभी पिछले साल ही बहुत कम समय में हमने एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। 45 हजार से ज्यादा ऑनलाइन एडमिशन हुए हैं हमारे यहां। भारत की आजादी के बाद तो आज तक ऐसा नहीं हुआ था कि एक पार्टिकुलर सेशन के लिए किसी ने इतनी बड़ी संख्या में एनरोल किया हो।

● **सवाल: बड़ी चर्चा है जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की। लोगों में काफी जिज्ञासा है, इसके बारे में विस्तार से बतायें?**

● **जवाब:** जैन ग्रुप बेंगलुरु का बहुत बड़ा समूह है। यह शिक्षा के क्षेत्र में जाना-माना नाम है। यह हमारा पेरेंट ऑर्गेनाइजेशन है। इसके कई वर्टिकल्स हैं। हमारे कई फेमस एलुमनाई भी हैं। पिछले साल खेलो इंडिया का प्रोग्राम गृह मंत्री अमित शाह ने हमारे कैंपस में ही किया था। जेजीआइ के चेयरमैन डॉ चेनराज रायचंद के मेंटरशिप में हम सब काम करते हैं। जेजीआइ के बहुत सारे कैंपस हैं। बहुत सारे बच्चे देश-विदेश से आते हैं और इन कैंपसों में पढ़ाई का लाभ ले रहे हैं। हमारा मकसद बच्चों को अच्छे से अच्छा एजुकेशन देना और समाज निर्माण की ओर कदम अग्रसर करना है। आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पांचवीं सबसे बड़ी इकोनॉमी के रूप में उभर कर आया है, जिसमें शिक्षाविदों और इंस्टीट्यूशंस का भी बहुत बड़ा रोल रहा है। मैं बहुत गर्व के साथ यह कहना चाहता हूं कि जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने भी एक छोटा सा कंट्रीब्यूशन किया है। हमारे कई सारे स्टूडेंट्स एलुमनाई आज की तारीख में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। यूं तो जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के कई यूनिवर्सिटी हैं, कॉलेज हैं, स्कूल हैं, इंटरनेशनल स्कूल हैं, ओवरसीज कैंपस भी हैं। यह बहुत फैला हुआ और बहुत बड़ा इंस्टीट्यूशन है और जिसका मोटिव बच्चों को फैसिलिटेट करना है और भारत की तरक्की में योगदान देना है। बात करें झारखंड की, तो यहां भी हमारा बहुत बड़ा कैंपस है। उसका नाम है अरका जैन यूनिवर्सिटी, जो जमशेदपुर में स्थित है। अरका जैन यूनिवर्सिटी का संचालन डायरेक्टर अमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया जा रहा है। अरका जैन यूनिवर्सिटी के साथ-साथ हमने एक और वर्टिकल लांच लिया है, जिसका नाम है जैन ऑनलाइन।

● **सवाल: जैन ऑनलाइन के बारे में जरा विस्तार से बतायें ?**

● **जवाब:** जैन ऑनलाइन भी जेजीआइ का हिस्सा है। बात कोरोना काल की है। जब समूचा विश्व इस महामारी से जूझ रहा था, उस वक्त हर इंस्टीट्यूशन के सामने यह चुनौती आ गयी थी कि कोरोना और लॉकडाउन की स्थिति में भी बच्चों को पढ़ाना है। यह बहुत चैलेंजिंग हो गया था, जहां क्वालिटी एजुकेशन के साथ कोई समझौता नहीं करना है। इस दौरान देश और विदेशों के लोगों ने भी यह जाना और समझा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी पढ़ाई हो सकती है। अच्छी पढ़ाई हो सकती है। अच्छा जॉब प्लेसमेंट भी हो सकता है। आज के दौर में अभिभावक और बच्चे दोनों के हायर एजुकेशन में यही मकसद होता है कि पढ़ाई अच्छी हो, क्वॉलिटी एजुकेशन मिले, डिलीवरी अच्छी हो और आखिर में अच्छा प्लेसमेंट मिले।

● **सवाल: क्या आज की तारीख में ऑनलाइन पढ़ाई और फिजिकल पढ़ाई को समानांतर दर्जा प्राप्त है?**


● **जवाब:** 2022 का एक यूजीसी का नोटिफिकेशन है, जिसमें स्पष्ट शब्दों में ऑनलाइन और फिजिकल या यूं कहें कन्वेंशनल क्लास के भेदभाव को मिटा दिया गया है। अंतर इतना भर है कि आप एक तरफ कन्वेंशनल मोड में क्लास रूम में जाकर पढ़ाई कर रहे हैं और दूसरी तरफ ऑनलाइन क्लास आप लैपटॉप, मोबाइल या पीसी से कर घर पर या ऑफिस में बैठ कर करते हैं। आपको लाइव प्रोजेक्ट मिल जाते हैं। एक काउंसिलर होने के नाते मेरा ज्यादातर काम है बच्चों से मिलना, उनके पेरेंट्स से मिलना, प्रोफेसर से मिलना, तो यही सवाल मुझे ज्यादातर फेस करने को मिलता है। मैं सभी को यही जवाब देता हूं, जो आपको देने जा रहा हूं। 2020 से पहले भारत में एक कांसेप्ट चलता था, जो अभी ना के बराबर है। एक उदाहरण से मैं इसको समझाऊंगा। जैसे कोई वर्किंग प्रोफेशनल है। उस पर घर की भी जिम्मेवारी है, पढ़ाई भी करनी है। इनके लिए यह संभव नहीं हो पाता कि वह नौकरी छोड़ कर कोई कॉलेज को ज्वाइन कर ले। दो-तीन साल अपने हायर एजुकेशन को दे। पहले डिस्टेंस लर्निंग का कांसेप्ट था। इसमें एक किट आपको दे दी जाती थी। फिर आपको खुद से ही पढ़ाई करनी पड़ती थी। न ही कोई टीचर से कोई इंटर-एक्शन है न ही कोई लाइव प्रोजेक्ट है, न नहीं किसी तरीके की मेंटरशिप है और प्लेसमेंट तो भूल ही जायें आप। इसका वैल्यूएशन ना के बराबर होता था। उस दौरान इंस्टीट्यूशंस भी खानापूर्ति कर सर्टिफिकेट दे देता था। लेकिन आज का दौर अलग है। सामाजिक ताना-बाना भी बदल रहा है। आज के दौर में कॉरपोरेट्स का भी सोचने, समझने और काम करने का तरीका बदल रहा है। बच्चों और अभिभावकों का भी सोचने और समझने का तरीका बदल रहा है।

● **सवाल: जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस को ऑनलाइन डिग्री वाली पढ़ाई का आइडिया कैसे आया और क्या कॉरपोरेट्स अपने प्लेसमेंट में इसे हाथों-हाथ ले रहे हैं?**

● **जवाब:** कोरोना काल ने बहुत कुछ लोगों को सिखा दिया है। जैसे कोरोना काल में ऑनलाइन क्लासेस चल रहे थे। बच्चे मोबाइल, लैपटॉप और पीसी के जरिये ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे थे। इस चीज को बिना किसी छेड़छाड़ के जैन ऑनलाइन ने आगे बढ़ा दिया है। कुछ चुनिंदा इंस्टीट्यूशंस को यूजीसी और भारत सरकार ने एफिलिएट किया कि आप इसी चीज को ऑनलाइन मोड पर आगे जारी रख सकते हैं। मैं 2020 की बात करूंगा। बच्चे हमारे कैंपस में आये, एनरोल हुए, कुछ महीने क्लास चले और उसके बाद कोरोना का प्रकोप शुरू हुआ। अचानक से लॉकडाउन लग गया। उसके बाद दुर्भाग्यवश बच्चे कॉलेज आ ही नहीं पाये। फिर ऑनलाइन मोड पर ही उनकी पढ़ाई हुई, ऑनलाइन एग्जाम हुए और ऑनलाइन मोड पर ही उनका प्लेसमेंट भी हुआ। जहां तक प्लेसमेंट की बात है, मैं बताऊं कि इसने प्लेसमेंट पर कैसे असर किया। जो कॉरपोरेट कंपनियां हैं, उनके लिए भी यह कांसेप्ट बहुत फायदेमंद रहा। पहले देखा जाता था कि कॉरपोरेट्स की एचआर टीम को कैंपस सेलेक्शन के लिए आना पड़ता था। अभी भी आते हैं, लेकिन मैं कोरोना काल की बात कर रहा हूं। मैं जमशेदपुर के संदर्भ में कहना चाहूंगा कि एयरपोर्ट रांची में है। जमशेदपुर तक सड़क पहले अच्छी नहीं थी। सड़कें आज अच्छी हुई हैं। तो एचआर टीम को जमशेदपुर आने में दिक्क होती थी। लेकिन कोरोना काल ने ऑनलाइन मोड से कॉरपोरेट्स को यह तो सिखा दिया कि यह एक बहुत अच्छा अवसर है, एक अच्छा प्लेटफॉर्म है, जहां एग्जाम ऑनलाइन हो रहा है, रिटेन टेस्ट ऑनलाइन हो रहा है, ग्रुप डिस्कशंस ऑनलाइन हो रहे हैं और बहुत आसानी से हो रहे हैं। कॉरपोरेट्स को यह समझ में आ गया कि अब एचआर टीम को कहीं आने-जाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उनके आने-जाने का एक कॉस्ट होता है, ट्रैवेलिंग टाइम अलग। बच्चों को भी कहीं जाने की जरूरत नहीं। यह बहुत आसानी से ऑनलाइन माध्यम से हो जाता है। इससे कॉरपोरेट्स को फायदा यह हुआ है कि उनकी एचआर टीम की रीच बढ़ गयी है। कहीं गये बिना वे ऑनलाइन माध्यम से बच्चों का इंटरव्यू कर पा रहे हैं। ज्यादा संख्या में आसानी से कर पा रहे हैं। पहले देखा जाता था कि कॉरपोरेट्स मेट्रो शहर तक ही सीमित रह जाते थे। वहीं इंटरव्यू होता था, बच्चों को भी वहीं जाना होता था, लेकिन अब घर बैठे आप इंटरव्यू देते हैं। जॉब लगते ही आपके घर पर लैपटॉप आ जाता है। आप घर से ही वर्क फ्रॉम होम का लुफ्त उठा रहे हैं। कॉरपोरेट्स का भी इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च कम हो जाता है। ऑनलाइन माध्यम से अब एचआर टीम रांची, जमशेदपुर, छत्तीसगढ़ जैसे दूसरी श्रेणी के शहरों तक पहुंच रही है। इससे फायदा यहां के लोकल बच्चों को हुआ है। ब्रेन ड्रेन रुक रहा है। लोकल स्तर पर जो पढ़ाई बच्चों की चार से पांच लाख में हो सकती थी, उसका कॉस्ट दूसरे स्टेट में जाकर 15 से 20 लाख खर्च आता है। रहना, खाना इत्यादि। ब्रेन ड्रेन जो हो रहा है, सो अलग।

● **सवाल: ऑनलाइन कोर्स के फायदे क्या हैं?**


● **जवाब:** ऑनलाइन कोर्स का फायदा यह हुआ है कि आप कहीं से भी पढ़ाई कर सकते हैं। घर से भी आप पढ़ाई कर सकते हैं, ऑफिस में काम कर के भी आप पढ़ाई कर सकते हैं। आप बिजनेस करते हैं, तो आप शॉप में भी टाइम निकाल कर पढ़ाई कर सकते हैं। गृहिणी घर के काम को निपटाकर पढ़ाई कर सकती हैं। इसमें उम्र सीमा भी नहीं है। अभी जो नयी एजुकेशन पॉलिसी इंप्लीमेंट हो रही है, उसके तहत लोगों को यह फायदा हो रहा है कि जिन लोगों ने 20 साल पहले पढ़ाई छोड़ दी थी, कोई भी कारण रहा हो, उनको अब ऑनलाइन के माध्यम से इतना बढिया प्लेटफॉर्म मिला है, जिससे वे अपनी अधूरी पढ़ाई को पूरी कर सकते हैं। खुद को तराश सकते हैं, अपने करियर को बेहतर बना सकते हैं, अपनी सैलरी में वृद्धि कर सकते हैं। ऑनलाइन कोर्स का फायदा उन बच्चों को भी मिल पाता है, जिन्हें पैसों का अभाव होता है। क्योंकि हमारी कोर्स फीस इतनी कम है कि उन्हें पढ़ाई पूरी करने में कहीं कोई दिक्कत नहीं आती। हम पढ़ाई के लिए लोन भी मुहैया करवाते हैं।




> **“** हमारा पहला बैच 2023 अगस्त तक क्लीयर हो जायेगा। प्लेसमेंट की बात करें, तो जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस जाना ही जाता है प्लेसमेंट के लिए। आज की तारीख में सबके पास स्मार्ट फोन है। आप गूगल कर-के आसानी से देख सकते हैं कि जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस बेंगलुरु क्या है। उसका संपूर्ण डाटा आपको मिल जायेगा। जेजीआइ का एक प्रूवेन ट्रैक रिकॉर्ड रहा है 35 सालों का। तभी जेजीआइ नैक ए प्लस प्लस इंस्टीट्यूशन है। नैक आपको ग्रेडिंग देती है और एनआइआरएफ आपको रैंकिंग देती है। इसके भी पैरामीटर नैक जैसे ही टफ हैं। 50 हजार से ज्यादा कॉलेज में हमारा एनआइआरएफ रैंकिंग 68 है।

● **सवाल: आपका ऑनलाइन कोर्स करने का क्या क्राइटेरिया और फीस क्या है?**

● **जवाब:** अगर कोई अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम में आ रहा है, तो उसे बारहवीं में कम से कम 50 प्रतिशत से पास होना चाहिए। पीजी प्रोग्राम में आनेवालों को ग्रेजुएट में 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इसके लिए कोई टेस्ट नहीं होता है। डायरेक्ट एडमिशन होता है। लेकिन 50 प्रतिशत मार्क्स होने चाहिए। अभी पिछले साल ही बहुत कम समय में हमने एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। 45 हजार से ज्यादा ऑनलाइन एडमिशन हुए हैं हमारे यहां। भारत की आजादी के बाद तो आज तक ऐसा नहीं हुआ था कि एक पर्टिकुलर सेशन के लिए किसी ने इतनी बड़ी संख्या में एनरोल किया हो। एक बात और बता दें कि एनरोलमेंट सिर्फ भारत से ही नहीं है, मिडिल इस्ट से भी है, साउथ एशियाई देशों से भी है, यूरोप से भी है, अमेरिका में बसे एनआरआइ लोगों ने भी एनरोल कराया है। यह अब हाथों-हाथ लिया जाने वाला कोर्स बन चुका है, क्योंकि इसका खर्च बहुत कम आता है। अगर आप हायर एजुकेशन के लिए कहीं जाते हैं, तो आप मान कर चलिए कि किसी भी अच्छे कॉलेज में आप एडमिशन लेंगे, तो कम से कम पांच से छह लाख रुपये आपके लग ही जाते हैं। लेकिन जैन ऑनलाइन में पीजी का ऑनलाइन कोर्स आप मात्र डेढ़ लाख रुपये में कर लेते हैं। जैसे एमबीए हुआ और भी कई सारे पीजी के कोर्सेज की डिग्री मात्र डेढ़ लाख, पूरे दो साल के कोर्स की फीस है। आपको डिग्री मिलती है। इसके अलावा और कोई खर्च नहीं है। और खर्च लगे भी, तो क्यों लगे। मैं न तो आपको कोई इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट दे रहा हूं, न ही कोई ट्रांस्पोर्टेशन का खर्चा है। तो वह कॉस्ट आयेगा ही नहीं। ये जो डेढ़ लाख लगता है, यह ट्यूशन चार्जेज में ही जाता है। और कहीं भी कोई खर्च आपको वहन नहीं करना।




> **“** अगर आप हायर एजुकेशन के लिए कहीं जाते हैं, तो आप मान कर चलिए कि किसी भी अच्छे कॉलेज में आप एडमिशन लेंगे, तो कम से कम पांच से छह लाख रुपये आपके लग ही जाते हैं। लेकिन जैन ऑनलाइन में पीजी का ऑनलाइन कोर्स आप मात्र डेढ़ लाख रुपये में कर लेते हैं। जैसे एमबीए हुआ और भी कई सारे पीजी के कोर्सेज की डिग्री मात्र डेढ़ लाख, पूरे दो साल के कोर्स की फीस है। आपको डिग्री मिलती है। इसके अलावा और कोई खर्च नहीं है।

● **सवाल: अपनी फैकल्टी के बारे में बतायें?**

● **जवाब:** फैकल्टी मेंबर्स लोकल नहीं हैं। वे ग्लोबल फैकल्टी हैं। ग्लोबल फैकल्टी का मतलब ये टॉप के मैनेजमेंट गुरु हैं। उन्हें आप गूगल भी कर सकते हैं, जिनका एक ट्रैक रिकॉर्ड है 20 से 25 सालों का। इसके अलावा यूरोपियन देशों से, मिडिल इस्ट देशों से मैनेजमेंट गुरु हमारे बच्चों को पढ़ाते हैं।

● **सवाल: जैन ऑनलाइन का फर्स्ट बैच कब कंप्लीट होनेवाला है और प्लेसमेंट कैसे होगा?**

● **जवाब:** हमारा पहला बैच 2023 अगस्त तक क्लीयर हो जायेगा। प्लेसमेंट की बात करें, तो जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस जाना ही जाता है प्लेसमेंट के लिए। आज की तारीख में सबके पास स्मार्ट फोन है। आप गूगल करके आसानी से देख सकते हैं कि जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस बेंगलुरु क्या है। उसका संपूर्ण डाटा आपको मिल जायेगा। जेजीआइ का एक प्रूवेन ट्रैक रिकॉर्ड रहा है 35 सालों का। तभी जेजीआइ नैक ए प्लस प्लस इंस्टीट्यूशन है। नैक एक गवर्नमेंट बॉडी है। इसका काम होता है, जो पुरानी और अच्छी संस्थाएं हैं, जो बेस्ट होने का क्लेम करती हैं, उनको रेट करना। इनका पैरामीटर बहुत ही कठिन होता है। इसकी ग्रेडिंग लेने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है।

नैक देखता है कि संस्थान का ट्रैक रिकॉर्ड कैसा है, फैकल्टी कैसी है, आपका डिलीवरी कंटेंट कैसा है, जिन बच्चों को आप पढ़ाते हैं, उनका प्लेसमेंट कितना हो पाता है। प्लेसमेंट के लिए कंपनियां कैसी और कितनी आती हैं। पूरे भारतवर्ष में मिला-जुला कर करीब 50 हजार इंस्टीट्यूशंस हैं। उस 50 हजार से ज्यादा इंस्टीट्यूशंस में आप टॉप 100 रैंक के ब्रैकेट में आते हैं, तो यह कहना काफी होता है कि आपका इंस्टीट्यूशन सच एक अच्छा इंस्टीट्यूशन है। आप कहीं और नहीं, तो कम से कम आइआइएम, एक्सएलआरआइ के साथ पोडियम शेयर करते हैं। जो भी अच्छे इंस्टीट्यूशंस हैं, उनके साथ आप पोडियम शेयर करते हैं। एक एनआइआरएफ भी ग्रेडिंग संस्था है। नैक आपको ग्रेडिंग देती है और एनआइआरएफ आपको रैंकिंग देती है। इसके भी पैरामीटर नैक जैसे ही टफ हैं। 50 हजार से ज्यादा कॉलेज में हमारा एनआइआरएफ रैंकिंग 68 है। यह खुद में बहुत अच्छा माना जाता है। इसी से आप समझ सकते हैं कि हमारा प्लेसमेंट भी कितना बेहतरीन होगा। जैन ऑनलाइन में दाखिला लेने के लिए आप **एचओडी रविशंकर ठाकुर** से संपर्क कर सकते हैं। **मोबाइल नंबर है 9798452362.**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
189200 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.4 °c | 22.3 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.32 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.20 बजे |



## मानसून सत्र : राज्य को सुखाड़ घोषित करने और नियोजन नीति को लेकर भाजपा विधायकों ने किया प्रदर्शन

# 11.988 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पारित, भाजपा का वॉकआउट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में मंगलवार को जम कर हंगामा हुआ। हंगामे के बीच अनुपूरक बजट पर सत्ता और विपक्ष के सदस्यों ने सदन में अपनी बात रखी। दोपहर बाद बीजेपी विधायकों के वॉकआउट के बीच 11.988 हजार करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट सदन से हुआ पास। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गयी।

### भाजपा स्थानीय और नियोजन नीति चाहती है, तो राजभवन से जल्द संदेश भिजवाये

झारखंड विधानसभा में भाजपा द्वारा स्थानीय नियोजन नीति के नाम पर बार-बार सदन बाधित करने को लेकर कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने तीखा हमला बोला। अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि इसी हाउस ने स्पेशल सत्र बुला कर 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति और ओबीसी आरक्षण 27% करने का बिल पास किया था। मगर राजभवन ने इस बिल को वापस कर दिया। वह भी संवैधानिक प्रक्रिया को ताक पर रख कर। इतने महीने बाद भी राजभवन ने अपना संदेश विधानसभा सचिवालय को नहीं भिजवाया है। वाकई में भाजपा ईमानदारीपूर्वक चाहती है कि 1932 के आधार पर स्थानीय नियोजन नीति बने और ओबीसी को आरक्षण मिले, तो भाजपा राजभवन जाकर राज्यपाल का संदेश विधानसभा सचिवालय को भिजवाये। इस मामले में राजनीति ना करे। भाजपा समर्थित बिहार और यूपी के लोगों ने ही हेमंत सरकार की स्थानीय नीति को कोर्ट में चैलेंज किया है। अब यही लोग फिर पिछले दरवाजे से राजभवन द्वारा इन तीनों नीति को लटकाने का काम करवा रहे हैं। सदन में ड्रामा कर रहे हैं। लोगों को बरगला रहे हैं, पर राज्य की जनता सारा कुछ समझ चुकी है। भाजपा को स्थानीय नियोजन नीति पर बोलने का हक नहीं है। इसी सदन में ये लोग कहते हैं कि नियुक्ति नहीं हो रही है और जब सरकार नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करती है, तो ये लोग बोलते हैं कि शिक्षक नियुक्ति को कोर्ट में चैलेंज करेंगे। भाजपा के लोगों का चाल, चेहरा और चरित्र झारखंड के सभी लोग देख रहे हैं। जनता ही इनको जवाब देगी।

### जन जागरूकता के लिए सीएम हेमंत सोरेन ने रवाना किया एलइडी प्रचार वाहन



रांची (आजाद सिपाही)। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता के लिए झारखंड विधानसभा परिसर से एलइडी प्रचार वाहन को सीएम ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, मंत्री आलमगीर आलम, विभागीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री बादल, मंत्री हफिज़ुल हसन अंसारी के अलावा अन्य विधायक उपस्थित थे। प्रचार रथ को रवाना करने के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि इस एलइडी वाहन की मॉनिटरिंग राज्य सरकार करेगी। साथ ही इस वाहन में आधी हिस्सेदारी केंद्र सरकार और आधा राज्य सरकार की होगी।

### 100 यूनिट फ्री बिजली का फायदा नहीं उठा पा रहे आदिवासी: प्रदीप यादव

रांची। झारखंड विधानसभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक सौ यूनिट फ्री बिजली का लाभ झारखंड के आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग नहीं उठा पा रहे हैं। राज्य के कई ऐसे आदिवासी बहुल क्षेत्र हैं, जहां अभी तक बिजली विभाग ने मीटर ही नहीं लगाया है, जिसके कारण उन्हें फिक्स बिजली बिल का भुगतान करना पड़ रहा है। इसलिए बिजली विभाग सरकार की योजना पर पानी फेरने का काम बंद करे और जल्द से जल्द मीटर लगाने का काम शुरू करे, ताकि इस योजना का फायदा आदिवासी समाज को मिल सके।

### सभी किसानों की कर्जमाफी करे सरकार

प्रदीप यादव ने कहा कि झारखंड फिर सूखे की चपेट में आनेवाला है। अभी तक सूखा राहत की राशि 32 लाख में से मात्र 12 लाख किसानों को ही मिली है। वहीं 60% किसानों की ही कर्जमाफी हो सकी है, यानी 40% किसान अभी भी इस योजना के लाभ से वंचित हैं। इसलिए सरकार जल्द से जल्द सभी किसानों की कर्जमाफी करे।

### लोबिन हेंब्रम ने बादल को घेरा, कहा- सदन को गुमराह कर रहे हैं मंत्री

**रांची।** जेएमएम विधायक लोबिन हेंब्रम ने सदन में आरोप लगाया कि झारखंड में ग्रामसभा की सहमति के बिना खनन पट्टे स्वीकृत किये जा रहे हैं। सरकार की ओर से जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री बादल ने कहा कि झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 के नियम 13 के तहत लघु खनिज के खनन पट्टे की स्वीकृति के लिए अनुसूचित जनजाति सहयोग समिति को प्राथमिकता दिये जाने का प्रावधान है। नियम 11 (क) के तहत अनुसूचित क्षेत्र में खनन पट्टे की स्वीकृति से पहले ग्रामसभा की स्वतंत्र और पूर्ण सहमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। मंत्री ने कहा कि इस नियम का पालन किया जा रहा है। इस पर लोबिन हेंब्रम ने कहा कि मंत्री सदन को गुमराह कर रहे हैं। ग्रामसभा किये बिना राज्यभर में माइंस लीज पर दी जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि विधायक कोई भी एक मामला बतायें, सरकार चलते सत्र में कार्रवाई करेगी। इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम जवाब देने के लिए खड़े हुए और कहा कि ग्रामसभा के माध्यम से लीज का आवंटन होता है। उन्होंने कहा कि माननीय सदस्य (लोबिन हेंब्रम) कई बार खनन पट्टा को लेकर कह चुके हैं, वह मेरे मित्र हैं जरा देख लेंगे।




## 'नियमावली से रोजगार नहीं, मिलेगी जेल'

**विधायक अमित मंडल ने कहा-युवाओं की आवाज कुचलने के लिए हेमंत सरकार ला रही नियमावली, पूछेंगे सवाल तो जायेंगे जेल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक अमित मंडल ने बताया कि राज्य सरकार युवाओं की आवाज को दबाने के लिए रोजगार नियोजन से जुड़ी एक नियमावली ला रही है। उसे झारखंड प्रतियोगिता परीक्षा नियमावली नाम दिया गया है। इसमें कई तरह की बातें हैं, जो युवाओं के खिलाफ हैं। इसमें एक अहम बात यह है कि कोई भी व्यक्ति अगर नियमावली को लेकर, इससे जुड़े कर्मचारी, उनके रिश्तेदार या मित्र पर किसी तरह की टिप्पणी करता है, तो उस पर एफआइआर की जायेगी। अमित मंडल ने कहा कि सरकार इस बिल को लाकर बोलने के अधिकार को छीनना चाहती है।



### कहा-सवाल उठाये तो गये जेल

उन्होंने बताया कि इस नियमावली में एक क्लाउज यह भी है कि अगर परीक्षा के प्रश्न, इसके स्वरूप आदि को लेकर किसी ने टीका टिप्पणी की, तो ऐसे व्यक्तियों पर भी एफआइआर किया जायेगा। इसका मतलब है कि अगर आप जेपीएससी पर सवाल उठाते हैं, जेएसएससी पर सवाल उठाते हैं, तो आप पर कार्रवाई की जायेगी।

### दो से 10 साल का मिलेगा डिबार

इस नियमावली में यह भी कहा गया है कि अगर कोई अभ्यर्थी नियमावली पर सवाल खड़ा करता है, तो उसे दो से 10 साल तक के लिए राज्य सरकार की किसी भी परीक्षा में शामिल होने से वंचित किया जायेगा। अमित मंडल ने कहा कि अगर आप अपने हक के लिए आंदोलन करते हैं, तो आपको डिबार झेलना होगा।

### बिना पड़ताल भेजे जायेंगे जेल

नियमावली के संबंध में अमित मंडल ने बताया कि यह नियमावली राज्य सरकार का तुगलकी फरमान है। इसके तहत अगर किसी उम्मीदवार पर इस नियमावली के तहत एफआइआर होती है, तो बिना किसी जांच-पड़ताल के भी आपको गिरफ्तार किया जा सकता है। इसी में यह बात जुड़ा हुई है कि गिरफ्तारी के लिए किसी भी अधिकारी के अनुमोदन की जरूरत नहीं होगी। अमित मंडल ने बताया कि बिल की कॉपी मिली है। फिर यह प्रवर समिति में जायेगी। इसके बाद इस पर बहस होगी। इस बिल का हम लोग हर हाल में विरोध करेंगे।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा। |
| वृष | कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी। |
| मिथुन | कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी। |
| कर्क | शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे, खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है। |
| सिंह | राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है। |
| कन्या | प्रयास से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवाभगत में व्यस्त रहेंगे। |
| तुला | संपति संबंधी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा, कहीं से शुभ समाचार मिलेगा। |
| वृश्चिक | नये-नये लोगों से संपर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी। |
| धनु | आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे, नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी। |
| मकर | अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी। |
| कुंभ | सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, गृह-भूमि-वाहन का सुख। |
| मीन | लंबित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकते है। |

### भाजपा विधायकों ने राज्य को सुखाड़ घोषित करने की मांग की


**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा के विधायकों ने सदन की सीढ़ियों पर बैठ प्रदर्शन किया। विधायक अनंत ओझा, बिरंची नारायण, मेनका सरदार आदि ने नियोजन नीति, किसानों की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। वहीं मेनका सरदार ने हाथों में तख्ती लेकर धनबाद के निरसा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांड्रा को अविलंब चालू करने की मांग की। वहीं अनंत ओझा ने राज्य में मौसम की स्थिति को देखते हुए झारखंड राज्य को सूखा घोषित करने की मांग की। सुखाड़ और नियोजन नीति को लेकर कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि सरकार काम कर रही है। भाजपा को बेवजह पेट में दर्द हो रहा है।

## कैंसर को तत्काल अधिसूचित बीमारियों की श्रेणी में डाला जाये : संजय सेठ

**संजय सेठ ने लोकसभा में उठाया मुद्दा, झारखंड में भी 93 हजार लोगों की मौत कैंसर से हो चुकी है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में नियम 377 के तहत कैंसर को अधिसूचित बीमारी की सूची में डालने से संबंधित मामला उठाया। उन्होंने लोकसभा में कहा कि कैंसर की बीमारी देश की बड़ी समस्या बन चुकी है। देश में यह जिस गति से बढ़ रही है, वह भयावह है। इस दिशा में हमें ठोस काम करने की आवश्यकता है। सांसद ने यह जानकारी प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी है। सेठ के मुताबिक, उन्होंने आंकड़ों पर चर्चा करते हुए कहा कि सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भारत में औसतन हर नौवें आदमी को कैंसर है। नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के आंकड़े का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि साल 2018 से 2022 के बीच भारत में साढ़े 38 लाख से भी अधिक कैंसर मरीजों की मौत हुई है। झारखंड में भी इसी दौरान 93 हजार 648 लोगों की मौतें कैंसर से हुई हैं। उन्होंने संसद में अनुरोध किया कि कैंसर की भयावह स्थिति के मद्देनजर इसे तत्काल अधिसूचित बीमारियों की श्रेणी में डाला जाये। इससे हम हर केस की ट्रैकिंग कर सकेंगे और फिर हमारे पास सटीक आंकड़े भी होंगे। इससे हम कैंसर से अधिक मजबूती से लड़ पायेंगे। कैंसर से संबंधित मामलों के लिए बनी संसदीय समिति पहले ही इसकी सिफारिश कर चुकी है।



## बाबूलाल मरांडी ने दी प्रधानमंत्री को बधाई

**पुणे में प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हुए प्रधानमंत्री**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर झारखंड की जनता की ओर से कोटि कोटि बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री मरांडी ने कहा कि राष्ट्र के लिए सदा त्याग की भावना से से जनता जनार्दन के जीवन में बदलाव लाने, अंत्योदय के संकल्प को पूरा करने हेतु सतत प्रयत्न करनेवाले प्रधानमंत्री करोड़ों लोगों के प्रेरणा पुंज हैं। लोकमान्य तिलक की तरह भारत के सांस्कृतिक गौरव को प्रतिष्ठित करने में अद्वितीय पहल की जनता मुक्तकंठ से सराहना कर रही।



## राष्ट्रपति से मिले रघुवर दास, कहा
# झारखंड में आदिवासियों पर बढ़ा अत्याचार

**केंद्रीय मंत्रियों से मिल कर रेल, हवाई सेवा के विस्तार और साहिबगंज मल्टीमॉडल हब पर चर्चा की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री औरभाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने मंगलवार को नयी दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड में बढ़ते भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राज्य में महिलाओं और आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ गये हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति दिन पर दिन चौपट होती जा रही है। राज्य में बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं।



इसके बाद रघुवर दास ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की। इसमें उन्होंने बताया कि धालभूमगढ़ में बनने वाले एयरपोर्ट के लिए वन विभाग की आपत्तियों और अड़चनों को दूर कर लिया गया है। कुछ कानूनी अड़चनें हैं, उन्हें दूर कर जल्द से जल्द एयरपोर्ट निर्माण का कार्य शुरू करने का आग्रह किया। इस पर सिंधिया ने सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके साथ ही उड़ान योजना के तहत तैयार दुमका, पलामू के चियांकी और बोकारो एयरपोर्ट से भी जल्द उड़ान शुरू करने का आग्रह किया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने शीघ्र विमान सेवा शुरू करने के लिए आश्वस्त किया।

इसके बाद केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात के दौरान उन्होंने टाटा-दानापुर एक्सप्रेस को बक्सर तक बढ़ाने का आग्रह किया। इस पर रेल मंत्री ने अधिकारियों को जल्द कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही रांची-जमशेदपुर भाया कांड्रा होकर नयी रेल लाइन के निर्माण के लिए डीपीआर बनाने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। इनके साथ ही पूर्वा एक्सप्रेस को रामपुरहाट-दुमका-जसीडीह मार्ग से चलने, दुमका से नयी दिल्ली के लिए नयी ट्रेन, गोड्डा-नयी दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस का दुमका तक विस्तार, विक्रमशिला एक्सप्रेस को दुमका से खोलने तथा दुमका-जामताड़ा नयी रेल लाइन की मंजूरी का आग्रह किया। रेल मंत्री ने जल्द निर्णय का भरोसा दिलाया।

केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री श्री शांतनु ठाकुर से मुलाकात कर साहिबगंज में तैयार मल्टीमॉडल हब के दूसरे चरण का कार्य शीघ्रता से शुरू करने का आग्रह किया। इस पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने यथाशीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मंत्रियों से मुलाकात के दौरान दुमका के सांसद सुनील सोरेन भी उनके साथ उपस्थित थे।

## विधानसभा में सीएम हेमंत सोरेन से राजेश ठाकुर और आलमगीर ने मुलाकात की
# राज्य अल्पसंख्यक आयोग और वक्फ बोर्ड का गठन करने का किया आग्रह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने मुलाकात की। भेंट-वार्ता के क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उन्होंने राज्य में अल्पसंख्यक आयोग और वक्फ बोर्ड के गठन की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने का आग्रह किया। झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और मंत्री आलमगीर आलम ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि राज्य में अल्पसंख्यकों के समुचित विकास के लिए अल्पसंख्यक आयोग और वक्फ बोर्ड का गठन होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय को राज्य सरकार से काफी उम्मीद और अपेक्षाएं हैं। मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य अल्पसंख्यक आयोग एवं वक्फ बोर्ड के गठन की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने का भरोसा उन्हें दिया है।

**सीएम ने प्रक्रिया जल्द पूरा करने का दिया भरोसा**

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 02 अगस्त 2023
www.azadsipahi.in



## डैम में नहाने गये किशोर की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित कुपाय डैम में मंगलवार की सुबह अपने परिवार के साथ नहाने गए एक 15 वर्षीय किशोर की डैम में डूबने से मौत हो गई। डैम में किशोर करीब 2 घंटे तक डूबा रहा। इस दौरान परिजन और स्थानीय लोगों ने किशोर को निकालने का प्रयास किया करीब 2 घंटे के बाद डैम में डूबे किशोर को बाहर निकाला गया। जिसके बाद किशोर के शरीर में थोड़ी हलचल देखने के बाद परिजन तत्काल उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की पहचान डोमचांच थाना क्षेत्र के महथाडीह निवासी आदित्य कुमार (उम्र 17 वर्ष पिता स्वर्गीय अजय साव) के रूप में हुई है। किशोर के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार उनके परिवार में एक व्यक्ति का निधन हो गया था। जिसके बाद 21 दिन पूरा होने पर परिवार के सभी लोग कुपाय डैम नहाने के लिए गए थे। इस दौरान आदित्य कुमार पानी में डूब गया था। लोग आदित्य को सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना पाकर डोमचांच पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## डीएवी स्कूल में ब्लैक एंड व्हाइट डे का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया में पाठ्य सहगामी क्रिया कलापों के अंतर्गत एलकेजी से दूसरी कक्षा के बच्चों के बीच ब्लैक एंड ह्वाइट डे का आयोजन हुआ। इस आयोजन में नन्हें- मुन्ने बच्चे अलग-अलग काले व सफेद रंग की वेशभूषा में बड़े ही प्यारे और आकर्षक लग रहे थे। बच्चे बड़े ही उत्साह और जोश के साथ इस शो का हिस्सा बने। इस आयोजन में एलकेजी के आभाष कुमार, विहान कुमार, आदर्श राज और आरोह टिमटिमाते हुए तारे बने। वहीं जयदीप, प्रीति राज, समाइरा और दक्ष चौधरी चांद बनकर अपनी चमक बिखेरे। यूकेजी की मायरा वर्मा और दक्षित कुमार गाय, निहाल मेहता, सृष्टि कुमारी, राजदीप तारे बनकर मनमोहक छटा बिखेरे। तेजसमांझी, सुहासिनी, आद्या सिंह और मोहम्मद तंजील चांद बनें। प्रणव खरगोश, युवान पांडा, उज्ज्वल राज हीरो, पुनीत महतो और अक्षित उल्लू, शिवांश अग्निहोत्री टाइटन और अश्मि पाठक चमगादड़ बन सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने ब्लैक एंड व्हाइट डे में शामिल हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सीसीए एक ऐसा प्लेटफार्म है जिनके माध्यम से बच्चे अपनी कला व प्रतिभा को प्रदर्शित करते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन सीसीए इंचार्ज श्वेता सिंह, मेहजबी प्रवीण और अनुराधा निशाद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## तीजा खेल में दर्जनों टीमों ने लिया भाग



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** यादे हुसैन मोहर्रम कमेटी कर्बलानगर, दरगाह मुहल्ला, चौक मुहल्ला, शाहगंज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीजा खेल में कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह जिले के दर्जनों टीमों ने भाग लिया। दिनभर टीमों के द्वारा बारी बारी से लाठी, भाला, तलवार समेत कई जोखिम भरे खेलों का प्रदर्शन किया गया। खेले गये खेलों में इस्लामिया क्लब दूल्हों ने खेल के दौरान अपना करतब दिखाते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि सुभाष यादव ने शील्ड व 5 हजार की राशि देकर सम्मानित किया। राजद के वरीय नेता सुभाष यादव ने प्रतियोगिता में भाग लेने आई सभी टीमों को अपनी ओर से दो दो हजार का प्रोत्साहन राशि देकर उनका हौसला अफजाई किया। द्वितीय स्थान पर वाई एम सी क्लब माधोपुर व के जी एन क्लब गादी ने कब्जा जमाया। जिसे अंचल निरीक्षक डोमचांच अवधेश सिंह व थानाप्रभारी लव कुमार, प्रमुख बिजय कुमार सिंह, जावेद अख्तर, सरफुद्दीन अंसारी ने शील्ड देकर व 2500 नकद देकर सम्मानित किया गया। वहीं तृतीय स्थान पर समा क्लब लालुडीह व जुल्फिकार लश्कर क्लब असनाबाद ने प्राप्त किया जिसे सदर अहमद हुसैन, इलियास अंसारी, मो खलील अंसारी व दिवाकर तिवारी ने शील्ड देकर सम्मानित किया। सारा शील्ड व कप समाजसेवी डॉ जावेद अख्तर के द्वारा मुहैया कराया गया। मौके पर जिप सदस्य राजकुमार यादव, कैलाश यादव, रविशंकर तिवारी मंटू, 20 सूत्री अध्यक्ष रविशंकर सिंह रिंकू, मुखिया सुनील यादव, राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठके जिला अध्यक्ष सरफुद्दीन अंसारी, भुनेश्वर यादव, शिवशंकर यादव, मो यूसुफ, नौशाद आलम, महताब आलम, शाबिर अली, मकबुल अंसारी एरकान शाह, अबुल अंसारी, मिन्हाज अंसारी, अनेश्वर सिंह, मंजूर अंसारी, मोजमिल आलम, हबीब मस्तान, करीम अंसारी, मिन्हाज अंसारी, इमरान आलम समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक ने देखी संसद के मानसून सत्र की कार्यवाही



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** भारतीय लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर संसद भवन के दोनों सदनों मे चल रहे मानसून सत्र मे विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक अनिल कुमार, तिलैया के व्यवसायी मुकेश कुमार व प्रवीण कुमार सिन्हा शामिल हुए। अनिल कुमार ने बताया कि लोकसभा की कार्यवाही को दर्शक दीर्घा मे बैठकर देखना काफी रोमांचक व अविस्मरणीय रहा। हांलाकि हंगामे के कारण सत्र पूर्ण रूप से चल नहीं पा रहा है। लोकसभा के कार्यवाही खत्म होने के बाद सांसद व केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने संसदीय क्षेत्र से पहुंचे सभी दर्शकों को अपने साथ लोकसभा, सेंट्रल हॉल, सविधान कक्ष के साथ साथ पूरे संसद भवन का भ्रमण करवाया। साथ ही साथ कई मंत्रियो, लोकसभा व राज्यसभा के सांसदो से मुलाकात व परिचय भी करवाया। जिसमे मुख्य रूप से महिला युवा फायर ब्रांड नेता नवनीत रवि राणा और सांसद व विचारक राकेश सिन्हा शामिल हैं।

## डोमचांच में रॉयल होटल का उद्घाटन



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्यमार्ग में छाबड़ा पेट्रोल पंप के निकट रॉयल होटल का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र मेहता ने फीता काट कर किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र मेहता ने कहा कि होटल खुलने से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। हम ईश्वर से कामना करते हैं कि होटल का सफल संचालन हो और वह लोगों को उनके अनुरूप सुविधायें प्रदान करें। होटल के संचालक परमानंद कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारे होटल में ग्राहकों के लिए उत्तम व्यवस्था के साथ भेज नॉनवेज आदि व्यंजनों में कई अन्य प्रकार के व्यंजन उपलब्ध उचित मूल्य दर पर होगे। साथ ही पार्टी बर्थडे भी होटल में मना सकते हैं। उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता राजेश सिंह, अजय पांडेय, बसंत मेहता, प्रभाकर लाल रावत, रौशन सिन्हा, अजय सिंह, अशोक मेहता, अनिल पांडेय, पवन वर्णवाल सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## मणिपुर की घटना के विरोध में धरना



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** मणिपुर में घटित घटना के विरोध में मंगलवार को एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन झामुमो के जिला संगठन सचिव मो कुदुश के नेतृत्व में किया गया। धरना कार्यक्रम से पूर्व सैकड़ों की संख्या में बाइक रैली निकाली गयी जो कोडरमा समाहरणालय पहुच कर सभा मे तब्दील हो गई। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पांडेय, मो कयूम, मो शौकत, मो मिन्हाज, मो सरफराज, मो आफताब, मो मोइन, मो गुलाम, मो नसीम, मो सफदर, मो अल्ताफ, मो ताहिर, मो अफजल समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### इंडियन नेशनल डेवलपमेंट एलायंस के तत्वावधान में एकदिवसीय धरना दिया गया

# मणिपुर से वीभत्स कुछ नहीं हो सकताः पूर्व सांसद

**मणिपुर के लिए दो शब्द नहीं थे प्रधानमंत्री के पासः सौरभ नारायण सिंह**

**मणिपुर की घटना शर्मनाक, घटना से देश का सिर झुकाः कमल नयन सिंह**

**राहुल गांधी सर्वमान्य नेता, उनको हर समुदाय ने गले लगायाः मुन्ना सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** आदिवासी महिलाओं के साथ मणिपुर में हुई शर्मनाक घटना के खिलाफ पुराना समाहरणालय स्थित धरना स्थल पर इंडियन नेशनल डेवलपमेंट एलायंस (इंडिया) गठबंधन के तत्वावधान में एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने किया। उपस्थित वक्ताओ ने कहा की मणिपुर की शर्मनाक घटना पर सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया तब मात्र छत्तीस सेकेंड के लिए प्रधानमंत्री ने अपना मुंह खोला।

पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि जो कुछ मणिपुर में हुआ है उससे वीभत्स कुछ नहीं हो सकता। पूरा देश का सर झुकाने वाला पूर्वोत्तर जल रहा है। पूर्व विधायक सौरभ नरायाण सिंह ने कहा कि विदेशों में प्रधानमंत्री जी भाषण बड़ी-बड़ी देते हैं पर मणिपुर के लिए दो शब्द नहीं थे। मणिपुर पर कम राजस्थान और छत्तीसगढ़ पर भाषण देकर इस तरही की घटना पर भी राजनीतिकरण करने का काम किया।

झामुमो के केंद्रीय सदस्य डॉ कमल नयन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जी मन की बात करते है पर जन की बात कभी नहीं करते। लानत है ऐसी राजनीति पर।

मुन्ना सिंह ने कहा कि हमे गर्व है अपने नेता राहुल गांधी पर तमाम व्यवधान के बीच वो गये और उनको हर समुदाय ने गले से लगाया। पूर्व विधायक गौतम सागर राणा ने कहा कि यह बात बिल्कुल साफ हो गई कि भाजपा में महिलाओं का सम्मान नहीं है। आरजेडी के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद बेल लेकर हंस रहा रहा है बहनों के साथ बदतमीजी कर रहा है देश को मेडल दिलाने वाली बेटियां उनकी हंसी पर अपने आप को बेवश महसूस कर रही है। धरना को कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी आरसी प्रसाद मेहता, बिनोद कुशवाहा, निसार खान, मनोज नारायण भगत, शशि सिंह, मिथिलेश दुबे, रजी अहमद, दिगम्बर प्रसाद मेहता, साजिद अलि खान, प्रकाश यादव, इकबाल रजा, जदयू के प्रभु दयाल कुशवाहा, प्रिती राणा, मिथिलेश सिंह, आरजेडी के हिरामन यादव उर्फ चरका यादव, पूनम यादव, बंसत मेहता, निरज यादव सीपीआइ के महेंद्र राम, मो. अब्दुल मजीद, अवध कुमार वर्मा, नेजाम अंसारी सीपीएम के विपिन सिन्हा, ईश्वर महतो, तापेश्वर महतो, लक्ष्मी नरायण सिंह, आम आदमी पार्टी के देव चव्हाण, सुशांत कुमार, नवनीत आन्नद, रीतलाल महतो, झामुमो के कौलेश्वर इलियास अंसारी, मो. इजहार, जाशो देवी, दिलीप वर्मा, बरकत अली, मनोहर राम, बिनोद विश्वकर्मा, निसार ने भी संबोधित किया। मौके पर अजीम खान, दीपक गुप्ता, मकसुद आलम, अनवर हुसैन, दिलीप कुमार रवि, विजय कुमार सिंह, मनीषा टोप्पो, बेबी देवी, कुमारी बाखला, असगरी अंजुम, चंद्रशेखर आजाद, मुकेश पासवान, मनोज मोदी, अब्बास अंसारी, सत्यनारायण प्रसाद, अब्दुल मन्नान वारसी, नरसिंह प्रजापति, गोवर्धन गंजू, मो. नौशाद अजीत कुमार सिंह, लालमोहन रविदास समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय ध्वज के साथ छेड़छाड़ कर अशोक चक्र की जगह चांद-तारा बनानेवाले युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चौपारण।** चौपारण प्रतेक पर्व त्योहारों के तरह मोहर्रम पर्व मैं भी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गयी। जिसमे प्रत्येक धर्म और समुदाय, समाज के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित किया गये। पर्व को लेकर शांति पूर्वक प्रत्येक धर्म व पर्व को मानने की आजादी है। इसके वावजूद 29 जुलाई को मुहर्रम त्योहार के जुलूस में चौपारण बाजार स्थित ताजपुर के पास कुछ लड़कों द्वारा चांद-तारा लगा तिरंगा झंडा फहराये जाने का विडियो वायरल किया गया था। वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार घटना की सत्यता की जांच कर कांड में संलिप्त युवकों पर उक्त निर्देश के आलोक में मुर्रहम के दिन प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल के साथ टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा प्राप्त विडियो फुटेज, जुलूस में शामिल स्थानीय व्यक्ति और अन्य सूचना स्त्रोत के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त कार्य में शामिल दो अभियुक्त चौपारण थाना क्षेत्र के ग्राम ताजपुर निवासी मो0 फरहान पिता मो0 मिस्टर आलम, मो0 आदिल पिता मो0 की पहचान की गयी। उक्त दोनो व्यक्ति को पुछताछ हेतु थाना लाया गया तथा पुछताछ के क्रम में वे उस घटना में अपनी संलिप्ता को स्वीकार किया, तत्पश्चात मुहर्रम के दिन फहराये गये चांद तारा युक्त तिरंगा झंडा को जप्त किया गया। इस संबंध में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी द्वारा दिये गये आवेदन पर चौपारण थाना कांड सं0- 321/23 दिनांक 31/07/23 धारा- 341 / 353/295(अ)/ 153(अ)/120(इ) भा0द0वि0 और राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 दर्ज कर उक्त कांड में दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वहीं इस घटना क्रम में शामिल अन्य लोगों व प्रत्येक बिंदु पर जांच की जा रही है दोषी पाये जाने वाले लोगों के विरुद्ध संवैधानिक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# 18 लाख की पाइप चोरी के मामले में पांच गिरफ्तार

बिनोद

**जयनगर।** थाना कांड संख्या 156/23 का उद्भेदन जयनगर पुलिस ने किया है और 18 लाख की पाइप चोरी मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी प्रेंस कांफ्रेंस कर एएसपी प्रवीण पुष्कर ने दिया। मंगलवार को उन्होंने बताया कि सूरजमल ओंकारमल कंपनी के मालिक वादी विजय भोजनीया पिता मोतीलाल भोजनिया, झुमरीतिलैया के लिखित आवेदन दिया था। आवेदन के अनुसार अज्ञात चोरों के द्वारा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत ग्राम सतडीहा में टंकी निर्माण के लिए पंचायत भवन के सामने रखे 127 पाइपों की चोरी हो गयी थी। छापेमारी के दौरान अशरफ अंसारी पिता दाऊद अंसारी, मुर्गाबनी, पोस्ट जंगलपुर थाना गोविंदपुर, धनबाद, अशोक भुईया पिता महेंद्र भुईया, मधु भुईया पिता लक्ष्मण भुईया, श्रवण कुमार पिता सरजू महतो, शंकर भुईया पिता कुलेश्वर भुईया, ग्राम धनसर, थाना धनसर जिला धनबाद को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर चोरी की गयी पाइप को गझंडी रोड स्थित अंकित केडिया के अंजनी सुत प्राइवेट लिमिटेड के फैक्ट्री से बरामद किया। बताते चलें कि इस कांड में 300 एमएम, 200 एमएम एवं 150 एमएम के कुल 124 पाइप सहित, काला रंग का डीवीआर, घटना कार्य करने में प्रयोग में लाए गए 12 चक्का ट्रक वाहन जेएच 09 पी - 6361, स्विफ्ट कार जेएच 10 सीएच 8960 और स्मार्टफोन सहित कई प्रकार के दस्तावेज बरामद किये गये हैं। छापेमारी दल में जयनगर तथा कोडरमा के पुलिस पदाधिकारी सम्मिलित थे। गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। मौके पर जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार पासवान, पंचम तिग्गा, अमित कुमार सहित कई पुलिस जवान मौजूद थे।

### दूध देनेवाले ने ही साजिश रच करायी थी जेवरात की चोरी

# तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** बंशीलाल चौक के नजदीक स्थित अजय कुमार गुप्ता के घर में अज्ञात चोरों द्वारा 27 जुलाई को चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिस पर अजय कुमार गुप्ता के द्वारा एक लिखित आवेदन थाना को दिया गया। जिसके आधार पर सदर थाना काण्ड सं- 323/23 दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया था। हजारीबाग पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को सदर थाना में एसडीपीओ सदर महेश प्रजापति ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया। कहा की वादि के द्वारा लिखित आवेदन मे चोरी किये गये समानों में मुख्यतः जेवरात थे, जिसकी अनुमानित किमत करीब 10 से 12 लाख रुपए का बताया गया था। जिस कारण इतने बड़े राशी के चोरी की गंभिरता को देखते हुए एसपी हजारीबाग के द्वारा इस काण्ड के उदभेदन के लिए एसडीपीओ सदर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। काण्ड उदभेदन हेतु एवं अज्ञात चोरों को पकड़ने हेतु पुलिस लगातार संदिग्धों के विरुद्ध छापामारी कर रही थी तथा गुप्तचरों का मदद लेकर हरसंभव प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में 31 जुलाई को गुप्त सुचना के अधार पर कुम्हारटोली के पास से दो अभियुक्त पुरुषोत्तम यादव और राज गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। जिसने अपनी संलिप्ता स्वीकार किया तथा इस चोरी में एक और सहयोगी की संलिप्ता के बारे में भी बताया। दोनों के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर दोनों के घरों से काण्ड में चोरी गया जेवरात में से कुछ जेवरात बरामद किया गया। इस घटना में संलिप्त अन्य अपराधकर्मी बंटी के घर में छापामारी कर उसे भी गिरफ्तार किया गया तथ उसके स्वीकारोक्ति के आधार पर उसके घर से भी कुछ चोरी गये जेवरात बरामद किया गया। घटना का मुख्य सरगना और साजिस कर्ता पुरुषोत्तम यादव था, जो पूर्व में वादी के घर दूध देने जाता था तथा उसे घर के बारे में पूरी जानकारी पूर्व से ही थी। इस काण्ड में वादी द्वारा करीब जेवरातो की अनुमानीत किमत 10 से 12 लाख बताया गया था। काण्ड में करीब 5 से 7 लाख रुपए की जेवरातों को बरामद किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तः** बंटी कुमार, काजी मुहल्ला, थाना सदर, राज गुप्ता थाना गिलान चौक, देवी मंडप के समीप कुम्हारटोली और पुरुषोत्तम कुमार यादव चतरा बस स्टैंड के समीप छोटा वालटोली शामिल है। **बरामदगीः** 3 हार, 2 चैन, जीतीया 3, कान का झुमका 3 जोड़ा, 5 पीस अनूठी एक गला का लॉकेट छापामारी दल में पुअनि गौतम कुमार, विकर्ण कुमार, अमित कुमार दिवेदी, विनायक कुमार पाण्डेय, चंद्रदेव चौधरी, मनिष कुमार चंदेल आदि शामिल थे।

## बोंगा में मेरा मठ मेरा मंदिर बचाव समिति का गठन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** मेरा मंदिर मेरा अभिमान के तहत पंचायत बोंगा में मेरा मठ मेरा मंदिर बचाव समिति का कमिटी गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंकज कुमार ने किया। बैठक के दौरान कमिटी गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष रोहित कुमार, उपाध्यक्ष पंकज कुमार, महासचिव सुजल कुमार, सचिव विवेक कुमार पांडे, सह सचिव राजकुमार मेहता, कोषाध्यक्ष बंसत कुमार, सह कोषाध्यक्ष राजकुमार मेहता, मीडिया प्रभारी आशिष कुमार को बनाया गया। मेरा मठ मेरा मंदिर के अध्यक्ष सुजीत मेहता ने कहा कि मठ मंदिरों के जमीन को भूमफियों से मुक्त कराना है। महासचिव मनोज मेहता ने कहा की इचाक के सभी पंचायतो मे कमिटी का गठन किया जायेगा और प्रत्येक सप्ताह सभी मंदिरो मे बैठक कर आरती का कार्यक्रम किया जायेगा। बैठक मे दिलिप मेहता, गजेंद्र प्रजापति, परमेश्वर यादव, बीकु कुमार, अजित कुमार, सोनू कुमार, दीपक कुमार, माइकल कुमार, अजित कुमार, राजेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## खाते से हुई अवैध निकासी के रुपये आ रहे वापस

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** जुलाई माह में लगभग ढाई लाख रुपए कई ग्राहकों के खाते से अवैध निकासी साइबर ठगो द्वारा कर लिया गया था। जिसमे ग्राहकों द्वारा सूचना मिलने पर अब तक 57 हजार रुपये की वापिस हुआ प्राप्त जानकारी के अनुसार जिनके खाते से रुपये निकासी हुए थे, उन्होंने बैंक शाखा, थाना को अपनी लिखित शिकायत किया था। उनमें खैरा निवासी लक्ष्मण रविदास के खाते से गया 30 हजार रुपये, मुकेश कुमार के खाते से तीन किश्तों में से एक किश्त के निकासी 7 हजार रुपये और सूरज नारायण यादव के खाते से 20 हजार रुपये की वापसी की सूचना ग्राहकों ने दिया। सबसे ज्यादा खुशी लक्ष्मण के चेहरे पर देखने को मिली। उन्होंने बताया की मेरे खून-पसीने की कमाई का पैसा था, आज वापस मिला, इससे खुशी हुई। बैंक के अधिकारी प्रदीप कुमार से पूछने पर बताया कि इन्होंने बैंक को शिकायत किया था, थाने को तथा साइबर डिपार्टमेंट को भी फोन किया था, जिसके वजह से उनका रूपया वापस आया बाकी जिन ग्राहकों को अवैध निकासी हुई है और जिनका वापस नहीं आया है अब सभी को आशा जग गई है की पैसे वापस आने की संभावना है।

## मार्खम कॉलेज में सेवानिवृत्त हिंदी विभागाध्यक्ष को दी विदाई



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** स्थानीय मार्खम कॉलेज में हिंदी विभाग के तत्वावधान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ अखिलेश्वर दयाल सिंह को भावभीनी विदाई दी गयी। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ संध्या प्रेम ने कहा कि सेवानिवृत्ति सेवा काल का एक पड़ाव है जो हर किसी के जीवन में एक बार आता ही है। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षकों को अलग सम्मान मिलता है। एक योग्य शिक्षक का सेवा निवृत होना महाविद्यालय के लिए क्षति है। विदाई समारोह में हिंदी विभाग के सेवानिवृत्त प्राध्यापक सह विभागाध्यक्ष डॉ अखिलेश्वर दयाल सिंह ने कहा कि मैंने अपने सेवाकाल में दायित्वों का भरपूर निर्वहन किया। विदाई सह सम्मान समारोह में भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ ब्रह्मदेव त्रिवेदी, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ एस एम कैसर ने भी उद्गार व्यक्त किये। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक को बैग, डायरी, पेन और बुके दे कर सम्मानित किया गया। समारोह में मंच संचालन कॉलेज के राजनीति विभागाध्यक्ष डॉ रंजीत कुमार ने किया व धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ कनक रागिनी ने किया। इस अवसर पर हिंदी विभाग के वरीय शिक्षक डॉ गोपाल शरण पाण्डेय समेत शिक्षकों में डॉ जी झा, प्रो एसएन त्रिपाठी, डॉ सुधीर तिवारी, डॉ रंजीत कुमार दास, संतोष रविदास, डॉ कनक रागिनी, डॉ संजय कुसुम लकड़ा, डॉ मिथिलेश, नवजीत शाहदेव व शिक्षकेतर कर्मी में रमन मिश्रा समेत हिंदी स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## वज्रपात से महिला की मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरहमोरिया निवासी पुनीत महतो की पत्नी कमली देवी 62 की मौत वर्जपात से हो गई। इस सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक महिला अपने खेत में धान रोप रही थी इसी दौरान वर्जपात हुवा जिससे मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ठीक 20 फीट की दूरी पर कुछ लोग इसके घर के सारे सदस्य थे जो सब लोग ठीक है, उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ।

## बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिला परियोजना पदाधिकारी प्रभात रंजन, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजमोहन वर्मा, मुखिया रामचंद्र यादव और रोजगार सेवक मदन यादव के द्वारा बेड़ा हरियारा पंचायत से बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी की शुरूआत गई। विष्णुगढ़ प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजमोहन वर्मा और पिछले बीपीओ के प्रयास से मनरेगा अंतर्गत पिछले वित्तीय वर्ष 2019- 2020 में एक लाभुक ने एक एकड़ की भूमि में, 2020 -2021 वित्तीय वर्ष में 94 लाभुकों ने 87 .50 एकड़ भूमि में, वित्तीय वर्ष 2021 2022 में 96 लाभुकों ने 82 एकड़ भूमि में, वित्तीय वर्ष 2022-2023 में 83 लाभुकों ने 77 .5 एकड़ भूमि में, और अभी चल रहे वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 127 लाभुकों ने 118 .5 एकड़ की भूमि पर आम बागवानी कर मिसाल पेश की है। इस योजना के तहत अभी तक कुल 41048 फलदार पौधे, और 29000 इमारती पौधा लगाया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ संजय कुमार कोंगारी ने कहा कि अगले वर्ष लगभग सैकड़ो एकड़ की भूमि पर लगे आधे से ज्यादा पौधो मे फल आना शुरू हो जायेगा, जिससे आम बागवानी के स्वामी को अच्छी आर्थिक लाभ मिलना तय है।

## एनटीपीसी ने छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के द्वारा परिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। यह प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम बसरिया विद्यालय में आयोजित किया गया था। इस कर्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कुल 64 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। परिक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यार्थी को पांच हजार रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को चार हजार रुपए व तीसरे और चौथे स्थान लेने पर विद्यार्थी को क्रमशः तिन हजार व दो हजार रुपए की सम्मानित राशि दी गयी। इस अवसर पर केरेडारी परियोजना के महाप्रबंधक फैज तैय्यब ने विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। परियोजना प्रमुख ने वहां उपस्थित शिक्षकों भी बधाई दी और इस बेमिसाल रिजल्ट का श्रेय दिया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने बच्चों को सलाह दी कि जिन विद्यार्थियों को सम्मान मिला उनके लिये खुशी की बात है। अब वह विद्यार्थी अन्य मित्रों को भी आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमें अपने कार्यों पर गर्व होना चाहिए मौके पर परियोजना के अपर-महाप्रबंधक एस.पी गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक आशिष कुल्लु और विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक मौजूद थे।

## वृद्ध महिला को बाइक ने मारा धक्का, हुई मौत

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** टंडवा रोड स्थित चमगड़ा गांव में बीती रात 9:00 बजे 80 वर्षीय महिला वृद्ध मसोमात कैली को jh02 बी जे 9847 बुलेट बाइक ने जोरदार धक्का मार दिया। जिसके कारण वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से महिला को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने हजारीबाग हॉस्पिटल रेफर कर दिया। परंतु भारी मात्रा में रक्त का रिसाव हो जाने से रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर दूसरे दिन सुबह मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

## औषधीय पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर में कन्या भारती के द्वारा औषधीय पौधा-रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 6 से 10 तक की बहनों ने औषधीय पौधा जैसे तुलसी, नीम, एलोवेरा, गिलोय तथा कडी पत्ता के गुणों से अवगत कराया। मौके पर प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने बताया इस बदलते परिवेश में हम सभी को आयुर्वेद को फिर से अपनाना है। आयुर्वेदिक औषधि के उपयोग से कई घातक बीमारियों का भी इलाज संभव है। हम इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर कई रोगों से बच सकते हैं। मौके पर कन्या भारती प्रमुख रेणू साह और संगीता मिश्रा ने सभी बहनों को अपने-अपने घरों में औषधीय पौधों को लगाना और उसका संरक्षण करने का संकल्प दिलाया।

## कुजू से चोरी गये ट्रक को पश्चिम बंगाल पुलिस ने धरा

**कुजू (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा चालान काटे जाने के बाद ट्रक मालिक को मिले मैसेज से डटमामोड़ से गत 28 जुलाई को चोरी गए 14 चक्का ट्रक का सुराग मिला। जिसके बाद कुजू ओपी पुलिस ने बंगाल के आसनसोल पुलिस द्वारा पकड़े गए ट्रक और उसके उपचालक सोहित कुमार भागलपुर बिहार निवासी को लाने की कवायद में जुट गई। जानकारी के अनुसार, गत 28 जुलाई को चैनपुर निवासी ट्रक मालिक मुकेश प्रसाद द्वारा कुजू ओपी में आवेदन दिया गया था। जिसमें कहा गया था कि ट्रक चालक घाटो निवासी मो असगर द्वारा डटमामोड़ में ट्रक संख्या जेएच 02 एडब्लू - 7963 को खड़ा कर मुहर्रम मनाने चला गया था। जिसके बाद से ट्रक गायब पाया। इधर, 31 जुलाई की शाम 4 बजे ट्रक मालिक मुकेश प्रसाद के मोबाइल पर आसनसोल पुलिस द्वारा ट्रक का पांच हजार रुपये का चालान काटे जाने का मैसेज आया। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल ओपी प्रभारी विनय कुमार को दी। जिस पर ओपी प्रभारी ने आसनसोल पुलिस से संपर्क साध कर मामले की जानकारी ली। साथ ही, ट्रक को लाने के लिए पुलिस पदाधिकारी को भेजा गया है। इस बाबत पुलिस हिरासत में उपचालक सोहित ने बताया कि हमे कुछ पता नहीं है। राजेश नामक व्यक्ति उक्त ट्रक को चला रहा था। जो बंगाल पुलिस द्वारा ट्रक के पकड़े जाने के दौरान मौके से फरार हो गया था। वही, कुजू ओपी व पश्चिम बंगाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। इस संबंध में ओपी प्रभारी विनय कुमार ने बताया की बंगाल पुलिस ने उपचालक को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। वही, कुजू पुलिस ट्रक को लाने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

## मणिपुर घटना को ले आदिवासी समाज ने भुरकुंडा में निकाली आक्रोश रैली




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मणिपुर की घटना के विरोध में मंगलवार को आदिवासी समाज ने पतरातू प्रखंड में आक्रोश रैली निकाली। इसके पूर्व आदिवासी समाज के लोग भुरकुंडा मतकमा चौक में इकट्ठा हुए जहां से पारंपरिक वेषभूषा और हरवे-हथियार के साथ हाथों में श्लोगन लिखी तख्तियां लिये बिरसा चौक, जनता टॉकीज, भुरकुंडा बाजार, थाना चौक होते हुए न्यू बैरेक सरना स्थल पहुंचे। इस दौरान समाज के लोगो ने देश में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार, मणिपर की घटना, झारखंड में आदिवासी लोगो की हत्या बंद करने, यूसीसी कानून का विरोध करते हुए नारे लगाते दिखें। साथ ही झारखंड और केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जुलूस में हरिलाल बेदिया, राजेन्द्र मुंडा, सरयु मुंडा, रितिका भोगता, रोहित बेदिया, उमेश करमाली, राजाबाबु मुंडा, राजन करमाली, रोहन राम बेदिया, तुलसी बेदिया, दीपक मुंडा, शशि करमाली, सीताराम बेदिया, प्रदीप राम, करण, श्यामसुंदर प्रसाद, कविता मुंडा, राजु मुंडा, बालदेव बेदिया, गुलाब करमाली, देवशरण कृष्णा मुंडा, सीताराम मुंडा, महादेव पाहन, बिरेन्द्र बेदिया, प्रदीप राम, अकल बेदिया, संजय बेदिया, अजय सोरेन, बालेश्वर मुंडा, सनी बेदिया, अजय तिग्गा, रेणुका देवी, कोमीला देवी, कंचन देवी, मलाती देवी, प्रेम मुंडा, निशा देवी, ललिता देवी सहित दर्जनों महिला पुरूष शामिल थे। रैली में चिकोर, महुआटोला, देवरिया, कुरसे, चैनगड्डा, लादी मतकमा, जवाहरिनगर, हुरूमगढा सहित दर्जनों गांव के सैंकड़ों आदिवासी समाज के लोग शामिल थे।

## डीसी से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को नवपदस्थापित डीसी चंदन कुमार से संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल की अध्यक्षता में मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने बुके देकर डीसी का स्वागत किया। साथ ही जिला के विकास में अधिवक्ताओं के सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं महासचिव ने सयुक्त रूप से उपायुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें अधिवक्ताओं के पार्किंग के लिए व्यवस्था करने की मांग की गई। साथ ही अधिवक्ताओं के लिए कैंटीन एटीएम आदि सुविधा की भी मांग की गई। जिसपर उपायुक्त ने संघ को आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही वे अधिवक्ताओं के समस्त मांगों पर सकारात्मक पहल करेंगे। मौके पर संघ के महासचिव सीताराम, सरकारी अधिवक्ता संजीव कुमार अंबास्थ, अनुज कुमार सिन्हा, आनंद सिन्हा, जितेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, जितेंद्र प्रसाद, उमेश पांडे, शंकर महतो, विकेश रंजन, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने सुनील



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ निवासी सुनील कुमार सिंह को भारतीय जनतंत्र मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उनके मनोनयन से पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं में उत्साह है। उनके चाहने वाले लगातार बधाई और शुभकामनाएं दे रहे है। सुनील कुमार सिंह ने विधायक सरयू राय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझे बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। जिसे निष्ठा पूर्वक निभाने का प्रयास करूंगा। कहा कि जिला में पार्टी का विस्तार करना ही मेरा पहला लक्ष्य होगा। जल्द ही संगठन विस्तार को लेकर बैठक करूंगा।

## जिले की नयी सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने किया प्रभार ग्रहण



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले के नये सिविल सर्जन के रूप में मंगलवार को डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने प्रभार ग्रहण किया। इससे पूर्व निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने उन्हें विधिवत प्रभार सौंपा। मौके पर डॉक्टरों व सिविल सर्जन कार्यालय के कर्मियों ने नये सिविल सर्जन को फूलों का गुच्छा देकर स्वागत किया। वहीं, निवर्तमान सिविल सर्जन ने बेहतर सहयोग के लिए डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों के प्रति आभार जताया। प्रभार ग्रहण करने के बाद नये सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं को वे जन-जन तक पहुंचाने व मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने का वे प्रयास करेंगे। जिससे कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित ना रहे। मौके पर डीपीएम देवेंद्र भूषण श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, नरेश राम, आशीष सिन्हा, रंजीत कुमार सिंह सहित कई डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे।

## बसपा के जिला अध्यक्ष ने की आवास बोर्ड के अध्यक्ष से मुलाकात

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** बहुजन समाज पार्टी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष रविंद्र पासवान के नेतृत्व में झारखंड आवास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय लाल पासवान से रांची स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें बधाई और शुभकामना दी। जिला अध्यक्ष ने रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों के समस्याओं के विषय में चर्चा भी की।

### मणिपुर घटना के विरोध में विपक्षी दलों का धरना-प्रदर्शन

# मणिपुर की घटना शर्मनाक, गद्दी छोड़े भाजपा सरकार: बिनोद किस्कू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** मणिपुर की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। देश का विपक्ष अब हल्ला बोल दिया है। पूरे देश में घटना के विरोध में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इसी क्रम में मंगलवार को इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इनक्लूसिव अलायंस गठबंधन के नेताओं ने सुभाष चौक पर धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामूमो जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू ने किया। जबकि संचालन कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान एवं झामूमो के जिला सचिव बिनोद महतो ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान नेता और कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी किया। सबने एक स्वर में घटना के विरोध में आवाज बुलंद किया।

**ब्लॉक चौक से सुभाष चौक तक किया पैदल मार्च**

धरना प्रदर्शन से पहले इंडिया गठबंधन के नेता और कार्यकर्ता रामगढ़ प्रखंड कार्यालय के समझ इकट्ठा हुए। जिसके बाद पैदल मार्च शुरू कर सुभाष चौक पहुंचा। जिसके बाद सभी लोग धरना में बैठ गये। इस दौरान केंद्र सरकार, मणिपुर सरकार हाय हाय, प्रधानमंत्री गद्दी छोड़ो, महिलाओं पर अत्याचार नहीं सहेंगे आदि नारेबाजी कर रहे थे।

धरना प्रदर्शन में शामिल बिनोद किस्कू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। मणिपुर की घटना ने पूरे देश को शर्मसार कर दिया है। इसके बावजूद मणिपुर सरकार को अबतक बर्खास्त नहीं किया गया है। उन्होंने पूरे देश को एकजुट होकर केंद्र सरकार को उखाड़ फेकने में योगदान देना होगा।

**धरना प्रदर्शन में थे शामिल**

धरना प्रदर्शन में झामूमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, महेश ठाकुर, चित्रगुप्त महतो, महेंद्र मुंडा, गीता विश्वास, बिना देवी, पिंकी बेसरा, गीता देवी, बरतू करमाली, संतोष कुमार, दिलीप कुमार, शिवकुमार करमाली, राजू साव, मिथुन मुंडा, नरेश हांसदा, खुदीराम महतो, विमल करमाली, अविनय मुंडा, योगेन्द्र यादव, फकरूद्दीन अंसारी, विजय किस्कु, सुशांत भारती, कमलेश पांडेय, कांग्रेस से मुन्ना पासवान, सीपी संतन, शांतनु मिश्रा, बजरंग महतो, दिनेश मुंडा, जगन्नाथ महतो, सुजीत पटेल, मकसूद खान, जदयू से ज्योतेंद्र साहू, दुष्यंत पटेल, भूषण उरांव, राजू महतो, जगदीश महतो, शफीक अंसारी, अकबर अंसारी, राजद से मो गुलजार अंसारी, माले से देवकीनंदन बेदिया, हीरा गोप, भूनेश्वर बेदिया, अमल कुमार, बिगेंद्र ठाकुर, देवानंद गोप, आप से राजेश कुमार वर्मा, मनोज कुमार बेदिया सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विभिन्न मांगों को लेकर झामुमो नेता ने कार्यपालक अभियंता को सौंपा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता योगेंद्र यादव ने मंगलवार को कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग प्रमंडल रामगढ़ को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गये पत्र में बलकुदरा ओवरब्रिज के दोनों ओर फुटपाथ निर्माण, ओवरब्रिज की नीचे के रास्ते को दुरुस्त करने व बासल थाना के समीप ड्रेन का निर्माण करने की बात कही है। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि बासल थाना अंतर्गत बलकुदरा ओवरब्रिज जो बना है उसमें काफी कमियां बरती गयी है। जिससे आये दिन दुघर्टना होते रहती है। पत्र में कहा गया है कि बलकुदरा ओवरब्रिज के दोनों साईड जो फुटपाथ बना है उसमें बलकुदरा पेट्रोल पंप के तरफ से फुटपाथ में चढ़ने का रास्ता बना हुआ है। जबकि उतरने का रास्ता नहीं बना हुआ है। जिससे ओवरब्रिज का जो रेलिंग बना हुआ है उसपर चढ़कर राहगीर फुटपाथ से पार होते हैं। इस कारण आये दिन छोटी-मोटी दुर्घटना होते रहती है। योगेंद्र यादव ने पत्र में कहा है कि ओवरब्रिज के नीचे से प्रखंड कार्यालय पतरातू जाने के लिए कम्पनी द्वारा जो रास्ता बनाया गया था वह भी साल भर के अंदर ही जर्जर हो चुकी है। यह रास्ता दर्जनों गांव-पंचायत के लोगों को प्रखंड कार्यालय आने-जाने का मुख्य रास्ता है। जिसके कारण ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पत्र में कहा है कि रामगढ़ से रांची जाने वाले फोरलेन पथ में बासल थाना के समीप रोड के किनारे पानी निकासी का नाली नहीं रहने के कारण बरसात का पानी रोड में तालाब जैसा जमा हो जाता है। जिससे हमेशा दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। पत्र के माध्यम से उन्होंने जल्द से जल्द बलकुदरा ओभरब्रीज के दोनों साईड फुटपाथ से निकलने का रास्ता बहाल करने, ओभरब्रीज के नीचे के रास्ता को दुरूस्त करने, बासल थाना के समीप रोड साईड में पानी निकासी हेतू नाली का निर्माण किया करने की मांग की है।

## हिंदू समाज पार्टी के उपाध्यक्ष दीपक सिसोदिया की हत्या का प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र में हिंदू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक सिसोदिया की हत्या का प्रयास किया गया है। इस मामले में दीपक सिसोदिया ने मंगलवार को रामगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। दीपक सिसोदिया ने पुलिस को बताया कि वे अपने घर बसंत विहार कॉलोनी से जब निकल रहे थे तो कोई उनका पीछा कर रहा था। पिछले 3 दिनों से लगातार उनकी रेकी बाइक पर सवार कुछ लोग कर रहे थे। सोमवार की रात रामगढ़ कॉलेज और ब्लॉक परिसर के बीच कुछ लोगों ने बाइक से उनका पीछा किया और उनकी गाड़ी रोक कर उन पर गोली चलाने की कोशिश की। बाइक पर जो लोग सवार थे उनके हाथ में बंदूक था। दीपक सिसोदिया ने अपनी कार से खुद को बचाने की कोशिश की। किसी तरह बाइक सवारों को धक्का मारते हुए भाग खड़े हुए। उनकी कार जब बाइक से टकराइ तो बाइक पर सवार दो लोग गिर गए। इस सूचना के बाद रामगढ़ पुलिस पूरे मामले की तहकीकात में जुट गई है। वही, हिंदू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक सिसोदिया ने मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ रामगढ़ थाना पहुंचकर वस्तुस्थिति की जानकारी रामगढ़ थाना प्रभारी को दी।

### डीसी ने किया दुलमी प्रखंड का दौरा, अनेक उपकरणों का किया वितरण

# कृषि क्षेत्र में मुनाफा कमाने के लिए नये सिरे से सोचने की जरूरत: चंदन कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार ने मंगलवार को दुलमी प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दुलमी प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत आयोजित जल छाजन जागरूकता सह प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। मौके पर डीसी ने कहा कि वर्तमान में अगर हमें कृषि क्षेत्र में मुनाफा कमाना है तो जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीक अपनाने होंगे। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं व प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों कि आए बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण परंपरागत तरीके से कृषि कर मुनाफा कमाना काफी कठिन होता है, ऐसे में अगर आप सभी भूमि के अनुसार हाइब्रिड बीज व अन्य आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में करें तो काफी लाभ होगा। उपायुक कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि दुलमी प्रखंड में मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जाए इसके लिए कार्य किया जा रहा है और जल्द ही लोग इसका लाभ ले सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि बिना जल के कृषि कार्य नहीं किया जा सकता इसलिए हमें जल के महत्व एवं इसके संरक्षण के लिए कार्य करने की जरूरत है। मौके पर उपायुक्त ने जल संरक्षण हेतु वर्षा जल संचयन, सोख्ता गड्ढा निर्माण, ट्रेंच कम बंड आदि के संबंध में आवश्यक जानकारियां लोगों को दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में करने के प्रति भी लोगों को जागरूक किया।

**डीसी ने लाभुकों के बीच सिलाई मशीन, केसीसी, अरहर बीच का किया वितरण**

कार्यशाला के दौरान डीसी ने कस्टम हायरिंग सेंटर अंतर्गत दुलमी एग्रीटेक एफपीओ को पावर वीडर, पावर स्प्रेयर, मैनुअल स्प्रेयर, पैडी थ्रेसर आदि उपकरण उपलब्ध करायें। वही, डीसी ने लाभुकों के बीच सिलाई मशीन, केसीसी, अरहर बीच आदि का भी वितरण किया। कार्यशाला के दौरान एफपीओ, जल छाजन व जेएसएलपीएस द्वारा लगाये गए स्टालों का निरीक्षण करते हुए डीसी नके ग्रामीणों को स्टाल के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक अपनाने एवं इसके फायदों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। डीसी ने दुलमी बाजार टांड़ अंतर्गत दुलमी महिला एफपीसी लिमिटेड का उद्घाटन कर पावर वीडर, पावर स्प्रेयर, मैनुअल स्प्रेयर, पैडी थ्रेसर सहित अन्य कृषि उपकरणों का वितरण किया।

इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, दुलमी प्रखंड प्रमुख, परियोजना निदेशक आत्मा, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, पंचायत समिति सदस्यों, मुखिया अन्य जनप्रतिनिधियों, प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र, डीडीएम नाबार्ड, अंचल अधिकारी दुलमी, बीपीओ अन्य जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## सीयूइटी को लेकर कार्यशाला का आयोजन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, आरा (कुजू) में सुभद्रांगी फाउंडेशन के तत्वावधान में केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बारहवीं विज्ञान, वाणिज्य व कला संकाय के छात्र-छात्राएं और अभिभावक शामिल रहे। इस दौरान सुभद्रांगी फाउंडेशन के मुख्य संयोजक सीतांशु पाढ़ी व सदस्य रंजन कुमार का विद्यालय प्राचार्य नकुल प्रसाद यादव ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यशाला के दौरान रंजन कुमार ने केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा प्रणाली, छात्र-छात्रों का चयन और तैयारी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने सामान्य ज्ञान, विज्ञान, गणित, अंग्रेजी आदि विषयो की तैयारी सुनियोजित तरीके से करने की सलाह दी। कहा कि उक्त परीक्षा में सफल के बाद ही अच्छे कालेजों में दाखिला हो पायेगा। वहीं, प्राचार्य नकुल प्रसाद यादव ने फाउंडेशन के सदस्य रंजन कुमार व सीतांशु पाडी का परीक्षा की तैयारी को लेकर विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए आभार प्रकट किया। मौके पर सीडी मेहता, सुखमय मुखोपाध्याय, बृजेश सिंह, अशोक तिवारी समेत विद्यार्थी मौजूद रहे।

## बिंगलात में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार मंगलवार को आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र के प्रभावित विस्थापित गांव बिंगलात के प्राथमिक विद्यालय में सीसीएल सीएसआर के तहत स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। कशिविर में 133 ग्रामीणों का स्वास्थ जांच कर निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस शिविर में ज्यादातर महिलाओं नें अपना स्वास्थ का जांच कराया। महिलाओं के लिए यह शिविर उनके गांव में होने के कारण उनके लिए बहुत ही सुगम था। कज्यादातर महिलाओं में एनीमिया यानि खून की कमी पायी गयी, जिसके लिए उनको दवाई दिया गया। बीपी के मरीजों को यह सलाह दी गयी की वह आम्रपाली परियोजना स्थित होनहे डिस्पेंसरी में आकर नियमित रूप से अपना चेकअप करा कर दवाई ले सकते हैं। यह स्वास्थ्य जांच शिविर क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीरज सिंह के द्वारा लगाया गया साथ में उनकी टीम के सदस्य फर्मासिस्ट रत्नेश शर्मा, मानिंदर सिंह, अजय, घनश्याम में सहयोग किया। इस मौके पर पोकला-उर्फ-कसियाडीह के मुखिया प्रतिनिधि गोपाल महतो, पंचायत समिति सदस्य राजेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## रफी साहब हैं कलाकारों के लिए प्रेरणा: सुरेंद्र प्रसाद



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** बीते रात मो रफी साहब के याद में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में पोचरा स्थित सरस्वती पब्लिक स्कूल के निदेशक सुरेंद्र प्रसाद उर्फ सुरेन ने रफी के गानों के धुन पर गाना गाकर अपने कला का अदभुत प्रदर्शन किया। सुरेंद्र प्रसाद पिछले पैतालीस वर्षो से गायन के क्षेत्र में अपना योगदान देते आ रहे है। मो रफी साहब व अन्य कलाकारों द्वारा गाया गया पांच सौ गानो का मौखिक रूप से अभ्यास है जिसे जब चाहे अपने कला का जौहर दिखा सकते है। अपने कला के बेहतर प्रदर्शन से कई बार विभिन्न संस्थाओं ने इन्हें सम्मानित किया है। सुरेंद्र प्रसाद ने बताया मो रफी साहब हम कलाकारों के लिए प्रेरणा है। उनके प्रेरणा से ही हम कलाकार दर्शकों के बीच अपना बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं।

## स्वास्थ्य सहिया को फाइलेरिया का मिला प्रशिक्षण



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी पंचायत सचिवालय में मंगलवार को स्वास्थ्य सहिया को आगामी 10 अगस्त से 25 अगस्त तक होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मलेरिया तकनीकी पर्यवेक्षक तरुण कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सहिया और जेएसएलपीएस कार्यकर्ता का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान फाइलेरिया के रोकथाम के लिए अपने-अपने क्षेत्र में सभी लोगों को जागरूक करने की बात कही गयी। सभी ग्रामीण जन-समुदाय को फाइलेरिया रोधी दवा खाने की बारे में जानकारी दी गयी। फाइलेरिया ट्रेनिंग में मुख्य रूप से सहिया रेशु देवी, संगीता देवी,रुपा देवी, चंचला देवी, प्रिया टुडू, अंजू कुमारी, गीता देवी, सुशीला देवी, शकुंतला कुमारी, आरती देवी, रतनी देवी, कलावती देवी, हेमंती कुमारी, फुलचिभीया देवी, पूनम देवी, सरिता देवी, गंगीता टोप्पो, सुनीता देवी, परवतिया देवी, जेएसएलपीएस के असमिना प्रवीण, नमिता हांसदा, एएनएम संध्या रानी, रितेश सिंह मौजूद थे।

## आजसू ने लगाया जन समस्या निवारण शिविर



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** आजसू प्रखंड कमिटी द्वारा मंगलवार को पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जन समस्या निवारण शिविर लगाया गया। शिविर के माध्यम से आम जनता के समस्याओं जैसे राशन कार्ड मैं त्रुटि जमीन संबंधी मामलों जाति आवासीय आय प्रमाण पत्र में हो रहे बनने में देरी आदि समस्याओं का समाधान के लिए संबंधित प्राधिकारी से मिलकर समाधान किया गया। शिविर में केंद्रीय सचिव विजय कुमार साहू , प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, जिला उपाध्यक्ष राजू कुमार, जिला संगठन सचिव अशोक पाठक, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश सिंह जिला सह सचिव अजय रवि, मनोज राम बिजेंदर मुंडा, राजेश पटेल फूलचंद महतो, रवि सिंह, नरेश राम आदि मौजूद थे।

## दोषियों को जल्द गिरफ्तार करे पुलिस: विशु रजवार



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला के झिझरीटांड़ में आजसू अनूसूचित जाति महासभा की बैठक किया गया। जिसमे महासभा के प्रखंड अध्यक्ष विशु रजवार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि आजसू कार्यकर्ता दीपक मुंडा को रामगढ़ कल्यानी होटल में अपराधियों के द्वारा जानलेवा हमला किया गया था। जिसमें दीपक मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गये थे। यह घटना काफी निंदनीय है। जिला प्रशासन से मांग किया गया कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाये। मौके पर लखी करमाली, सीडी मुंडा, संजय नायक, निरज नायक, राजकुमार रविदास, चंदन रविदास, उमेश सोनी, सजीव नायक, शंकर नायक, रघुवीर कुमार आदि मौजूद थे।

## भाजपा नेता की माता हुईं घायल



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर भुरकुंडा निवासी सह भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री संजीव कुमार बाबला की माता ललौती देवी (80 वर्ष) मंगलवार को फूल तोडने के क्रम में एक महिला द्वारा पत्थर फेंकने से घायल हो गई। घटना के बाद घायल को तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गांधीनगर रांची रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार भाजपा नेता की माता रोज की तरह पूजा के लिए सुबह साढे तीन बजे फूल तोड़ रही थीं। इसी दौरान एक महिला ने उन पर पत्थर से वार कर दिया। पत्थर सीधा उनके सर पर लगा। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई। उनके सर में गहरा चोट लगने की सूचना है। इधर मामले पर भाजपा नेता संजीव कुमार बाबला ने बताया कि मेरी मां फूल तोड़ने गयी थी इसी दौरान एक महिला ने रौड से वार कर दिया। जिसमें मेरी मां का माथा फूट गया और काफी खून भी निकला है। उन्होंने बताया कि मेरी मां फिलहाल कुछ बोल नहीं पा रही है उनका गांधीनगर अस्पताल में इलाज चल रहा है। इधर घटना के बावत परिजनो ने भुरकुंडा ओपी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। वहीं पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

# ट्रेन में हत्या से जुड़े सवाल

जयपुर से मुंबई जा रही एक पैसेंजर ट्रेन में जिस तरह से रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) जवान ने फायरिंग की और एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआइ) सहित तीन यात्रियों को मार डाला, वह रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। हालांकि घटना सोमवार सुबह की है और अभी आरंभिक सूचनाएं ही उपलब्ध हो पायी हैं, लेकिन ये भी बहुत परेशान करने वाली हैं। आरपीएफ के इस सुरक्षा दल की सूरत में तड़के पौने तीन बजे इस ट्रेन में तैनाती हुई और करीब पांच बजे मुंबई के बोरिवली स्टेशन से कुछ पहले यह घटना हो गयी। आरपीएफ के कुछ अधिकारियों ने इस जवान की मानसिक स्थिति खराब होने की बात कही है तो कुछ अन्य के मुताबिक वह पहले से ही गरम मिजाज का माना जाता रहा है। दोनों ही स्थितियों में सवाल उसे ड्यूटी पर तैनात किए जाने पर उठता है। अव्वल तो यह कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक न होने की कितनी पुष्ट या अपुष्ट जानकारी अफसरों को थी और दूसरे इस जानकारी के बावजूद उसे हथियारों के साथ ट्रेन और यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पर कैसे लगा दिया गया। जहां तक गरम मिजाज की बात है, तो भी सवाल यही है कि इससे पहले ऐसी कौन सी और कितनी घटनाओं की सूचना सीनियर्स को थी। अगर इन दोनों बातों को संभावना के तौर पर थोड़ी देर को सही मान लिया जाये तो भी यह सवाल बना रहता है कि उसे अचानक चलती ट्रेन में फायरिंग करने के लिए उकसाने वाले कौन से हालात बन गये। जिस तरह से उसने पहले अरककी हत्या की, फिर दूसरे कोच में जाकर अन्य यात्रियों की हत्या, फिर ट्रेन के बॉगी में लगी चेन खींच कर बोरिवली से पहले दहिसर स्टेशन के पास उतर कर भागना चाहा, उससे यह क्षणिक गुस्से में अंधाधुंध फायरिंग करने का मामला नहीं लगता। अगर ये सूचनाएं सही हैं, तो कई ऐसे सवाल उठते हैं, जिनके मुफीद जवाब उपलब्ध नहीं हैं। जाहिर है, आगे की जांच-पड़ताल से ही इस मामले के सभी तथ्य सामने आयेंगे और इन सवालों के जवाब भी तभी मिल सकेंगे। लेकिन मामला सिर्फ इस एक घटना से जुड़े तथ्यों का नहीं है। रेलवे के मामले में पिछले कुछ समय से ऐसी प्रवृत्ति बनती दिखी है कि जब भी कोई बड़ी घटना होती है, तो सारा जोर उस एक घटना पर और उसके दोषियों पर केंद्रित हो जाता है। बड़ा सवाल उन हालात का है, जिनमें ऐसी घटनाओं का होना संभव बनता है। रेल सेवा एक ऐसी चीज है, जो इस देश के आम लोगों से, उनकी जिंदगी से गहरे जुड़ी हुई है। चाहे बड़ी दुर्घटनाओं का मामला हो या यात्रियों को सुरक्षा का अहसास दिलाने की जिम्मेदारी निभा रहे लोगों द्वारा ही ट्रेन में फायरिंग और हत्या का, इनसे यात्रियों का रेलवे पर भरोसा कमजोर होता है। रेलवे को इसका ध्यान रखना होगा।

**चाहे बड़ी दुर्घटनाओं का मामला हो या यात्रियों को सुरक्षा का अहसास दिलाने की जिम्मेदारी निभा रहे लोगों द्वारा ही ट्रेन में फायरिंग और हत्या का, इनसे यात्रियों का रेलवे पर भरोसा कमजोर होता है। रेलवे को इसका ध्यान रखना होगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के द्वारा व्यापक बदलाव दिखायी दे रही है, अब इसके पूर्णरूपेण क्रियान्वयन बल दिया जाना आवश्यक हो गया है। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तीन साल पूरे हो गये हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के व्यापक कड़ी में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्कूली शिक्षा के लिए पीएम श्री स्कूल की प्रकल्पना इसके क्रियान्वयन की पहली कदम के रूप में दिखायी दे रही है। देश के भविष्य नौनिहाल बच्चों की बुनियाद को और मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पीएम श्री यानि प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया जो कि केंद्र सरकार की पहल पर एक योजना बनायी गयी है।**

# एनइपी 2020 के संदर्भ में पीएम-श्री आदर्श विद्यालय की प्रासांगिकता



**डॉ भारद्वाज शुक्ल**

वैसे तो राष्ट्र के उत्थान के लिए सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक कई प्रमुख आयाम हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वह उचित आयाम शिक्षा ही है। जब तक शिक्षा व्यवस्था प्रभावशाली एवं गुणात्मक नहीं होगा, तब तक विकास के नाम पर केवल दिखावा ही होता रहेगा। वर्तमान समय की रूढ़िवादी एवं परंपरागत शिक्षा एवं शिक्षण पद्धति में काफी कुछ बदलाव की आवश्यकता महसूस की गयी है। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के द्वारा व्यापक बदलाव दिखायी दे रही है, अब इसके पूर्णरूपेण क्रियान्वयन बल दिया जाना आवश्यक हो गया है। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तीन साल पूरे हो गये हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के व्यापक कड़ी में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्कूली शिक्षा के लिए पीएम श्री स्कूल की प्रकल्पना इसके क्रियान्वयन की पहली कदम के रूप में दिखायी दे रही है। देश के भविष्य नौनिहाल बच्चों की बुनियाद को और मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पीएम श्री यानि प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया जो कि केंद्र सरकार की पहल पर एक योजना बनायी गयी है। इस पहल का उद्देश्य केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय संगठन सहित केंद्र सरकार/ राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश सरकार/ स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित 14500 से अधिक पीएम - श्री स्कूलों को विकसित करना है, जिसमें हर छात्र का स्वागत और देखभाल की जाती है, जहां एक सुरक्षित और प्रेरक सीखने का माहौल मौजूद है, जहां सीखने के अनुभवों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश की जाती है, और जहां सभी छात्रों के लिए सीखने के लिए अनुकूल भौतिक बुनियादी ढांचे और उपयुक्त संसाधन उपलब्ध हैं।

**20 लाख से अधिक छात्रों के इस योजना के प्रत्यक्ष लाभार्थी होने की उम्मीद की गयी है।**



यह पहल छात्रों को इस तरह से पोषित करेगा कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की परिकल्पना के अनुसार एक समतापूर्ण, समावेशी और बहुलवादी समाज के निर्माण में संलग्न, उत्पादक और देश के विकास में योगदान देने वाले योग्य नागरिक बन सकें।

20 लाख से अधिक छात्रों के इस योजना के प्रत्यक्ष लाभार्थी होने की उम्मीद की गयी है। इस योजना से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता के विभिन्न आयामों की समझ को भी बढ़ावा मिलेगी और नीति, अभ्यास और कार्यान्वयन की जानकारी भी। इन स्कूलों की शिक्षा को देश के अन्य स्कूलों तक बढ़ाये जाने का लक्ष्य है।

इस योजना को 2022-23 से 2026-27 तक 5 वर्षों की अवधि में लागू करने का प्रस्ताव है।

पीएम - श्री स्कूल 2022 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन को प्रदर्शित करने में मदद करेंगे और समय के साथ अनुकरणीय स्कूलों के रूप में उभरेंगे।

पीएम श्री योजना की मदद से तैयार होने वाले पीएम श्री स्कूल आगे चल कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सभी घटकों का प्रदर्शन करेंगे, अनुकरणीय स्कूलों के रूप में कार्य करेंगे और अपने आसपास के अन्य स्कूलों को सहायता व मार्गदर्शन भी प्रदान करेंगे। ऐसे में पीएम श्री स्कूल छात्रों के संज्ञानात्मक विकास व गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए बेहद अहम साबित होने वाले हैं। पीएम श्री स्कूल 21वीं सदी के महत्वपूर्ण कौशल से युक्त समग्र और पूर्ण-विकसित व्यक्तियों का निर्माण और उनका पोषण करने का एक अवसर के साथ स्कूली शिक्षा का मॉडल यानी मार्गदर्शक की भूमिका में नजर आयेंगे।

पीएम श्री स्कूलों की योजना (पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया - उभरते भारत के लिए पीएम स्कूल) को केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया जा रहा है, जिसकी कुल परियोजना लागत 27,360 करोड़ रुपये है। कुल परियोजना लागत में वर्ष 2022-23 से 2026-27 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए 18,128 करोड़ रुपये का केंद्रीय हिस्सा शामिल है।

पीएम श्री स्कूल की कई महत्वपूर्ण विशेषताएं हैं - ये स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन को प्रदर्शित करेंगे, समय के साथ अनुकरणीय स्कूलों के रूप में उभरेंगे और निकटवर्ती स्कूलों को मार्गदर्शन एवं नेतृत्व प्रदान करेंगे। वे अपने-अपने क्षेत्रों में एक समान, समावेशी और आनंदमय स्कूल वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में नेतृत्व प्रदान करेंगे, जो विविध पृष्ठभूमि, बहुभाषी जरूरतों और बच्चों की विभिन्न शैक्षणिक क्षमताओं का ध्यान रखते हुए एनइपी 2020 के विजन के अनुरूप उन्हें सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनेंगे।

ये स्कूल मार्गदर्शन कर अपने संबंधित क्षेत्रों के अन्य स्कूलों को नेतृत्व भी प्रदान करेंगे।

सौर पैनल और एलइडी लाइट, प्राकृतिक खेती के साथ पोषण उद्यान, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त, जल संरक्षण और जल संचयन, पर्यावरण की सुरक्षा से संबंधित परंपराओं या प्रथाओं का अध्ययन, जलवायु परिवर्तन से संबंधित हैकथॉन और जैविक जीवन शैली को अपनाने के लिए जागरूकता जैसे पर्यावरण-अनुकूल पहलुओं को शामिल करने वाले ग्रीन स्कूलों के रूप में पीएम श्री स्कूलों को विकसित किया जा रहा है।

इन स्कूलों में अपनाया गया शिक्षाशास्त्र अधिक अनुभवात्मक, समग्र, एकीकृत, खेल-खिलौना आधारित (विशेषकर, प्राथमिक वर्षों में) उत्सुकता आधारित, खोज-उन्मुख, शिक्षार्थी-केंद्रित, चर्चा-आधारित, लचीला और मनोरंजक होगा।

प्रत्येक कक्षा में प्रत्येक बच्चे के सीखने के परिणामों पर ध्यान दिया जायेगा। सभी स्तरों पर मूल्यांकन वैचारिक समझ, वास्तविक जीवन स्थितियों में ज्ञान के अनुप्रयोग और योग्यता पर आधारित होगा।

प्रत्येक क्षेत्र के लिए उपलब्धता, पर्याप्तता, उपयुक्तता और उपयोग के संदर्भ में उपलब्ध संसाधनों और उनकी प्रभावशीलता एवं उनके प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों का आकलन किया जायेगा और कमियों को व्यवस्थित व योजनाबद्ध तरीके से पूरा किया जायेगा।

रोजगार क्षमता बढ़ाने और बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए क्षेत्र कौशल परिषदों और स्थानीय उद्योग के साथ संपर्क स्थापित कर उचित वातावरण का निर्माण करना है।

परिणामों को मापने के लिए प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों को निर्दिष्ट करते हुए एक स्कूल गुणवत्ता मूल्यांकन फ्रेमवर्क भी विकसित किया गया है। अपेक्षित मानकों को सुनिश्चित करने के लिए नियमित अंतराल पर इन स्कूलों का गुणवत्ता मूल्यांकन किया जायेगा।

**(लेखकः सहायक प्राध्यापक, डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### आदित्यपुर पुलिस ने 750 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ मोहम्मद फिरोज को किया गिरफ्तार



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर पुलिस को मुस्लिम बस्ती में अवैध नशा के खिलाफ बड़ी उपलब्धि मिली है। मंगलवार को पुलिस में गुप्त सूचना के आधार पर 750 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया ब्राउन शुगर खरीद बिक्री की गुप्त सूचना मिली थी। आदित्यपुर पुलिस को टीम का गठन कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। पुलिस टीम ने मुस्लिम बस्ती में कार्रवाई करते हुए मोहम्मद फिरोज को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ व तलाशी के दौरान उसके पास से 750 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। एसपी ने बताया गिरफ्तार तस्कर का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। आरोपी मुर्शिदाबाद का रहने वाला है। फिलहाल वह ठिकाना बदल कर हल्दीपोखर में रहता है। एसपी ने बताया तस्कर से पूछे जाने पर कुख्यात ब्राउन शुगर तस्कर मोगला के द्वारा ब्राउन शुगर उपलब्ध करने की बात सामने आई है। मोगला के खिलाफ कुर्की वारंट निकालने की अपील की जाएगी। उन्होंने कहा जिले के आदित्यपुर सहित अन्य थाना क्षेत्रों में किसी भी कीमत पर अवैध नशा के कारोबारियों को पनपने नहीं दिया जायेगा।

### ग्रेजुएट कॉलेज में नये प्राचार्य का आजसू छात्र संघ ने किया विरोध



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** ग्रेजुएट कॉलेज में प्राचार्य बीएन प्रसाद को प्राचार्य बनाये जाने पर आजसू छात्र संघ में विरोध दर्ज कराया। मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आजसू छात्र संघ के प्रदेश सचिब दीपक पांडेय ने बताया प्राचार्य बीएन प्रसाद शहर के कई कॉलेज में विरजमान रहे। उनपर सभी जगह अनिमियता का आरोप लगते रहा। उसके बावजूद इन्हे महिला कॉलेज का प्राचार्य बनाना समझ से परे है। उन्होंने कहा ग्रेजुएट कॉलेज में कई ऐसे महिला प्रोफेसर है जिन्होंने ने काफी लंबे समय से कॉलेज में योगदान दे रहे है। उन्हें ना बनाकर अचानक प्रोफेसर बीएन प्रसाद को कॉलेज के प्राचार्य बनने का मौका देना आजसू छात्र संघ को मंजूर नहीं है। इसके लिए छात्र संघ विरोध करेगी। मौके पर प्रदेश सचिव दीपक पांडेय, राकेश दास, सूरज सिंह, अंकुर तिवारी, प्रदीप कुमार, सौरभ गुप्ता,कमल कुमार, प्रणव कुमार, सनी कुमार सहित अन्य छात्र नेता मौजूद रहे।

### हाइवा चालक हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

# एक मोटर मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** आरआईटी थाना क्षेत्र में बीते दिनों हाईवा चालक तिलक महतो हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया। मंगलवार को जिले के एसपी डॉ. विमल कुमार ने जिला मुख्यालय इसकी जानकारी दी। एसपी ने बताया हत्याकांड में शामिल तीन अपराधकर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस की गिरफ्त में आए अपराध कर्मियों में संजय महतो, शहजादा आलम व मोहम्मद शारिक शामिल है। पुलिस ने इनके पास से एक देसी पिस्तौल,दो मैगजीन,7.56 बोर का पांच जिंदा कारतूस,एक मोटर मोटरसाइकिल व तीन अलग-अलग कंपनियों का मोबाइल बरामद कर लिया।एसपी डॉ. विमल कुमार ने बताया बीते 24 जुलाई को तिलक महतो की अहले सुबह आरआईटी थाना अन्तर्गत काशीडीह रेलवे टनल के समीप अज्ञात अपराध कर्मियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके एसडीपीओ हरविंदर सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर कार्रवाई की गई। टीम ने तकनीकी पहलुओं की जांच करते हुए अलग-अलग जगहों में छापेमारी कर तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि दो अभियुक्त अभी भी फरार चल रहा। जिनकी गिरफ्तारी जल्द कर ली जाएगी। एसपी ने बताया मुख्य अभियुक्त संजय महतो है। उसने अपमान का बदला लेने के लिए तिलक महतो की हत्या कराई। तीनों ने अपने अपराध स्वीकार कर लिया। शहजादा आलम और मोहम्मद शारिक एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। दोनों के खिलाफ जमशेदपुर के अलग-अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं।



**पुलिस की गिरफ्त में आए अपराध कर्मियों में संजय महतो, शहजादा आलम व मोहम्मद शारिक शामिल है।**

### मणिपुर की नाकाम सरकार को बर्खास्त करने व शांति बहाल करने की मांग

# विपक्षी गठबंधन का जिला मुख्यालय में धरना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मणिपुर में विगत तीन महीनों से जारी हिंसा हस्तक्षेप करने व रोक लगाने की मांग को लेकर राज्य सरकार के निर्देश पर इंडिया टीम के द्वारा 5 सूत्री मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। मंगलवार को डीसी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार से मणिपुर में शांति व्यवस्था बहाल करने व तत्काल मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने की मांग की गई। मौके पर आक्रोशित नेताओ ने कहा मणिपुर राज्य विगत 3 मई 2023 से जातीय हिंसा की आग में जल रही है। लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। मणिपुर में भीड़ के द्वारा महिलाओं के साथ शारीरिक दुव्यवहार करने का शर्मनाक वीडियो वायरल होने के बाद पूरा देश शर्मसार हुआ है। यह अत्यंत चिंता का विषय है। जातीय हिंसा के कारण सैकड़ों आम नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी व हजारों की संख्या में लोग राहत शिविरों में रहने को मजबूर है। इसके बावजूत सांसद भवन में मणिपुर की घटना पर कोई चर्चा नहीं, ना ही हिंसा रोकने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है। बीते दिनों झारखंड के रांची कांग्रेस भवन रांची में इंडिया टीम के सभी घटक दलों ने विरोध दर्ज कराया। सभी ने मणिपुर में विगत तीन महीनों से जारी जाति हिंसा पर गहरी चिंता व्यक्त की। मंगलवार को सभी के सहमति से राज्य के सभी जिला मुख्यालय में इंडिया टीम के सभी घटक दलो के द्वारा महाधरना के माध्यम से 5 सूत्री मांग प्रेषित की गई। जिसमें मणिपुर राज्य में जारी जातीय हिंसा को रोकने में नाकाम सरकार को अभिलंब बर्खास्त किया जाए। मणिपुर में अविलंब शांति व कानून व्यवस्था बहाल की जाए। राहत शिविरों में शामिल जरूरतमंद परिवार को पुर्नवास की गारंटी सुनिश्चित की जाए। मौके पर उन्होंने इंडिया टीम के पांच मुख्य मांग को जल्द पूरी करने की मांग की। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमेटी के सदस्य व जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, झारखंड राज्य गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, केंद्र समिति के सदस्य मोहम्मद हिदायतुल्ला खान, कांग्रेस प्रदेश कमेटी के बलजीत सिंह विरदी, जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### टाटा वर्कर्स यूनियन कांवड़िया संघ का भजन संध्या सह महाभोग आज, हजारों की संख्या में जुटेंगे श्रद्धालु



**जमशेदपुर।** टाटा वर्कर्स यूनियन कांवड़िया संघ की ओर से साकची स्थित बुद्ध मंदिर के निकट मैदान में भजन संध्या सह महाभोग का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। जिसको लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए विशाल पक्का पंडालबक निर्माण कराया गया। ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी नो हो। मंगलवार को टाटा वर्कर्स यूनियन के महामंत्री सह टाटा वर्कर्स यूनियन कांवड़िया संघ के संरक्षक सतीश सिंह ने बताया भजन संध्या में प्रसिद्ध गायिका इंदू सोनाली व उनकी टीम द्वारा भजन प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें टाटा स्टील के सैकड़ो कर्मचारी व उच्चाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया बुधवार को आयोजित भजन संध्या सह महाप्रसाद में लौहनगरी वके हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

### अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, तीन भट्टी ध्वस्त, चार सौ किलोग्राम महुआ जावा बरामद





**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी डॉ विमल कुमार ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई का सख्त निर्देश दी है। मंगलवार को सीनी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने धानो बांध गांव के जंगल में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर तीन अवैध शराब भट्ठियां को ध्वस्त कर दिया। मौके पर 400 किलोग्राम महुआ जावा बरामद कर लिया। उधर छापेमारी से पूर्व भट्ठी संचालक मौके से फरार होगया। यह जानकारी जिले के एसपी डॉ विमल कुमार ने दी। एसपी डॉ. विमल कुमार ने बताया सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया किसी भी प्रकार की नशे के धंधे के विरुद्ध तेजी से कार्रवाई शुरू करे। अन्यथा उन थाना प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार भाई-बहन की मौत, ग्रामीणों ने की सड़क जाम



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गोदरमाना-भंडरिया मार्ग पर जेनेवा लिलापत्थल गांव में मडुआ नाला पुल के पास एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी। जिसमें मोटरसाइकिल चला रहे अजय राम उम्र 25 वर्ष पिता महेश राम भंडरिया प्रखंड के जनेवा निवासी की घटनास्थल पर ही तत्काल मौत हो गई। जबकि उसकी बहन गीता कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही लीला पत्थर एवं जेनेवा के ग्रामीणों के द्वारा मुख्य सड़क पर मृतक का शव रखकर सड़क जाम कर दिया गया। जाम की सूचना मिलते ही भंडरिया सीओ मदन महली घटनास्थल पर पहुंचे एवं जाम कर रहे ग्रामीणों को समझाते हुए मृतक के परिजनों को तत्काल ही 10,000 नगद दिए एवं 2 क्विंटल चावल एवं आकस्मिक निधि से सरकारी प्रावधान के मुताबिक मृतक के परिजनों को 400000 मुआवजे दिलाने की बात कही। तब जाकर ग्रामीणों के द्वारा 5 बजे मुख्य सड़क से जाम हटाई गई, ढाई घंटे तक लगभग मुख्य सड़क पूरी तरह बंद रही। 5:00 बजे पुलिस प्रशासन के द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर गढ़वा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। दुर्घटना के उपरांत सवा दो घंटे तक शव सड़क पर ही पड़ा रहा। इधर दूसरी ओर घायल गीता कुमारी को डाल्टेनगंज इलाज हेतु ले जाने के क्रम में मौत हो गई।

### विशुनपुरा के युवक की तेलंगाना में मौत, शव घर आने पर मचा कोहराम

**बिशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** विशुनपुरा प्रखंड के चितरी गांव निवासी 22 वर्षीय पूरन रजवार एक माह पूर्व तेलंगाना के गेमन इंडिया कंपनी में गोड़ा दामर स्थित निमार्णाधीन कूलिंग टावर में काम करने गया था। परिजनों के अनुसार रविवार को काम के दौरान उसकी मौत हो गई। शव मंगलवार को सुबह में चितरी गांव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी अंजू देवी व माता मुशनी देवी का रो रो कर बुरा हाल था। वहीं परिजनों ने बताया कि गैमन इंडिया कंपनी के द्वारा तीस हजार का आर्थिक सहयोग किया गया। वहीं मंगलवार को बांकी नदी के तट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### समाजसेवी ने नवनियुक्त थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**माझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी एवं ओबीसी कांग्रेस प्रकोष्ठ गढ़वा जिला अध्यक्ष सह नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी मारुतिनंदन सोनी ने नवनियुक्त थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित को बुके, अंगवस्त्र एवं राधा कृष्ण की तस्वीर देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों ने भी बुके, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। नवनियुक्त थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित ने मारुतिनंदन सहित सभी लोगों को आभार जताया। मौके पर धर्मेंद्र पांडे, पपु जयसवाल, खुशी जयसवाल, नीरज कमलापुरी, शिवशंकर कमलापुरी, सत्यम जयसवाल तथा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### सेविकाओं को पठन-पाठन कार्य का दिया गया प्रशिक्षण



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में मंगलवार को सभी सेविकाओं का ऐप के माध्यम से मानसिक रूप से पीड़ित बच्चों को कैसे पठन-पाठन का कार्य कराया जाये इससे संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। सेविकाओं को जिले से आये कामेश कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षक कामेश कुमार ने सेविकाओं को ऐप के माध्यम से मानसिक रूप से पीड़ित बच्चों को पठन पाठन कार्य कराने के लिए सेविकाओं को अभिभावकों से मिलकर उनके मोबाइल में ऐप डाउनलोड कर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने का तरीका बताया। उन्होंने उपस्थित सेविकाओं को गर्भवती महिलाओं का ऑनलाइन एंट्री करने तथा राशन सहित अन्य सुबिधायें उपलब्ध कराने के लिए जानकारी दी। प्रशिक्षण में जिला से आये अभिनव कुमार, दुर्गेश कुमार, सत्यम कुमार, बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिकायें माया गुप्ता, दीपा कुमारी, शोभा कुमारी, आरती देवी, सेविका कौशल्या देवी, तारा देवी, शीला देवी, सरस्वती देवी, पूजा कुमारी, संगीता देवी, वीणा देवी, बबिता देवी सहित बड़ी संख्या में सेविकाएं उपस्थित थीं।

**प्रदर्शन :** मणिपुर हिंसा के विरोध में आइएनडीआइए ने किया धरना-प्रदर्शन, वक्ताओं ने कहा

# मणिपुर सरकार को बर्खास्त कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हो

**2024 के लोक सभा चुनाव में जनता हिसाब लेगी, झूठ-फरेब और धर्म के नाम पर भाजपा अब ठग नहीं पाएगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आईएनडीआईए के बैनर तले घटक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मणिपुर राज्य में जारी जातीय हिंसा को रोकने में नाकाम मणिपुर सरकार को अविलंब बर्खास्त करने सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

धरना में कांग्रेस, झामुमो, राजद, माले सहित विभिन्न घटल दलों के नेता व कार्यकर्ता शामिल थे। धरना से पूर्व शहर के गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान से जुलूस निकाला गया, जो समाहरणालय में पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया।

मौके पर वक्ताओं ने कहा कि देश में धर्म व संप्रदाय के नाम पर लोगों को बांटा जा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार एक तरफ महंगाई पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। बेरोजगारी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। गरीब, किसान, मजूदर सभी परेशान हैं। वहीं दूसरी तरफ मणिपुर में करीब दो महीने से जातीय हिंसा जारी है। लेकिन डबल ईंजन की सरकार चुप बैठी हुई है। मणिपुर में लोगों की हत्या की जा रही है। महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनकी इज्जत लूटी जा रही है। बावजूद केंद्र की सरकार कुछ नहीं बोल रही है। वक्ताओं ने कहा कि 2024 के लोक सभा चुनाव में जनता हिसाब लेगी। भाजपा झूठ, फरेब और धर्म के नाम पर अब ठग नहीं पाएगी। दिल्ली के जंतर-मंतर से केंद्र सरकार के खिलाफ लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र और मणिपुर में भाजपा की सरकार है। प्रतिदिन लोग मारे जा रहे हैं। पूरा तंत्र फेल हो चुका है। भाजपा की उपलब्धि शौचालय है और कुछ नहीं। धरना प्रदर्शन में झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, जिला सचिव मनोज ठाकुर, केंद्रीय कमेटी सदस्य मो. शरीफ अंसारी, राजकिशोर यादव, मुक्तेश्वर पांडेय, निर्मल पासवान, महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दीपमाला, संजय सिंह छोटू, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष आलमगीर अंसारी, राजद के प्रदेश महासचिव जमीरुद्दीन अंसारी, डॉ मकबूल आलम, फरीद खान, नंद गोपाल यादव, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, जिला सचिव आसिफ खान, दिवाकर चौबे, राजू प्रसाद, मानिक राम, जिला महासचिव सुशील कुमार चौबे, त्रिपुरारी सिंह, पांडेय प्रदीप शर्मा, राजेश रजक, ओमप्रकाश चौबे, प्रदेश महासचिव मो. आसिक अंसारी, जिला उपाध्यक्ष रामकरेस चौबे, केयाम अंसारी, जफर इकबाल, सुनील कालिया, बबन पासवान, अरबिंद यादव, मोतीराम, भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य सुषमा मेहता, जिला सचिव कालीचरण मेहता, रहिना बीबी, अरुण बिहारी यादव, कामेश्वर विश्वकर्मा, लालमणि गुप्ता, आम आदमी पार्टी के जिला संयोजक धर्मेंद्र सिंह, भासपा के अध्यक्ष याकूब एकबाल आदि शामिल थे।

## धान की फर्जी खरीद-बिक्री करनेवाला हजारीबाग का अयाज मुजफ्फर गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के टंडवा निवासी कमलेश कुमार गुप्ता के साथ फर्जी धान खरीद-बिक्री का आरोपी अयाज मुजफ्फर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने बताया कि 27 जुलाई को सदर थाना टंडवा मुहल्ला निवासी सतीश प्रसाद गुप्ता के पुत्र कमलेश कुमार गुप्ता के द्वारा आवेदन देते हुए बताया गया कि नगर उंटारी के ट्रांसपोर्टर राजकुमार दास के द्वारा 19 जुलाई को एक ट्रक धान जिसकी लागत चार लाख बासठ हजार रुपये का गाड़ी पर लोड करवा रांची तुपुदाना ट्रक संख्या जेएच02एवी 6542 के चालक आफताब आलम के द्वारा तुपुदाना रांची भेजा गया था। लेकिन उक्त ट्रक वहां तक नहीं पहुंच पाया। जिस संबंध में कांड संख्या 352/23 के विरुद्ध ट्रांसपोर्टर राजू कुमार दास एवं ट्रक चालक के ऊपर एफआईआर दर्ज कराया गया था। उक्त घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के आदेश पर कांड का उद्भेदन हेतु छापेमारी टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में ट्रक संख्या जेएच02एवी 6542 के मालिक का नाम सुनील यादव बताया गया। जब पुलिस ने सुनील यादव से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि विगत एक माह से उनका ट्रक घर पर लगा है। वहीं अनुसंधान के क्रम में ज्ञात हुआ कि जिस गाड़ी से अपराध किया गया वह गाड़ी हजारीबाग जिला अंतर्गत केरेडारी के रहने वाले अयाज मुजफ्फर हसनैन उर्फ राजा की है। उक्त ट्रक का चालक एवं मालिक द्वारा फर्जी नंबर लगाकर माल को लोड कराया गया। अयाज पूर्व में भी इस प्रकार के कांड में संलिप्त रहा है। अयाज मुजफ्फर उर्फ राजा को हजारीबाग के केरेडारी हेवाई थाना से गिरफ्तार किया गया। घटना में अयाज मुजफ्फर ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की तथा बताया कि वह पूर्व में भी इस तरह का कांड करते रहा है। आसानी से पैसा कमाने के लिए अपने चालक के माध्यम से रेणुकूट उत्तर प्रदेश से लौटते वक्त ट्रांसपोर्ट राजू कुमार दास से संपर्क कर गलत नंबर लगाकर धान लोड किया। ट्रांसपोर्टर ने गाड़ी का आरसी और अन्य दस्तावेज की मांग की तो फर्जी आरसी एवं पैन कार्ड ट्रांसपोर्टर को उपलब्ध कराया गया। ट्रांसपोर्टर को पता नहीं चल पाया कि दस्तावेज जाली हैं। धान को दो लाख बीस हजार में केरेडारी के व्यापारी के माध्यम से बेच दिया गया। घटना में शामिल ट्रक को किसको प्रखंड से बरामद कर लिया गया। साथ ही ट्रक सं. जेएच 02 एडब्लू 8408, बलेनो सं. जेएच02बीइ 3971 तथा दो मोबाइल जब्त किया गया है। छापेमारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक थाना प्रभारी गढ़वा कृष्णा कुमार साहू, पुलिस अवर निरीक्षक अकाश पन्ना, दिनेश मरांडी, प्रवीण कुमार, आरक्षी राकेश कुमार, अमित कुमार शामिल थे।

## मुखिया ने लगाया जर्जर भवन की नीलामी कर राशि की बंदरबांट का आरोप

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अरसली उत्तरी पंचायत के मुखिया इशरत जहां ने राजकीय मध्य विद्यालय अरसली के प्रधानाध्यापक पर जर्जर भवन की नीलामी बंद कमरे में कर सरकारी राशि की बंदरबांट करने का आरोप लगाते हुए भवनाथपुर बीडीओ को आवेदन देकर गलत तरीके से की गई नीलामी को रद्द कर पुनः नीलामी कराने की मांग की है। बीडीओ को दिए आवेदन में मुखिया इशरत जहां ने जिक्र किया है कि राजकीय मध्य विद्यालय अरसली के जर्जर भवन की नीलामी का आदेश प्राप्त हुआ था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने मुखिया को सूचना दिए बगैर ही बिना प्रचार प्रसार के बंद कमरे में 10-12 लोगों की उपस्थिति में महज 16501 रु. में जर्जर विद्यालय भवन की नीलामी कर दी गयी। जिसमें प्रधानाध्यापक की मिलीभगत प्रतीत होती है। मुखिया ने बीडीओ से गुहार लगाई है कि जर्जर विद्यालय भवन की हुई नीलामी को रद्द करते हुए पुनः नीलामी कराने का आदेश दिया जाए। इस संबंध में राजकीय मध्य विद्यालय अरसली के प्रधानाध्यापक विजयकांत गुप्ता ने बताया कि आरोप बिल्कुल निराधार है।

## जनसमस्याओं को लेकर भाजयुमो का मशाल जुलूस आज और महाधरना कल



आजाद सिपाही संवाददाता

**झामुमो सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है, चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है : रितेश चौबे**

**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झारखंड में नियोजन नीति, स्थानीय नीति, सीटेट, लचर कानून व्यवस्था, बिजली कटौती, आयुष्मान भारत योजना, किसानों की समस्या जैसी अनेकों जनसमस्याओं को लेकर भाजयुमो द्वारा जिला मुख्यालय पर 2 अगस्त को मशाल जुलूस एवं 3 अगस्त को जिला मुख्यालय पर महाधरना का विशाल आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है। गढ़वा जिले में बिजली कटौती लगातार जारी है। आयुष्मान भारत योजना वर्षों से बंद पड़ी हुई है, भ्रष्टाचार चरम पर है लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि मौन हैं। हेमंत सरकार में नियोजन नीति नहीं बन सकी है। पांच लाख युवाओं को रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आने वाली झामुमो सरकार युवाओं को ही छलने में लगी हुई है। गढ़वा जिला सहित पूरे झारखंड में रोजगार के लिए युवा त्राहिमाम कर रहे हैं। झामुमो मंत्री विधायक सिर्फ जनता को धोखा देने में लगे हुए हैं, लेकिन गढ़वा के लोग अब बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री आवास गरीब आदमी नहीं बना पा रहा है, क्योंकि बालू के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है। क्षेत्र में बिजली समस्या चरम पर है। क्षेत्र की जनता को बिजली नहीं मिल रही है। इससे झामुमो मंत्री विधायक को कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने जो सड़क का निर्माण कराया है झामुमो सरकार उसका रिपेयर कराने में वाहवाही लूटने में लगी हुई है। वहीं भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी ने कहा कि झामुमो मंत्री विधायक बिजली के दो टावर भी समय से नहीं लगा पा रहे हैं। ऐसे जनप्रतिनिधि से जनता विकास की उम्मीद कैसे कर सकती है।

मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नवीन जायसवाल, गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पासवान, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री खुर्शीद आलम सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### तीर्थ यात्रियों का जत्था माता वैष्णो देवी के लिए हुआ रवाना



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय से सोमवार की देर शाम में माता वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा पर मेराल के प्रसिद्ध देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत के नेतृत्व में 14 सदस्यों का जत्था रवाना हुआ। सभी तीर्थ यात्रियों को मेराल के पत्रकारों तथा प्रबुद्ध जनों द्वारा गढ़वा रोड स्टेशन से गरीब रथ पर चढ़ा कर रवाना किया गया। तीर्थ यात्रा के संबंध में संजय भगत द्वारा बताया गया कि अपना एवं अपने परिवार के साथ साथ गांव समाज तथा जिला वासियों के सुख शांति एवं समृद्धि की कामना लिए हम सभी माता वैष्णो देवी के साथ-साथ हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित नव दुर्गा का दर्शन पूजन के बाद अमृतसर गोल्डन टेंपल के बाद हरिद्वार का भ्रमण के लिए निकले हैं। तीर्थयात्रियों में गोंदा देवी धाम निर्माण समिति के अध्यक्ष शशिकांत उर्फ शंभू दुबे, समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता, गोंदा के बीडीसी कृष्णा प्रसाद, मेराल देवी धाम संचालन समिति के कोषाध्यक्ष मनोज जयसवाल, संरक्षक विनोद प्रसाद उर्फ लाला जी अपने परिवार के साथ शामिल हैं।

## विश्व साइकिलिंग चैंपियनशिप में झारखंड के शैलेंद्र पाठक भाग लेंगे

**स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर में आयोजित किया जा रहा है विश्व साइकिलिंग चैंपियनशिप**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय टीम के दलपति के रूप में तथा भारतीय साइकिलिंग महासंघ के उपाध्यक्ष विमल चौधरी के साथ शैलेंद्र पाठक मंगलवार को दिल्ली से स्कॉटलैंड के लिए हुए रवाना। विदित हो कि विश्व साइकिलिंग चैंपियनशिप 2023 का आयोजन स्कॉटलैंड देश के ग्लासगो शहर में दिनांक 1 अगस्त से 14 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पूरे विश्व की टीम भाग लेगी। शैलेंद्र पाठक को डिप्टी चीफ डी मिशन (टीम) बनाए जाने की जानकारी साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव सरदार मनिंदर पाल सिंह ने झारखंड साइकिल संघ के अध्यक्ष डॉक्टर मधुकांत पाठक को दी है।

भारतीय टीम में चयन होने पर शैलेंद्र पाठक को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही डॉ मधुकांत पाठक, डॉ. सरोजिनी लकड़ा, उमेश लोहरा, झारखंड साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के महासचिव आलोक मिश्रा संरक्षक अमृत शुक्ला अनिता दत्त राकेश पाल रेखा चौबे उदय नारायण तिवारी विजय केसरी मदन केसरी मनीष केसरी उमेश सहाय ओमप्रकाश तिवारी आनंद प्रकाश दुबे सत्येंद्र यादव धर्मेंद्र पाल सुशील तिवारी किशोर कुणाल चंद्र बहादुर सिंह अजय कांत कॉसलेस तिवारी रामाशंकर सिंह प्रभात रंजन तिवारी रामप्रवेश तिवारी ललन कुमार कुश कुमार अरविंद कुमार जगन्नाथ राम गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह मोहम्मद शमशाद मोहम्मद नसीम अख्तर रंजीत चौधरी आदि समेत खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

**कार्यक्रम :** स्व. मोहम्मद रफी की 43वीं पुण्यतिथि पर 'एक शाम रफी के नाम' कार्यक्रम आयोजित

# रफी साहब के गीतों को गाकर स्थानीय कलाकारों ने दी श्रद्धांजलि

**कार्यक्रम का उद्घाटन डीडीसी राजेश कुमार राय एवं भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से किया**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सुर सम्राट, गायिकी के बादशाह स्व. मोहम्मद रफी की 43वीं पुण्यतिथि पर लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के बैनर तले मेलॉडी ग्रुप व संगीत कला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 'एक शाम रफी के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों ने रफी साहब के गीतों को गाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का उद्घाटन उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा रफी साहब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मौके पर अंचलाधिकारी मयंक भूषण, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनिता दत्त, नगर परिषद प्रत्याशी संध्या सोनी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह अंसारी, समाजसेवी नंद कुमार गुप्ता, भाजपा नेता उमेश कश्यप सहित शहर के कई मानिंद लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में डीडीसी राजेश कुमार राय, भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह शिक्षाविद समाजसेवी अलखनाथ पांडेय, पूर्व नप अध्यक्ष अनिता दत्त सहित अन्य अतिथियों ने संबोधित किया।

इसके बाद सभी कलाकारों ने स्व. मोहम्मद रफी साहब के गीतों को गाकर श्रद्धांजलि दी।

सर्वप्रथम बसंत कुमार ने मेरी दोस्ती मेरा प्यार..., एवं कृति कुमारी के साथ डफलीवाले डफली बजा..., की बहुत ही सुंदर प्रस्तुत किया। सारे अतिथियों के विशेष आग्रह पर डीडीसी राजेश कुमार राय ने रफी साहब की एक गीत खिलौना जान कर तुम तो मेरा दिल तोड़ जाते हो..., गाकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ा दी। दया शंकर गुप्ता ने ओ मेरी महबूबा..., एवं स्निग्धाश्री के साथ रिमझिम के गीत सावन गाये..., की मन मोहक प्रस्तुति की। विजय प्रताप देव ने मस्त बहारों का मैं आशिक..., एवं पूर्णिमा कुमारी ने कितना प्यारा वादा है..., गीत बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत करके खूब तालियां बटोरी। रंजीत किशोर एवं पूर्णिमा कुमारी ने मुझे तेरी मोहब्बत का सहारा मिल गया होता..., सुधांशु कुमार एवं कृति कुमारी ने बेखुदी में सनम उठ गए कदम..., अमित कुमार और पूर्णिमा कुमारी ने जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा..., धनंजय पांडेय ने चले थे साथ मिलकर..., मोहित केशरी एवं कृति कुमारी ने ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं..., राजकुमार यादव ने तुम जो मिल गए हो ये जहां मिल गया..., किशोर अम्बष्ठ ने दिल का सुना साज तराना ढूंढेगा..., सुधांशु कुमार एवं स्निग्धाश्री ने झिलमिल सितारों का आंगन होगा..., छोटा बालक प्रत्यूष पांडेय ने आने से उसके आये बाहर..., सुमित कुमार ने ले गई दिल गुड़िया जापान की..., अमित कुमार ने छलकाए जाम..., पूर्णिमा एवं मोहित केशरी ने इशारों इशारों में दिल लेने वाली..., कृति कुमारी- सुधांशु कुमार ने वो जब याद आये बहोत याद आये..., बसंत कुमार एवं पूर्णिमा कुमारी ने छुप गए सारे नजारे..., प्रो. कमलेश सिन्हा व श्याम नारायण बाबा ने आज पुरानी राहों पर..., धनंजय पांडेय ने वादियां मेरा दामन..., गीत गाकर फिजा को खुशनुमा कर दिया। मौके पर गृहरक्षा वाहिनी के कमांडेंट राजीव कुमार गौरव, नीतू कुमारी, समाजसेवी दौलत सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश कश्यप, नीरज श्रीधर, डॉ शम्भू जी, लॉयन सुशील केशरी, राजमणि कमलापुरी, विनोद कमलापुरी, धर्मेंद्र कुमार, धनंजय तिवारी, रुद्र नारायण पांडेय सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

पूरा कार्यक्रम संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी एवं मैलोडी ग्रुप के निदेशक दया शंकर गुप्ता के निर्देशन में संपन्न हुआ।

झारखण्ड सरकार
अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति,
अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग,
डा०रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान मोराबादी, राँची-8.

पत्रांकः 1523 दिनांकः 01.08.2023

पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

डॉ0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान राँची में झारखण्ड के अति कमजोर जनजातीय समुदाय (PVTG) के युवाओं को आवासीय JSSC/SSC प्रशिक्षण (कोचिंग) का आयोजन आवासन के साथ किया जाना है। इस निमित अल्पाहार/चाय/भोजनादि की व्यवस्था हेतु निम्नवत् मेन्यू के अनुसार प्रति सदस्य प्रतिभागी की दर प्राप्ति हेतु इच्छुक कैटरर/फर्म/प्रतिष्ठानों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है –

इच्छुक निविदादाता अपना निविदा आवेदन तकनीकी एवं वित्तीय बीड बन्द लिफाफे में निम्न कार्यक्रम के अनुसार जमा कर सकते हैं।

कार्यक्रम –

"निविदा" समर्पित करने की अंतिम तिथि 08.08.2023 को अप0 04.00 बजे तक है।
"तकनीकी बीड" खोलने की तिथि 11.08.2023 को अप0 04.00 बजे है।
"वित्तीय बीड" खोलने की तिथि 11.08.2023 को अप0 04.00 बजे है।
"निविदा" समर्पित करने का स्थान डॉ0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोरहाबादी, राँची में कार्य दिवस के अप0 04.00 बजे तक है।
अंतिम तिथि के बाद समर्पित "निविदा" पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी संस्थान के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।
अधोहस्ताक्षरी को "निविदा" को किसी भी स्तर पर बिना कारण बताये रद्द करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।

PR 303731 Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department(23-24).D

ह0/–
उप निदेशक

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 02 अगस्त 2023
www.azadsipahi.in



## द इंडियन नेवी क्विज-2023 का होगा आयोजन

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत इंडियन नेवी की ओर से द इंडियन नेवी क्विज-2023 का आयोजन स्कूली बच्चों के लिए किया जा रहा है। इसमें कक्षा नौवीं से 12वीं तक के छात्र-छात्रायें भाग ले सकते हैं। इस क्विज का आयोजन अगस्त से नवंबर 2023 में दो चरणों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय में किया जायेगा। स्कूलों से कुल प्रतिभागी विद्यालयों में से सेमीफाइनल राउंड में 16 टीमों का चयन होगा। वहीं फाइनल राउंड में 8 टीमें क्वालिफाई करेंगी। सेमीफाइनल और फाइनल राउंड का आयोजन गेटवे ऑफ इंडिया में नवंबर 2023 में किया जायेगा। सभी फाइनलिस्ट को नवल डॉकयार्ड, मुंबई में शिप और सब-मरीन में जीवन कैसा होता है, इसे देखने का मौका मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय चरण की प्रतियोगिता इंडिया गेट, नई दिल्ली में नवंबर, 2023 में आयोजित होगा। क्विज की अधिक जानकारी www.theindiannavyquiz.in पर उपलब्ध है।

## उप परिवहन आयुक्त से मिला ट्रक एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा गुमला ट्रक आंनर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह के नेतृत्व में उप परिवहन आयुक्त सह सचिव, शयाम नारायण राम ,दक्षिण छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार ,कार्यालय रांची मे मुलाकात की और 15 से 20 वर्ष पुराने व्यवसायिक वाहनों को परमिट नहीं दिये जाने के संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि परमिट निर्गत नहीं होने के कारण सैकड़ों वाहन खड़े हो जा रहे हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उप परिवहन आयुक्त ने तत्काल रोड परमिट निर्गत करने का आदेश दिया और कहा कि हम लोग भी समझ रहे हैं कि किन्ही कारणों से परमिट निर्गत नहीं होने के कारण व्यवसाय करने में आप लोगों को कठिनाई हो रही थी, लेकिन आगे आपको परेशानी नहीं होगी, उन्होंने यह भी आश्वासन दिया एक सप्ताह के पश्चात पुनः एसोसिएशन के साथ वे अन्य मसलों को लेकर एक और बैठक करेंगे। आज के प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह सह सचिव बरज सिंह, जत्रु मुंडा राजेश शर्मा, अनिल कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मृतक देव कुमार के परिजनों से मिले प्रजापति समाज के लोग, बंधाया ढांढ़स



लातेहार(आजाद सिपाही)। नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत दुरुप पंचायत के ग्राम दौना में बीते 19 जुलाई को पुलिस की मुखबिरी के आरोप में देवकुमार प्रजापति उम्र 38वर्ष को माओवादियों ने पिट पिट कर हत्या कर दी थी। घटना के बाद झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष सह माटीकला बोर्ड के सदस्य और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अविनाश देव के नेतृत्व में प्रमंडलीय स्तर पर निरीक्षण टीम गठित किया गया और टीम दौना ग्राम पहुंची और परिजनों से घटनाक्रम की पूरी जानकारी प्राप्त की । टीम में ललन प्रजापति, भूनेस प्रजापति, पलामू, अनुप प्रजापति गढ़वा, और संजय प्रजापति लातेहार शामिल थे। मौके पर ललन प्रजापति ने कहा कि यह घटना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को समाज की ओर से हरसंभव मदद की जायेगी। समाज इनके साथ हैं वहीं सरकारी प्रावधान के अनुसार नियम संगत परिजनों को मुआवजा दिलाने का काम किया जायेगा।

## घर में लगी आग, बाल-बाल बचा परिवार

बारीयातू(आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के नचना ग्राम स्थित तीन मुहान के समीप बंसी भुईयां के घर में बिते सोमवार के रात्रि अचानक आग लग गयी। और घर में रखे बिस्तर, अनाज, खटिया, चटाई, पहनने का कपड़ा सहित कई समान जल गया। मैं भूमीहीन मजदूर हूँ। मैं घर घर मजदूरी करती हुं। अचानक आग लगने से रहने के साथ साथ खाने का भी लाले पड़ गये हैं। सूचना मिलते ही पंचायत के पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव और अंचल निरीक्षक अनिल होरो ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर जायजा लिया वहीं हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पीड़ित देवी ने उपायुक्त से आवास सहित खाने पीने के समान मुहैय्या कराने की मांग किया है।

## जिले में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मोहर्रम संपन्न होने पर अंजुमन इस्लामिया ने जताया आभार



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने मोहर्रम 2023 जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और जिला वासियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि एक साथ कई त्योहारों के होने के बाद भी लोहरदगा जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने बहुत अच्छे ढंग से सभी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जिसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन बधाई के पात्र हैं।

## शराबी पुत्र के हत्यारे पिता को मिली आजीवन कारावास की सजा




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल की न्यायालय ने हत्या के एक मामले में सुनवाई करते हुए मंगलवार को बेटे की हत्या करने का आरोपी पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाया है। मामला वर्ष 2020 का है। रोज की शिकायत से तंग आकर उसने अपने पुत्र कृष्णा उरांव की हत्या घर में रखें कुल्हाड़ी के घातक वार से कर दिया था। घटना के बाद इस मामले की सुनवाई पीडीजे के न्यायालय में चल रही थी। मामले में आरोप साबित होने के बाद न्यायालय ने उसे दोषीवार मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाया है।

### मणिपुर घटना के विरोध में विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों का आक्रोशपूर्ण रैली और प्रदर्शन

# राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन डीसी को सौंप कर मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** इंडिया गठबंधन दल झामुमो, कांग्रेस, राजद, माकपा जदयू ने मणिपुर में आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर अमानवीय व्यवहार करने के विरोध में माको डांकबंगला से मुख्य शहर होते हुए समाहरणालय गेट तक आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। इसमें शामिल लोग मणिपुर सरकार को बर्खास्त करो, आदिवासी महिलाओं का शोषन अत्याचार बंद करो, हिंसा पर रोक लगाओ, मोदी सरकार होश में आओ जैसे नारे लगा रहे थे। रैली का नेतृत्व झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, राजद जिलाध्यक्ष राम प्रवेश यादव, जदयू के जिलाध्यक्ष निजामुद्दीन कोरैशी,



सीपीएम के वरिष्ठ नेता अयुब खान संयुक्त रूप से कर रहे थे। यह रैली समारणालय गेट पर पहुंचकर प्रदर्शन सभा में तब्दील हो गया, सभा की अध्यक्षता जेएमएम जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव और संचालन कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने किया। आयोजित सभा को संबोधित करते हुए झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव ने कहा कि मणिपुर राज्य विगत तीन मई से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है बावजूद हमारे देश के भाजपा नेतृत्व वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार मुक दर्शक बनी हुई है। राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा कि मणिपुर में दो माह से अधिक समय से हिंसा से जल रहा है इसके बावजूद भी केंद्र की मोदी सरकार द्वारा संसद में मणिपुर की घटना पर कोई चर्चा नहीं की जा रही है और न ही हिंसा को रोकने की दिशा में कोई ठोस कदम ही उठाया जा रहा है। माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने कहा कि आज मणिपुर में भाजपा शाषन में महिलाओं पर अत्याचार चरम पर है देश ही नहीं विदेशों में भी भारत की बदनामी हो रही है। अंत में इंडिया गठबंधन दल के एक शिष्टमंडल ने उपायुक्त हिमांशु मोहन से मिलकर महामहिम राष्ट्रपति महोदया के पदनाम ज्ञापन सौंपा। रैली प्रदर्शन में झामुमो के दीपू कुमार सिन्हा, समशुल होदा, अरूण कुमार दुबे, नसबोलेन आलम मानिक गंझु, पॉल एक्का, गोपाल सिंह, निर्मला उरांव, सुनैना कुमारी, ममता सिंह, रेखा देवी, सुरेश उरांव, मो इमरान, हेरहंज जिप समेत सैंकड़ों की संख्या में इंडिया गठबंधन दल के नेता कार्यकर्ता समर्थक शामिल हुए।

# जिला परिषद की बैठक, 83 योजनाएं पास

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद, लोहरदगा के कार्यकारिणी बैठक जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में हुई। बैठक में सर्वप्रथम पिछले बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गयी।

इसमें कुडू बस स्टैंड और कुडू हाट का चुंगी की पुनर्निधारित दर, जिला परिषद कार्यालय में दैनिक/आंशिक वेतन दर पर कार्यरत कर्मियों के मानदेय में वृद्धि, जिला परिषद कार्यालय में आंशिक दैनिक वेतन पर नियुक्त स्वीपर, किस्को मार्केट कंप्लेक्स में शौचालय आदि की मरम्मति कार्य हेतु प्रकाशित निविदा, पीएचईडी लोहरदगा द्वारा मार्च-



जुलाई माह में मरम्मत किये गये नलकूपों की संख्या, हर घर नल योजना के डीपीआर अनुसार कार्यान्वयन, उच्च विद्यालय टाकू में अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता, उच्च विद्यालय माराडीह तक पहुंच पथ की आवश्यकता, मध्य विद्यालय केकरांग में शिक्षकों की उपस्थिति, पाखर स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र में पेयजलापूर्ति हेतु पानी टंकी का निर्माण करने आदि निदेश शामिल हैं। 15वें वित्त आयोग मद वर्ष 2022-23 की राशि से प्राप्त आबद्ध मद से पेयजल, वर्षा जल संरक्षण, जल पुर्नचक्रण की तीन योजनाओं, आबद्ध मद से स्वच्छता एवं खुले में शौच मुक्त अवस्था को बनाये रखने से संबंधित योजना में सेन्हा प्रखंड में एक योजना, अनाबद्ध मद स्थानीय आवश्यकतानुसार कुल 14 प्रस्तावित योजनाओं का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी समीरा एस, सांसद प्रतिनिधि (लोहरदगा संसदीय क्षेत्र) चंद्रशेखर अग्रवाल, कार्यपालक पदाधिकारी कनकलता भानू एक्का, सभी जिला परिषद सदस्य, सभी प्रखंड प्रमुख, संबंधित जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और अन्य उपस्थित थे।

**सदस्यों ने उठायी समस्याएं**

बैठक में कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा जलमीनार की मरम्मति, जलमीनार की आवश्यकता, यात्री शेड, प्रखंड मुख्यालय में स्ट्रीट लाईट, बिजली की समस्या, पहुंच पथ की समस्या, स्वास्थ्यकर्मी की कमी, खनन के उपरांत गड्ढों को नहीं भरे जाने की समस्या आदि से अवगत कराया गया और समस्याओं को दूर किये जाने की मांग की गयी।

## अमरवाडीह में हाथियों ने तीन घरों को किया क्षतिग्रस्त, फसल को भी रौंदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र मे हाथियों की उत्पात लगातार जारी है।बीते सोमवार रात ग्राम पंचायत अमरवाडीह के बड़काबोन टोला में हाथियों की झुंड ने उत्पाद मचाते हुए तीन मजदूर बहादुर गंडू पिता चेतलात गंझु, हीरा गंझु पिता बनोधी गंझु व रामदेव गंझु पिता गोलू गंझु के घर को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज सहित कई घरेलू सामान के अलावा लगे खेती को भी कुचल कर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। जिससे तीनों मजदूर का लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। मंगलवार सुबह घटना की सुचना स्थानीय मुखिया सुशिला देवी व प्रमुख उर्मिला देवी को दिया। सुचना पाकर मुखिया, प्रमुख, वन कर्मी संतोष उरांव, समाजसेवी महेंद्र गंझु, महेंद्र उरांव, प्रभु गंझु, नन्दु उरांव, प्रदीप गंझु सहित कई



लोग पहुंचे और तीनों घर व फसल का जायजा लिया। और वन विभाग अधिनियम के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो की बालूमाथ बारियातू और हेरहंज प्रखंड क्षेत्र मे बीते पांच वर्षों से हाथियों की उत्पात जारी है। खेती की मौसम मे कई किसानों का फसल नस्ट कर दिया जाता है। वहीं अबतक कई लोगों को भी हाथियों ने कुचल कर मार डाला है। गरीब अशिक्षित व्यक्ति को मुआबजा लेने के लिए चक्कर लगाना पड़ता है। ग्रामीणों ने उचित मुआवजा दिलाने के साथ वन विभाग से अविलंब हाथियों की झुंड को हटाने की मांग की है।

## पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्राण जायसवाल की पुण्यतिथि मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सह समाजसेवी रहे स्व प्राण प्रसाद जायसवाल की 14वीं पुण्यतिथि उनके बीआईडी स्थित आवासीय परिसर में मंगलवार को मनायी गयी। मौके पर आम और खास लोगो ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर बीएस कॉलेज प्राचार्य शिव प्रसाद गुप्ता ने कहा कि स्व प्राण प्रसाद जयसवाल मृदुस्वभाव के मिलनसार व्यक्ति थे उन्होंने समाज के उत्थान और विकास के लिए बेहतर कार्य किए और आज जिले में प्रमुख समाजसेवी के रूप में उन्हें याद किया जाता है। सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव ने कहा की स्व प्राण प्रसाद जायसवाल समाजसेवी और कद्दावर कांग्रेस नेता थे। उनके द्वारा कांग्रेस पार्टी



को जिला अध्यक्ष रहते हुए काफी मजबूती प्रदान की गयी थी। साथ ही उनके द्वारा हर क्षेत्र में जनकल्याण कार्य किये गये हैं। जिसे आज भी हम सब याद करते हैं। श्रधांजलि अर्पित करने वाले में प्रमिला देवी, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, आशीष जायसवाल, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, समाजसेवी ओम सिंह, नेसार अहमद, प्रोफेसर लोहरा उरांव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग सहित अन्य शामिल है।

# बरवइया विद्यालय में बरती जा रही है भारी अनियमितता

### मध्याह्न भोजन में बच्चों को कभी भी नहीं दिया जाता है अंडा और फल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका।** प्रखंड केवल बरवईया पंचायत स्थित विद्यालय में शिक्षकों के द्वारा भारी अनियमितता बरतने का मामला प्रकाश में आया है। दिन मंगलवार को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बखार टोला में देखा गया कि विद्यालय के शिक्षक प्रसंगिध कुमार समय से पहले ही विद्यालय बंद करके चले गये हैं। जब ग्रामीणों से बात की गई तो लोगों ने कहा कि किसी काम की वजह से गुरुजी एक घंटा पहले ही विद्यालय बंद करके चले गये। वहीं छोटे-छोटे छात्रों से जब बात की गयी तो छात्र अपने विद्यालय और शिक्षक का नाम भी नहीं बता पा





रहे थे छात्रों ने बताया कि वे चौथे क्लास के छात्र हैं जिससे साफ तौर पर पता चल रहा था कि शिक्षक विद्यालय में मनमानी तरीके से बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं जिसके कारण छात्रों का शिक्षा प्रभावित हो रहा है। वहीं से लगभग 1 किलोमीटर दूर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बेतला का भी हाल वही था वहां भी शिक्षक प्रदीप कुमार समय से एक घंटा पहले ही विद्यालय बंद कर रफूचक्कर हो गये थे। वही रसोईया से बात करने के दौरान विद्यालय में पढ़ने वाले कुछ छात्रों ने वहां पर दिये जाने वाले मध्यान भोजन का विरोध करते हुए कहा कि हमारे शिक्षक विद्यालय में अपने मनमानी तरीके से मध्यान भोजन देते हैं हम लोगों को कभी भी अंडा या फल नहीं दिया जाता है बच्चों ने कहा कि हम लोगों ने जब इसके विषय में शिक्षक को बोला तो वह कहते हैं कि ठीक है अगली बार से अंडा फल देंगे लेकिन कभी भी हमें अंडा या फल नहीं दिया गया है। जब रसोईया से पूछा गया तो उसने कहा कि हमें जो शिक्षक खाना बनाने के लिए सामग्री देते हैं उसी को बनाकर हम बच्चों को देते हैं। वही इस विषय पर जब विद्यालय के शिक्षक प्रदीप कुमार से बात की गई तो उसने कहा कि मुझे बीआरसी ऑफिस में रिपोर्ट देना था इसीलिए विद्यालय समय से पहले बंद करके आ गया। मध्याह्न भोजन के विषय में उसने कहा कि सावन के महीने के चलते बच्चों को अंडा नहीं देते थे।

## विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों ने धरना प्रदर्शन में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। इंडिया महागठबंधन के तत्वाधान में महागठबंधन के सभी घटक घटक दलों के द्वारा मणिपुर राज्य में विगत 3 महीनों से जारी जाति हिंसा पर हस्तक्षेप करते हुए हिंसा पर रोक लगाने और शांति व्यवस्था बहाल करने तथा तत्काल मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने के संबंध में समाहरणालय मैदान में एक दिवसीय महा धरना का आयोजन किया गया। धरना को संबोधित करते हुए सभी घटक दलों के वक्ताओं ने कहा की मणिपुर राज्य की महिलाओं पर उत्पीड़न का अन्य राज्यों के साथ तुलना करने लायक नहीं है वहां महिलाओं के साथ जो उत्पीड़न दुर्व्यवहार और बलात्कार आदि किया गया है जो सर्वथा निंदनीय है। धरना में मुख्य रूप से कांग्रेस के उपाध्यक्ष मोहन दुबे, जेएमएम जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद, भाकपा माले के महेश सांवरिया, सीपीआईएम के दिलीप कुमार वर्मा, सीपीआई के आनंद कुमार दास, राजद के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मेहता, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, नेसार अहमद, जगदीश भगत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## नशा के लिए नहीं मिला पैसा तो युवक ने की आत्महत्या

भंडरा/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। भंडरा थाना क्षेत्र के जमगाई पंचायत अंतर्गत डूंमरी गांव का एक युवक रविंद्र लोहरा अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या की खबर पुलिस को मिलने पर पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया। इस संबंध में भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार के अनुसार मृतक के पिता सहेंद्र लोहरा ने बताया कि रविंदर लोहरा रोजाना शराब और गांजा पीता था। आज भी शराब पीकर घर आया और अपने पिता से पैसा की मांग करने लगा। पैसा नहीं देने पर वह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में भंडरा थाना में यूडी केस दर्ज किया गया है।

## किस्को में चार नव पदस्थापित पंचायत सचिवों ने दिया योगदान

किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा विगत दिनों नव चयनित पंचायत सचिवों को नियुक्ति पत्र बांटा गया था। इस दौरान लोहरदगा जिले में कुल 23 नव चयनित पंचायत सचिव को स्थानांतरण करते हुए जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। इसी तरह लोहरदगा जिला के किस्को प्रखंड में मंगलवार को चार नव चयनित पंचायत सचिवों ने योगदान दिया। जिसमें अजय कुमार, विजय भगत प्रतिनियुक्त पेशरार प्रखंड, दिवाकर उरांव और सुशील कुमार भगत किस्को प्रखंड शामिल हैं। इन नव पदस्थापित पंचायत सचिवों ने कहा कि विकास योजनाओं को पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतारना मुख्य उद्देश्य होगा।

## पंचायत भ्रमण कर 16 सदस्यीय टीम ने जोहार योजना का लिया जायजा



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बदला पंचायत और मुर्की तोडार पंचायत का 16 सदस्यीय टीम द्वारा भ्रमण कर जोहार परियोजना से प्राप्त लाभ एवं स्वरोजगार संबंधित जायजा लिया गया। पंचायत भ्रमण कार्यक्रम जेएसएलपीएस द्वारा संचालित जोहार परिजनों के अंतर्गत राज्य कार्यालय से जोहार स्टेट प्रोग्राम मैनेजर तपस रंजन बेहरा, प्रोग्राम मैनेजर विशाल भैगरा और टाटा ट्रस्ट के कुमार रंजन की अगुवाई में 16 सदस्य टीम आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, राजस्थान और नागालैंड राज्य से आये सदस्यों ने बदला पंचायत मदर यूनिट और मुर्की पंचायत के बंसरी गांव में मुर्गी शेड का निरीक्षण किया। जिसमें प्रखंड स्तर से मदर यूनिट के संचालिका प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी ने भ्रमण के दौरान बताया कि अब तक कुल 74 हजार 617 चुजो का वितरण 1865 परिवारों के बीच किया जा चुका है। इस मौके पर विनोद कुमार, रेखा लकड़ा, मीना, संगीता गोप, बेबी, संचू, प्रेममाला, सलमी, पुष्पा, रमिता, अंजू, ज्योती, अखज, रेनू आदि उपस्थित थे।

## बीमारियों की पहचान और बचाव के लिए सहियाओं को दिया गया प्रशिक्षण




सेन्हा (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार द्वारा जनसंख्या आधारित एनसीडी के तहत गम्भीर बीमारियों के विषय मे पहचान और बचाव के बारे में सहियाओं को एक दिवसीय परीक्षण दिया गया। राज्य स्तरीय प्रशिक्षक मुस्तफा अंसारी द्वारा प्रशिक्षण के क्रम में उच्च रक्तचाप, महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर, गर्भाशय में होने वाले कैंसर तथा स्त्री पुरुष के मुँह में होने वाले कैंसर के बारे में और मधुमेह के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया.वही प्रशिक्षक मुस्तफा अन्सारी ने बताया कि उच्च रक्तचाप के कारण तेज सिरदर्द, सीना में दर्द, हाथ पैर में सूनापन झिनझिन होना उच्च रक्तचाप का लक्षण है। वही महिलाओं के बच्चेदानी में कैंसर होने से माहवारी के उम्र पार करने पर असमान्य रक्त स्राव, सहवास के बाद खून आना गर्भाशय में कैंसर का लक्षण होता है.स्तन कैंसर में निप्पल से खून या पानी का स्राव, स्तन में गाँठ बनना या गिल्टी जैसा होना स्तन कैंसर का लक्षण है। किसी व्यक्ति को बार बार पेशाब होना, आँख कमजोर होना, थकान महसूस होना ये सभी मधुमेह होने का लक्षण है। साथ ही महिला पुरुष का मुँह में होने वाले कैंसर के बारे में भी बताया गया। जिला कार्यक्रम समन्वयक सतीश तिर्की और आलोक गुप्ता ने बताया कि बीमारी का उपचार के लिये नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों से संपर्क कर परामर्श लिया जा सकता है। बीमारियों का पहचान होने से किसी भी तरह की बीमारियों का इलाज सम्भव है। मौके पर अनिता उराँव, शिला उराँव, सावित्री कुमारी, जगमनी उराँव, सितारी देवी, कौशल्या देवी, चिंतामनी भगत, सरिता कुमारी, पार्वती देवी सहित सैकड़ों सहिया उपस्थित थे।

# भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने जनहित की समस्याओं को लेकर नये उपायुक्त से मुलाकात की



**बुके देकर स्वागत करते हुए जिले के सतत विकास की कामना की एवं पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले की जनहित समस्याओं के समाधान हेतु भाजपा का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी के नेतृत्व में नए उपायुक्त सत्यार्थी कर्ण से कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। जहां भाजपा नेताओं ने उपायुक्त को बुके देकर स्वागत करते हुए जिले के सतत विकास की कामना की। नेताओं ने उपायुक्त को पांची सूत्री मांग पत्र सौंपा।

जिसमें बताया गया गुमला जिला के 80% आबादी खेती पर आश्रित हैं जुलाई माह में बारिश नहीं होने की वजह से खेती का कार्य नहीं हो पाया है, पूरे जिले को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए। गुमला जिला में पीडीएस दुकान में दिसंबर 2022 का गरीब कल्याण योजना के सभी प्रखंडों में दुकानदारों को नहीं दिया गया है, इसकी जांच कराई जाए। गुमला नगर में विद्युत आपूर्ति में लोडिंग शेडिंग का को कम किया जाए और काला तार से विद्युत तार को कवर करने की व्यवस्था बनाई जाए। गुमला जिला के सभी बालू घाटों का नीलामी ग्राम सभा के माध्यम से कराकर निजी उपयोग हेतु, बालू डुलाई का अनुमति हेतु वर्षा ऋतु के बाद उचित कार्रवाई की जाए। गुमला जिला के संवेदकों को कार्य पूर्ण योजनाओं की राशि भुगतान हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए। मांग पत्र को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया समाधान की दिशा में अग्रेतर करवाई होगी।

प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साह, प्रदेश नेता विनय लाल, वरिष्ठ नेता भूपन साहू, महामंत्री सत्यनारायण पटेल, मिसिर कुजूर, लाल मोहन साहू राधेश्याम कुशवाहा, प्रदीप प्रसाद, दिनेश्वर प्रसाद, हरिहर कुमार, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, शंभू नायक, सुधीर नंद, बालकेश्वर सिंह, विजय शंकर दास, दिनेश सिंह शामिल थे।

## सावन पूर्णिमा को लेकर महादेव कोना पूजा समिति की बैठक आज

**बसिया (आजाद सिपाही)।** सावन पूर्णिमा को लेकर दो अगस्त को महादेव कोना पूजा समिति के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी ग्रामीणों की आवश्यक बैठक शाम 4 बजे से होगी। जिसमें सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के अलावे ग्रामीणों की उपस्थिति अनिवार्य है। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष सतीश साहू ने दी।

## प्रखंड कार्यालय में महिलाओं के लिए फीडिंग और चेंजिंग रूम का उद्घाटन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** विश्व स्तनपान सप्ताह के प्रारंभ होने के शुभ अवसर पर प्रखंड कार्यालय बसिया में महिलाओं के लिए फीडिंग और चेंजिंग रूम का उद्घाटन प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित अनुसेवक ममता कुमारी के द्वारा फीता काटकर किया गया। उक्त अवसर पर बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, सुपरवाइजर डेजी कुजूर, सलोमी तिग्गा समेत सभी प्रखंडकर्मी उपस्थित थे।

## धान रोपनी के लिए पटवन करने के क्रम में ग्रामीण की करेंट लगने से हुई मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** वर्षा नहीं होने से क्षेत्र के सारे खेत सूखे पड़े हैं। वहीं धान के बिचड़े भी खराब होते जा रहे हैं। किसानों को खेत में धान रोपा नहीं होने से चिंता सता रही है। पिछले वर्ष भी सूखा के कारण कई किसानों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इस वर्ष भी खेत में पटवन करने के दौरान एक व्यक्ति की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मामला पालकोट थाना अंतर्गत झिकिरमा डीपाटोली का है। सूखे खेत में धान रोपने के लिए तालाब से पटवन करने के क्रम में मशीन में लगे नंगे तार की चपेट में आने से 65 वर्षीय बंधु खड़िया पिता जाकू खड़िया की मौत हो गई। वही तालाब के समीप खेत में पटवन कर रहे लोगों ने तत्काल घायल को करंट के लपेटे तार से अलग कर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने जांच कर व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।

**प्रदर्शन :** मणिपुर में जारी हिंसा के विरोध में महागठबंधन दलों ने किया धरना-प्रदर्शन, कहा

# हमारे सभी घटक दल मिलकर नरेंद्र मोदी की सरकार को देश से उखाड़ फेंकेंगे

**महागठबंधन दलों के लोगों ने सिसई रोड स्थित विधायक आवास के समीप से पैदल मार्च निकाला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मणिपुर घटना को लेकर इंडिया महागठबंधन के तहत मंगलवार को कचहरी परिसर स्थित हड़ताली वृक्ष के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व स्थानीय विधायक सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष भूषण तिर्की ने किया। इससे पूर्व बड़ी संख्या में इंडिया महागठबंधन दलों के नेता व कार्यकर्ताओं का सिसई रोड स्थित विधायक आवास के समीप से पैदल मार्च निकाला गया। जिसमे बड़ी संख्या में आम लोगों ने भी अपनी सहभागिता निभाई। पैदल मार्च सिसई रोड होते हुए टॉवर चौक, मेन रोड, पटेल चौक, जशपुर रोड होते हुए हड़ताली वृक्ष के समीप पहुँचकर धरना में तब्दील हो गया। धरना में भी हजारों की संख्या में इंडिया महागठबंधन के सभी दलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर धरना को संबोधित करते हुए विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि भारत देश महान है। यहां रहने वाले सभी जाति धर्म के लोग एक समान है। केंद्र में मोदी सरकार है मणिपुर में भी भाजपा की सरकार है। मगर बीते 3 महीने से मणिपुर में जातीय हिंसा हो रही है। आदिवासियों को घरों से बेघर किया जा रहा है। मणिपुर में आदिवासी महिलाओं को नंगा करके घुमाया गया। सामूहिक दुष्कर्म किया गया। उन्हें मौत के घाट उतारा गया। मगर इतिहास गवाह है जब जब कोई आदिवासियों पर अत्याचार करता है वह भस्म हो गया है। हमारे सभी 26 घटक दल के इंडिया महागठबंधन दल के राष्ट्रीय नेता मिलकर नरेंद्र मोदी की निरंकुश और तानाशाही सरकार को देश से उखाड़ फेंकेंगे।

कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि दुर्भाग्य है कि मोदी सरकार से संविधान खतरे में आ गया है। और आदिवासी समाज मणिपुर में त्राहिमाम है। केन्द्र की यह मोदी सरकार आदिवासी विरोधी अल्पसंख्यक विरोधी पिछड़ा विरोधी सरकार है। संविधान पूरी तरह से खतरे में आ गया है। धरना को भाकपा माले के जिला सचिव गजेंद्र सिंह, राजद के जिला अध्यक्ष रवि बढ़ई, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला सचिव आरिफ अंसारी, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह सह झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो कलीम अख्तर ने संबोधित किया। सभा को संबोधित करने वालों में आशिक अंसारी, राजीव रंजन, रमेश चीनी आदि शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन रणजीत सिंह सरदार एवं धन्यवाद ज्ञापन मीडिया प्रभारी झामुमो गुमला मोहम्मद साजिद के द्वारा किया गया। इस मौके पर मो लड्डुन, संजय सिंह, राकेश, जेम्स तिर्की, महादेव भगत, अनवर खान, नुरुल हुदा मोहम्मद गयास, इस्लाम अंसारी, खालीद शाह, रोशन बरवा, निशा भगत, हंदू भगत, खुदी भगत दुखी,रामेश्वर, शशि साह, विनोद साहू, शशिकांत भगत, रवि उराव, सनीयारों उराव, जसमीन लुगुन,क्रिस्टीना कुजूर, बुधमानी उरांव, जावेद जाफर, नवरेज अंसारी,राम विलास, कलाम, तरुण गोप, राजेश टोप्पो, भुनेश्वर राम, अजीत केरकेट्टा, इमरान खान, मुख्तार आलम, आजाद अंसारी, राजेश टोप्पो, छोटू मिस्त्री, गीता देवी, जशोदा देवी, इबरार अंसारी, साहब आलम, शादाब आलम आदि उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी मामले में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवकुमार के घर पुलिस ने साटा इश्तेहार

**कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने दर्ज कराया है धोखाधड़ी का मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी के द्वारा सदर थाना में घाघरा निवासी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत व उनकी पत्नी संध्या भगत के ऊपर किये गए 15 लाख रुपये के धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। सदर थाना की पुलिस ने एसआई विवेक चौधरी के नेतृत्व में घाघरा स्थित शिवकुमार व संध्या भगत के आवास पर इश्तेहार चिपकाया गया।

इश्तेहार चिपकाने के दौरान शिवकुमार भगत के इलाके में वर्चस्व के कारण आसपास का कोई भी व्यक्ति स्वतंत्र गवाह बनने के लिए सामने नहीं आया। जिसके बाद पुलिस ने दो राहगीरों को स्वतंत्र गवाह बनाया। ज्ञात हो कि 28 अगस्त 2022 को रमेश चीनी ने सदर थाना में कांग्रेसी नेता शिव कुमार भगत की पत्नी संध्या भगत के विरुद्ध लिखित आवेदन देते हुए कहा था कि लोहरदगा मार्ग घाघरा स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अंतर्गत मां महदनिया पेट्रोल पंप संचालित है। जिसे चार वर्ष 11 माह तक के लिए किराए में देने हेतु संध्या भगत के द्वारा वर्ष 2018 में लिखित एकरारनामा के साथ 15 लाख रुपये सिक्यूरिटी मनी चेक संख्या 466087 व 682180 से लिया गया। इस दौरान गवाह के रूप में संध्या के पति शिवकुमार भगत के अलावे दो स्वतंत्र गवाह के रूप में कांग्रेस के ही नेता अकील रहमान व रामनिवास प्रसाद मौजूद थे। लिखित एकरारनामा में यह तय हुआ था कि संध्या भगत के द्वारा संचालित पेट्रोल पंप को 25 हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से 30 जुलाई 2021 से चार वर्ष 11 माह तक के लिए किराया में दिया जाएगा। साथ ही अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक माह के पांच तारीख को किराया देय होगा। वहीं सिक्यूरिटी मनी 15 लाख का कोई भी ब्याज देय नहीं होगा। और संध्या भगत के एक्सिस बैंक गुमला शाखा जो मां महदानिया पेट्रोल पंप के नाम से संचालित है उस खाते में हस्तच्छर का प्राधिकार रमेश कुमार चीनी को देंगे, ताकि पंप सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। मगर बार बार आग्रह व वकालतन नोटिस दिए जाने के बावजूद भी संध्या भगत ने न तो पेट्रोल पंप के संचालन का अधिकार दिया और न ही 15 लाख सिक्यूरिटी मनी रमेश को वापस किया। इसके बाद रमेश कुमार चीनी 21 फरवरी 2022 को जब उपरोक्त स्वतंत्र गवाहों के साथ संध्या भगत के घर निवेदन करने गए तो संध्या भगत ने स्पष्ट सिक्यूरिटी मनी 15 लाख रुपये वापस देने अथवा पंप का जिम्मा देने से साफ इंकार कर दिया। साथ ही उसने पति शिवकुमार भगत के साथ मिलकर रमेश के साथ लप्पड़ थप्पड़ व धक्का मुक्की कर मारपीट करते हुए पुनः आने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

# बिजली का तार जमीन से महज तीन फीट ऊंचाई पर झूलने से दुर्घटना की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**ठेठाईटांगर।** कोरोमियां महतो टोली के किसानों ने ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का के पास शिकायत कर कहा कि कोरोमियां महतो टोली पुल के पास बिजली का तार लूज होकर जमीन से महज तीन फीट ऊंचाई पर झूल रहा है। इस संबंध में बिजली विभाग को कई बार अवगत कराया गया है, फिर भी इसमें कोई सुधार नहीं हो पाया। खेती-बारी का समय होने के कारण कई प्रकार की अनहोनी का भय बना रहता है। वहीं जिप सदस्य अजय एक्का ने कहा कि बिजली विभाग इस समस्या के प्रति गैर जिम्मेदाराना आचरण कर रहा है। इसके संबंध में पिछले साल के नवंबर महीने में ही विभाग को अवगत कराया गया है, लेकिन कुछ सुधार नहीं हुआ। विभाग से मांग करेंगे कि यथाशीघ्र बिजली तार दुरुस्त की जाये अन्यथा अनहोनी होने पर बिजली विभाग जिम्मेदार होगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कृषि विज्ञान केंद्र गुमला में 15 दिवसीय समेकित पोषक प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण शुरू



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा मंगलवार को उर्वरक विक्रेताओं के लिए 15 दिवसीय समेकित पोषक प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण का आरंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी गुमला ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस प्रशिक्षण के माध्यम से विक्रेताओं में एक जागरूकता आएगी। इससे किसानों को उचित खाद एवं उर्वरक प्राप्त हो सकेगा। साथ ही साथ किसानों की जमीन को भी रासायनिक प्रभाव के दुष्प्रभाव का प्रभाव कम पड़ेगा। कार्यक्रम में विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर हम समेकित रूप से उर्वरक प्रबंधन करते हैं तो जहां जमीन में पोषक तत्व की उपलब्धता बनी रहेगी। साथ ही साथ किसानों को ज्यादा आय प्राप्त होगी। कार्यक्रम में डॉ संजय कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से गांव में एक जागरूकता आएगी, जिससे उर्वरकों का उचित उपयोग हो सकेगा और किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। कार्यक्रम में डॉ नीरज कुमार, डॉ निशा तिवारी, अटल बिहारी तिवारी, ईनो राय, डॉक्टर विनोद कुमार, श्वेता विश्वकर्मा, अजीत कुमार, रौनक कुमार, प्रणव कुमार, सुख सागर साहू के साथ-साथ 50 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

### आदिवासी दिवस को सफल बनाने को लेकर टाना भगतों की बैठक आयोजित

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर प्रखंड के थाना मैदान में मंगलवार को आगामी 9 अगस्त आदिवासी दिवस को सफल बनाने को लेकर टाना भगतों की बैठक की गयी। बैठक में टाना भगतों ने आदिवासी दिवस की तैयारी एवं रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करने का भी निर्णय लिया। जनार्दन भगत ने कहा कि कार्यक्रम पूरे धूमधाम से आयोजित किए जाएंगे, जहां राज्य स्तर के अतिथि भी शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से जनार्दन टाना भगत, पवित्र टाना भगत, मुनेश्वर टाना भगत, प्रधान टाना भगत, राजेंद्र टाना भगत, सोमेश्वर टाना भगत, मंत्री टाना भगत, अमीन टाना भगत, फूलचंद भगत, चेतन भगत, सोनू टाना भगत, सुलेमान टाना भगत, महावीर उरांव, नंदलाल कुम्हार टाना भागत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### भारत फाइनांस कंपनी के कर्मी से एक लाख रुपये और टैब की लूट



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत खटवा नदी डीपा से वसुआ जाने वाली सड़क में मंगलवार को लगभग साढ़े बारह बजे दिन में एक नकाबपोश अपराधी ने भारत फाइनांस कंपनी के कर्मी 24 वर्षीय संजीव कुमार को पिस्टल के बट से सिर पर वार कर घायल कर दिया और फाइनांस कंपनी के कलेक्शन का एक लाख रुपये, टैब, बैग भरा कागजात और बाइक की चाभी छीन कर भाग गया। घायल संजीव ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल से घायल संजीव और बाइक को थाना ले आया है। घायल संजीव का इलाज कराया गया। संजीव ने बताया कि वह पलामू जिला के पांडू थाना क्षेत्र का रहने वाला है। गुमला में लक्ष्मण नगर में किराए के मकान में रहकर फाइनांस कंपनी में काम करता है। मंगलवार को कंपनी का पैसा लेकर गुमला आ रहा था तभी वसुआ रोड के समीप बिना नंबर प्लेट वाली बाइक में एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे रोका और बैग छीनने लगा। जब वह बैग देने से इंकार किया तब कमर से पिस्टल निकाला और सिर पर वार कर दिया। चोट लगने से वह गिर गया। उसके सिर से खून बहने लगा। वह किनारे झाड़ी की ओर भाग गया तो मेरी बाइक की चाभी और बैग लेकर अपनी बाइक से भाग गया। बैग में कलेक्शन का एक लाख रुपये, एक टैब और कंपनी का कागजात था।

### सारांगो बांस शिल्पकार भवन में बांस कारीगरों के बीच 30 यूनिट टूल किट का किया गया वितरण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सारांगो बांस शिल्पकार भवन में कल्याण विभाग गुमला द्वारा 30 यूनिट बॉस कारीगरों के बीच टूल किट का वितरण मंगलवार को दिन के 4 बजे किया गया। टूल किट वितरण के मुख्य अतिथि मुखिया राजेश बड़ाईक ने 30 यूनिट टूल किट पुरुष एवं महिला बांस कारीगरों के बीच वितरित किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया राजेश बड़ाईक ने कहा कि टूल किट का वितरण कल्याण विभाग द्वारा होने से बांस कारीगरों का उसका लाभ मिल पाएगा। टूल किट में ड्रिल मशीन, कट्टर ग्राइंडर सहित कई कीट दिये गये हैं जिससे बांस कारीगरों को कार्य करने में काफी लाभ मिलेगा, ताकि वह बेहतर बांस की सामग्री बनाकर बाजारों में बेच पाएंगे और अधिक मुनाफा कमा सकेंगे। जिसमें किट के माध्यम से समय की भी बचत होगी। मौके पर प्रेम तुरी, शशि तुरी, आलोक तुरी, शांति देवी, कमला कुमारी, अमित तुरी, परसु तुरी, चिंता देवी, कांति कुमारी, विष्णु तुरी, रिझैन देवी सहित कई बांस कारीगर उपस्थित थे।

**प्रदर्शन :** मणिपुर घटना के खिलाफ चैनपुर में आदिवासी समुदाय ने मानव श्रृंखला बना कर जताया

# हिंसा का शिकार हो रहे लोगों को मिले इंसाफ : फा. रजत एक्का

**आदिवासी समाज के साथ हो रहे अत्याचार पर कठोर कदम उठाए सरकार : फा. अनिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** मणिपुर में आगजनी, हत्या, बलात्कार, हिंसा एवं अशांति के विरोध में बरवे आदिवासी एकता मंच की ओर से मंगलवार को मौन विरोध किया गया। इसके तहत मानव श्रृंखला बनाई गई। चैनपुर मुख्यालय के विभिन्न मार्गों से मानव श्रृंखला शुरू होकर बस स्टैंड अल्बर्ट एक्का चौक तक करीब दो किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाई गई। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा मणिपुर में महिलाओं के साथ बलात्कार और हिंसा रोकने से संबंधित आदिवासियों का हनन करना बंद करो, लोकतंत्र की हत्या करना बंद करो, मणिपुर सरकार हाय हाय, केंद्र सरकार होश में आओ, मणिपुर को न्याय दो, आदिवासियों को टारगेट करना बंद करो, हिंदू मुस्लिम सरना सीख इसाई आपस में है भाई भाई, जैसे लिखे स्लोगन की तख्ती साथ में लिए हुए थे। वहीं फा. रजत एक्का ने कहा कि मणिपुर में आदिवासी समाज की महिलाओं एवं लड़कियों पर हो रहे अत्याचार काफी शर्मनाक हैं। उन्होंने कहा कि मणिपुर में हिंसा का शिकार हो रहे लोगों को इंसाफ मिले। इसके साथ ही उन्होंने आदिवासी समाज के साथ हो रहे भेदभाव पर भी रोक लगाने की मांग की है। वहीं मौके पर फा. अनिल ने कहा कि मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हुई दरिंदगी ने पूरे देश को शर्मसार कर दिया है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, यहां सबको एक सामान रहने का अधिकार है। इसलिए देश भर में तमाम आदिवासियों के साथ हो रहे अत्याचार पर कठोर कदम उठाये सरकार। जिन दो महिलाओं के साथ जो घटना घाटी है उसके दोषियों को कड़ी सजा दी जाए।

**मानवता को शर्मसार करने वाली है घटना :** मानव श्रृंखला के बाद हुई सभा को संबोधित करते हुए झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री सदस्य सुशील दीपक मिंज ने कहा कि आदिवासियों को मणिपुर में जल जंगल जमीन से बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है, जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में हिंसा की घटना दुर्भाग्यपूर्ण और मानवता को शर्मसार करने वाली है। मणिपुर में आदिवासी समुदाय के लोगों पर दरिंदों के द्वारा बहुत गंदा अत्याचार हो रहा है। महिलाओं एवं लड़कियों को बलात्कार कर नंगा करके परेड कराने की घटना पूरे देश को शर्मसार कर रही है। उन्होंने कहा कि इतने दिनों से मणिपुर जल रहा है, जिसके बावजूद भी वहां के मुख्यमंत्री को हटाया नहीं गया। मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने की मांग करते हुए मणिपुर में शांति व्यवस्था बहाल करने, जान-माल के नुकसान पर प्रभावितों को पर्याप्त सहायता देने एवं हिंसा के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

मौके पर मुख्य रूप से पर लेवनार्ड खलखो, अनूप संजय टोप्पो, निरंजन बाड़ा, बर्नाड टोप्पो, फ्रांसिस जेवियर बाड़ा आलोक लकड़ा जस्टिन बाड़ा, रंजीत टोप्पो, अमित बरला, जोहन मिंज, अरविंद तिर्की, अशोक कुजूर, जेबियर टोप्पो सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# उग्रवादी संगठन जेजेएमपी का एरिया कमांडर सुमन यादव धराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर(पलामू)।** पलामू पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। उग्रवादी संगठन जेजेएमपी का एरिया कमांडर सुमन यादव उर्फ वीरेंद्र यादव को पांकी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसे मंगलवार को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया। इस संबंध में लेस्लीगंज एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर सुमन यादव उर्फ वीरेंद्र यादव पिता स्वर्गीय बांन्धों यादव उर्फ नंदकिशोर यादव अपने घर खपरमंडा आया हुआ है।



उक्त सूचना के आधार पर तत्काल सन्हा दर्ज करते हुए वरीय पदाधिकारियों को सूचित किया गया। वरीय पदाधिकारी के निर्देश अनुसार पांकी थाना पुलिस एक टीम गठित कर खपरमंडा पहुंची। जहां उसके घर पर छापेमारी की जा रही थी। इस दौरान सुमन यादव घर से भागने लगा। घर से भागने के क्रम में ही पुलिस उसे धर दबोचा। उग्रवादी कमांडर सुमन यादव उर्फ वीरेंद्र यादव अपने दस्ता सदस्यों के साथ मिलकर ठेकेदारों, व्यवसायियों एवं क्रेशर मालिकों को धमका कर उनसे लेवी लेने की बात स्वीकार किया है। एसडीपीओ ने बताया कि उक्त उग्रवादी वर्ष 2017 से जेजे एमपी उग्रवादी संगठन में सक्रिय था। वर्तमान में अपने संगठन के एरिया कमांडर के पद पर था। वर्ष 2017 में ही मनिका थाना क्षेत्र के ग्राम गुमराही में अभियुक्त सुमन यादव जेजेएमपी उग्रवादी के साथ मिलकर पुलिस के साथ मुठभेड़ करने की बात स्वीकार किया है। वर्ष 2018 में मनिका थाना क्षेत्र में ग्राम बकोरीया में जेजेएमपी के साथ मिलकर अपना वर्चस्व बढ़ाने हेतु ग्रामीणों के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर देने का बात स्वीकार किया है। साथ ही 2018 में ही ग्राम जीरो के चंनवार जंगल में लेवी वसूलने के लिए ग्राम बरवईया थाना मनिका के एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर देने के बात भी स्वीकार किया है। छापेमारी दल में पांकी थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव, पुअनि कुन्दन कुमार पासवान, आ-678 रामेश्वर यादव, आ 672 विभव शुक्ला, आ-252 रविन्द्र कुमार शुक्ला, आ-673 प्रताप प्रकाश, आ-242 निशांत कुमार, चालक आरसी 647 रामचंद्र गोप आदि शामिल थे।

# डीसी ने जेएसएलपीएस से संचालित योजनाओं की समीक्षा की, दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने मंगलवार को एनआईसी सभागार में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना, पशुपालन, जोहार परियोजना, दीदीबाड़ी, बंधन विकास केंद्र, डीडीयू-जेकेवाई जैसे कई योजनाओं की समीक्षा की। डीसी ने जेएसएलपीएस द्वारा संचालित योजनाओं में शिथिलता को देखते हुए असंतोष प्रकट की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति में तेजी लायें, इसके लिए पूरी लगन के साथ कार्य करें अन्यथा लापरवाही बरतने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने जोहार




परियोजना में बने एफपीसी को धान खरीद बिक्री जैसे अन्य कार्य में शामिल करने, बिरसा हरित ग्राम योजना, बंधन विकास कार्यक्रम, जॉब एंड स्किल में प्रगति लाने का निर्देश सबंधित पदाधिकारी को दिया। साथ ही उन्होंने सुखाड़ को देखते हुए सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधको को निदेशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रो में आजीविका की गतिविधियों को बढ़ायें। बैठक में डीडीसी रवि आनंद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# डीसी कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आए समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।



जनता दरबार मे पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी निवासी बेबी देवी, रूबी देवी, सबिता देवी, मीना देवी, नीलम देवी, सुषमा देवी ने उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास देने की गुहार लगायी। इसी तरह मेदिनीनगर प्रखंड क्षेत्र के चंचला कुमारी और रीता कुमारी ने उपायुक्त से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ देने की गुहार लगायी। इसी तरह तरहसी थाना क्षेत्र के बिनोद कुमार सिंह ने उपायुक्त से पलामू जिला के तरहसी प्रखंड में एफपीओ के गठन में अनियमितता की शिकायत करते हुए जांच करवाने की मांग किया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास और जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# हर जिले में रेड क्रॉस का सेवा कार्य अव्वल : शशि रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेड क्रॉस सोसाइटी पलामू प्रमंडल के एक्सक्यूटिव एवं सक्रिय सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सह पलामू डीसी से मिलने उनके कार्यालय पहुंचा।

प्रतिनिधिमंडल में मुख्य परियोजना पदाधिकारी इंद्रजीत सिंह डिंपल ने डीसी को रेड क्रॉस की पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए अनुरोध किया कि रेड क्रॉस के सेवा कार्यों में विस्तार की आवश्यक है। पहले रेड क्रॉस के पास ब्लड बैंक, आरोग्य सदन,डीडीआरसी,एक्स-रे केंद्र एवं ईसीजी सेंटर थे। पर अब मेडिकल कॉलेज के बनने के




पश्चात रेडक्रॉस से आरोग्य सदन,डीडीआरसी एवं ब्लड बैंक के संचालन का हस्तांतरण करा लिया गया हैं। डीसी ने सभी सदस्यों की बात सुनी और बताया कि रेड क्रॉस का सेवा कार्य हर जिले में अव्वल है, और मेरा प्रयास रहेगा कि हमारी देखरेख में पलामू में भी रेड क्रॉस बेहतर से बेहतरीन काम कर सकें। उन्होंने प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार को रेड क्रॉस के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करने एवं संस्था की बेहतरी के लिए विचार प्राप्त कर मार्गदर्शन देने का अनुरोध किया।

कुछ सदस्यों ने विचारों के क्रम में अनुरोध किया कि रेड क्रॉस का चुनाव विगत कुछ वर्षों से टाला जा रहा है। इस लिए लोकतांत्रिक मयार्दा के अनुसार चुनाव आवश्यक है। जिस पर डीसी ने कहा कि यह सारी बातों को रवि कुमार देख लेंगे और जल्द ही इन पर विचार करने के लिए हम लोग पुनः बैठक करेंगें। उपायुक्त के स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप में निलेश अग्रवाल, रंजीत मिश्रा, रिंकू दुबे, राकेश सोनी, अमिताभ कुमार मिश्रा, पंकज जायसवाल, सुधांशु पाठक, रोहित जैन, संजय अग्रवाल, जितेंद्र कुमार, प्रिंस कुमार आदि उपस्थित थे।

# ग्रामीण के निधन पर राजद नेता ने शोक जताया

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड के डंडिला पंचायत के घघरा गांव निवासी सोमारू राजवंशी का आकस्मिक निधन हो गया।घटना की सूचना पाकर युवा राजद नेता सह प्रदेश महासचिव रवि कुमार यादव ने परिजनों से मिलकर ढाढ़स बंधाया और दुख की घड़ी में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके पर मौजूद चंदन बैठा, धर्मेन्द्र यादव, कृष्णा यादव ,उदेश राजवंशी पनू राम, राजदेव राम, धर्म राम, अनुज यादव, पप्पु यादव, शंभू यादव, अकलेश यादव समेत कई राजद कार्यकर्ताओ ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# नवाडीह के हेडमास्टर की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन




हुसैनाबाद(आजाद सिपाही)। प्रखंड के राजकीय मध्य बिद्यालय नवाडीह के प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह का सेवानिवृत्ति के उपरांत उनके सम्मान में बिद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता मुखिया अनंती देवी और संचालन वरीय शिक्षक अंगद प्रसाद और प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी ने क्रमशः किया। द्वीप प्रज्वलित अजाप्टा जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे, संगठन सचिव राजीव रंजन पांडेय, संयुक्त सचिव मनोज कुमार द्विवेदी, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक श्याम नारायण सिंह और मुखिया अनंती देवी द्वारा किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र और कलम डायरी भेंट कर माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ये अनुशासित व कर्त्तव्यपरायण शिक्षक के रुप में याद किये जायेंगे, सादगी के प्रतिमूर्ति थे। इनका शेष जीवन आनंदमय, स्वस्थ व सुखमय बीते मंगल कामना की गयी। मौके पर अजाप्टा प्रखंड अध्यक्ष सचिव निर्मल कुमार, प्रियेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, बिनोद सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे। और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन दीपनारायण सिंह ने किया और सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आयुष्मान पखवाड़ा के तहत विश्रामपुर में 30 लोगों को मिला आयुष्मान कार्ड



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर(पलामू)।** आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत संचालित आयुष्मान पखवाड़ा के तहत मंगलवार को बीडीओ प्रशांत हेम्ब्रम ने 30 नए लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड वितरित किया। यहां बताते चलें कि पूरे राज्य में 21 जुलाई से चार अगस्त तक आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के तहत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत सभी गुलाबी,पिला और हरा राशनकार्ड धारकों को आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इससे उन्हें पांच लाख तक प्रति वर्ष,प्रति परिवार मुफ्त इलाज हो सकेगा। लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड वितरित करते हुए विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत हेम्ब्रम ने कहा कि गरीब परिवारों के लिए यह योजना काफी लाभदायक सिद्ध हो रहा है। अब अथार्भाव के कारण गरीब परिवार के मरीजों की असमय मौत नहीं होगी। उन्होंने प्रखंड के वैसे सभी कार्डधारकों से अनुरोध किया है जो अभी तक इसके लाभ से वंचित हैं, वे भी अपना आयुष्मान कार्ड बनवा ले। मौके पर विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के राजन बघेल सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

# मिशन इंद्रधनुष को लेकर सेविकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं की मासिक बैठक सह मिशन इन्द्रधनुष एमडीए/आई डीए के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । मासिक बैठक में महिला पर्यवेक्षिका नीलम कुमारी, किरण कुमारी व प्रखंड परियोजना सहायक(पोषण ट्रैकर) राकेश कुमार ने सेविकाओं को पोषण ट्रैकर व एक अगस्त से सात अगस्त तक चलने वाले स्तन पान सप्ताह के अंतर्गत होने वाली कार्य योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी। स्वास्थ्य विभाग से एम टी एस धीरेंद्र कुमार ने बताया कि फलेरिया उन्मूलन के लिए 10 अगस्त से 25 अगस्त तक अभियान चलाकर एमडीए/ आईडीए की गोली खिलाकर कार्यक्रम को सफल बनाना है। उन्होंने बताया कि फलेरिया स्वस्थव्यक्ति को मच्छर काटने के 5 से 7 साल के बाद फलेरिया का लक्षण दिखाई देता है स्वस्थ व्यक्ति को भी यह दवा खाना अनिवार्य है। यह दवा 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिला एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को यह दवा नही देना है। अंत मे नगर पंचायत क्षेत्र के रामबीघा आगनबाड़ी केन्द्र की सेविका रामसखी मिश्रा के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर रश्मि देवी, माधुरी देवी अम्बिया प्रवीण शारदा कुँवर, कमला देवी, दमयन्ती देवी, प्रमिला सिंह व सावित्री देवी समेत कई अन्य सेविकाएं उपस्थित थी ।

# कैंपस सेलेक्शन शिविर में 60 युवकों का एसआइएस ने किया चयन, दिया गया नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर(पलामू)।** बीमोड़ में स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सभागार में कैंपस सलेक्शन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कॉलेज के सचिव डॉ शशि नाथ चौबे व प्राचार्य संतोष कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कॉलेज के बतौर प्रतिनिधि नामधारी कॉलेज के भूगोल विभागाध्यक्ष अरविंद कुमार व विनोद पाठक तथा एसआईएस के राजेश गुप्ता उपस्थित थे। शिविर में सबसे पहले छात्रों को एसआईएस के पदाधिकारियों द्वारा भर्ती प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इसके बाद छात्रों का निबंधन कराया गया। जिसके बाद भर्ती प्रक्रिया आरंभ की गयी। सभी मानकों और मापदंडों को पूरा करने वाले 60




छात्रों का चयन हुआ। जिनको शिविर में ही नियुक्ति पत्र भी दे दिया गया। सभी छात्रों को एक सप्ताह के अंदर बेलचांपा स्थित एसआईएस प्रशिक्षण केंद्र में बुलाया गया है, जहां कागजातों के जांचोपरांत सभी को सीधे भर्ती किया जायेगा। मौके पर कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक शशि रंजन सिंह,प्रो कृष्ण कुमार चौबे, डॉ श्याम मिश्रा, रंजन दुबे,राकेश शुक्ला, रामजी चौबे, संतोष शुक्ला, ज्योति कुमारी, संजय पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

# बिश्रामपुर डाक बंगला परिसर में राजद प्रखंड और नगर कमेटी की हुई संयुक्त बैठक



बिश्रामपुर(पलामू)(आजाद सिपाही)। बिश्रामपुर के डाक बंगला परिसर में राजद प्रखंड और नगर कमेटी की एक संयुक्त बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव व संचालन नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी ने किया। बैठक में संगठन के मजबूती और विस्तार पर चर्चा हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि राजद जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय पासवान, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, धीरेंद्र सिंह पप्पू,रूबी ऋषि और ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ गुड्डू गुप्ता उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने कहा कि राजद सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाली एक मात्र पार्टी है। ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि राजद गरीबों, दलितों और अकलियतों के दिलों में बसी हुई पार्टी है। मौके पर डॉ देवप्रताप राम, जिला महासचिव रमेश चौबे, अरविंद, चतर्गुन, मुंद्रिका, रविंद्र सहित कई राजद नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



देवधर ट्रॉफी 2023: रियान पराग का दूसरा शतक ईस्ट जोन ने वेस्ट जोन को 152 रन से हराया। रियान पराग ने नॉर्थ जोन के लिए 102 रन की नाबाद पारी खेली और वेस्ट जोन से ओपनर हार्विक देसाई ने 92 रन की पारी खेली

# देवधर ट्रॉफी 2023: रियान पराग का दूसरा शतक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑलराउंडर रियान पराग की दूसरी शतकीय पारी की बदौलत ईस्ट जोन ने देवधर ट्रॉफी में वेस्ट जोन को 157 रन से हराया। वहीं एक अन्य मैच में नॉर्थ जोन ने नॉर्थ ईस्ट जोन को 9 विकेट से जीत दर्ज की।

**रियान पराग ने नॉर्थ जोन के लिए 102 रन की नाबाद पारी**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नॉर्थ जोन ने 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 319 रन बनाए। वहीं टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्ट जोन 162 रन पर ही सिमट गयी। ईस्ट की ओर से



रियान पराग ने 68 गेंदों में 102 रन की नाबाद पारी खेली। उनका टूनामेंट में यह दूसरा शतक है। इससे पहले उन्होंने टूनामेंट में नॉर्थ जोन के खिलाफ 102 गेंदों में 131 रनों की पारी खेली थी। पराग ने छठवें नंबर पर आकर 66 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपनी 102 रन की नाबाद पारी के दौरान 5 छक्के और 6 चौके जमाये। पराग ने कुशाग्र के साथ 150 रनों की पार्टनरशिप की पराग ने कुशाग्र के साथ मिलकर छठवें विकेट के लिए 106 गेदों में 150 रनों की पार्टनरशिप की। जिससे इस्ट जोन का स्कोर 319 रनों तक पहुंच गया। कुशाग्र ने 47 गेंदों पर 53 रन बनाये। इन दोनों के अलावा ओपनर अभिमन्यु ईश्वरन ने 38 और उत्कर्ष सिंह ने 50 रन बनाये। वहीं विराट सिंह ने 52 गेंदों पर 42 रन बनाये।

**वेस्ट जोन से ओपनर हार्विक देसाई ने 92 रन की पारी खेली**

वहीं वेस्ट जोन से ओपनर हार्विक देसाई के अलावा कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं पाया। देसाई ने 92 गेंदों पर 92 रन बनाए। उन्होंने 13 चौके और 2 छक्के भी जड़े।

ईस्ट जोन के लिए मणिशंकर मुरासिंघ ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए।

**नॉर्थ ईस्ट जोन 101 रन पर सिमटा**

नॉर्थ ईस्ट जोन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 32.1 ओवर में 101 रन पर सिमट गई। नॉर्थ जोन की ओर से मयंक मारकंडे ने 4 और मयंक यादव ने 3 विकेट लिए।

वहीं 102 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी नॉर्थ जोन 1 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया। नॉर्थ जोन की ओर से प्रभसिमरन सिंह ने बिना विकेट खोए हुए 40 और हिमांशु राणा ने 33 गेंदों पर नाबाद 52 रन की पारी खेली।

# एशियन चैंपियंस हॉकी ट्रॉफी के लिए भारत पहुंची पाकिस्तान टीम

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने के लिए मंगलवार को वाघा बॉर्डर से भारत पहुंची। पाकिस्तान को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत से 9 अगस्त को भिड़ना है। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी टूनार्मेट 3 अगस्त से 12 अगस्त तक चेन्नई में होना है। पाकिस्तान टीम वाघा बॉर्डर से अमृतसर जाएगी और वहां से चेन्नई के लिए रवाना होगी। पाकिस्तान टीम के साथ हाल ही में टीम के सलाहकार नियुक्त हुए शाहनाज शेख सहित तीन



अधिकारी भी आये हैं। शाहनाज को पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने जुलाई की शुरूआत में ही पाकिस्तान हॉकी टीम का सलाहकार बनाया था। शाहनाज 2014 में पाकिस्तान के मुख्य कोच थे। तब भारत में हुई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा था। 3 अगस्त से मलेशिया के खिलाफ मैच से करेगी अपने अभियान की शुरूआत। पाकिस्तान टीम 3 अगस्त से मलेशिया के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरूआत करेगी। पाकिस्तान को लीग में 5 मुकाबले खेलने हैं। वहीं भारत के खिलाफ पाकिस्तान को लीग के आखिरी में भिड़ना है। पाकिस्तान को भारत से 9 अगस्त को भिड़ना है। जबकि पाकिस्तान 4 अगस्त को अपने दूसरे मुकाबले में कोरिया से और 6 अगस्त को जापान से भिड़ेगा। जबकि 7 अगस्त को चीन से भिड़ेगा।

## अशहाद शाहिद को नीट में सफलता प्राप्त करने पर प्राचार्य ने सम्मानित किया



**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल में अशहाद शाहिद को सम्मानित किया गया। नीट 2023 की परीक्षा में अशहाद शाहिद को 605 अंक हासिल हुए। बचपन से ही अशहाद शाहिद मेहनती व अनुशासित विद्यार्थी थे अपनी कड़ी मेहनत के आधार पर 2023 की नीट परीक्षा में अपना स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने अशहाद शाहिद को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया। प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने कहा कि परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। शाहिद ने जिसे साकार कर नीट परीक्षा में अपना स्थान दर्ज किया।

## रोजगार को लेकर युवा बेरोजगार मंच ने किया आंदोलन का शंखनाद




**धनसार।** बीसीसीएल विश्वकर्मा परियोजना आउटसोर्सिंग में रोजगार की मांग को लेकर मंगलवार को युवा बेरोजगार मंच ने सैकड़ो असंगठित मजदूरों के साथ बैठक कर आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। मंच के अध्यक्ष गुड्डू सिंह ने बैठक के दौरान कहा कि आउटसोर्सिंग खुलने से बलास्टिंग और प्रदूषण की मार स्थानीय लोग झेलेंगे। इसलिए रोजगार के मुद्दे पर स्थानीय लोगों को ही प्राथमिकता मिले।अगर स्थानीय को रोजगार नहीं मिला तो चरणबद्ध आंदोलन की जाएगी। एक सप्ताह के अंदर मशाल जुलूस निकाला जाएगा। इसके बाद भी आउटसोर्सिंग प्रबंधन नहीं माना तो आउटसोर्सिंग और विभागीय चल रहे परियोजना का कार्य ठप कर दिया जाएगा। साथ ही भुख हड़ताल भी की जाएगी। इस दौरान मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बैठक मे गुड्डू सिंह, शिव शंकर सिंह,पप्पू सिंह, नागेंद्र सिंह, सोनू धाड़ी, रवि दास, सुनिल पासवान, नाथु चौधरी, प्रदीप कुमार, बबिता देवी, फुलझरिया देवी, चंद्रकला देवी सहित अन्य थे।

## ऑटो चालक ने किया छात्रा के अपहरण का प्रयास, लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**झरिया।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत मदर टेरेसा स्कूल जामाडोबा कक्षा 9वीं की छात्रा को टेम्पो चालक वाजिद अली के स्कूल गेट से अपहरण करने का प्रयास स्थानीय लोगों ने विफल कर दिया है और वाजिद अली को जोड़ापोखर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पीड़ित छात्रा ने पुलिस को बताया है कि टेम्पो चालक रोक कर कहने लगें की तुम मेरा दिल ना तोड़े नही तो ठीक नही होगा,और जबरन टेम्पो में बैठाने लगा तभी उसने शोर मचाया। तो स्थानीय लोग जुट गए और वाजिद को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। छात्रा ने बताया है की वह नगीना बाजार भौरा अपने घर जाने के लिए जब भी स्कूल से निकलती हैं टेम्पो चालक कई दिनों से छेड़छाड़ कर रहा है, मंगलवार को अपहरण करने का प्रयास करने लगा। स्कूल के सचिव किशोर कुमार ने बताया है की टेम्पो चालक को सजा दिलाने के लिए हर तरह का प्रयास किया जायेगा। पुलिस ने टेम्पो संख्या जेएच 10 सीपी 4876 को जप्त कर जांच शुरू कर दिया है।

## 3 अगस्त को दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन




**चतरोचट्टी।** गोमिया प्रखंड में स्थित प्रखंड संसाधन केन्द्र गोमिया कार्यालय के परिसर मे समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए प्रखंड स्तरीय जांच शिविर एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन 3 अगस्त को आयोजित किया जायेगा। जिसमें प्रखंड के सभी शिक्षकों को पत्र प्रेषित किया गया है। इस संबंध में गोमिया प्रखंड के संसाधन शिक्षिका स्नेहलता कुमारी और प्रखंड के दिव्यांग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष चिंतामन कुमार महतो ने बताया कि इस शिविर में 3 से 18 वर्ष (प्री प्राइमरी से कक्षा 12 तक) के सभी दिव्यांग छात्र-छात्राओं शामिल होना आवश्यक है और सभी दिव्यांग छात्र छात्राएं अपने साथ एडीआईपी-एसएसए फॉर्म में भरा हुआ होना चाहिए और साथ में आय प्रमाण पत्र, दो फोटो और दिव्यांगता प्रमाण पत्र की छाया प्रति लाना अनिवार्य है। जिनके पास दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं है वह भी उपस्थित हो सकते हैं।

## विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**चिरकुंडा।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर मंगलवार को बीपी नियोगी अस्पताल डीवीसी मैथन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सप्ताहव्यापी कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश कुमार ने किया। मौके पर उपस्थित माताओं एवं अन्य स्वाथ्यकर्मियों को वक्ताओं ने मां की दूध की खासियत पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही लोगों से इस महत्वपूर्ण जानकारी को घर-घर तक पहुचाने पर जोर दिया। डॉ कुमार ने कहा कि स्तनपान प्रकृति का सर्वोत्तम उपहार है। जहां शिशु को पहले आहार के रूप में सर्वश्रेष्ठ भोजन प्राप्त होता है, वही माँ और बच्चे में भावनात्मक रिश्ता भी बनता है। इससे दोनों को ही अमूल्य संतुष्टि हासिल होती है। उन्होने कहा कि स्तनपान करने वाले बच्चों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता तुलनात्मक रूप से अधिक होती है। मां का दूध उन्हें सर्दी, जुकाम, खांसी या अन्य संक्रमण से बचाने में सहायक होता है अन्य प्रकार की बीमारी की सम्भावना भी स्तनपान करने वाले शिशुओं में कम होती है। डॉ कुमार ने बताया कि सिर्फ गंभीर बीमारी पर ही चिकित्सको की सलाह पर मां अपने बच्चों को दूध पीला सकती है। जैसे माँ को किसी प्रकार का गंभीर संक्रमण या बीमारी जैसे टीबी, एड्स आदि हो जो दूध के माध्यम से शिशु को भी हो सकता है तो स्तनपान नहीं कराना चाहिए। साधारण बुखार आदि की स्थिति में निसंकोच स्तनपान कराया जा सकता है। इस बारे में चिकित्सक से सलाह अवश्य ले लेनी चाहिए। वही महिला रोग विशेषज्ञ डॉ संगीता रानी ने कहा कि मां के दूध में मौजूद प्रोटीन और वसा गाय के दूध की तुलना में भी अधिक आसानी से पच जाता है।

# गैंगस्टर प्रिंस खान के पिता नासिर ने किया सरेंडर, पुलिस ने दो गुर्गों को भी दबोचा

अब तक इन लोगों ने किन किन लोगों से रंगदारी ली है पुलिस पता लगाने में जुटी है

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद पुलिस के लिए सिरदर्द बन चुका गैंगस्टर प्रिंस खान पर अब धीरे-धीरे पुलिस का शिकंजा कसना शुरू हो गया है। इसी क्रम में बैंक मोड़ पुलिस ने पिछले दिनों वासेपुर में ढोल बाजे के साथ गैंगस्टर प्रिंस खान के घर इस्तिहार चिपकाया और जल्द कोर्ट में सरेंडर करने का फरमान सुनाया था। वहीं दूसरी ओर लगातार पुलिस द्वारा प्रिंस के गुर्गों व उसके अन्य सहयोगियों को गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। पिछले दिनों पलामू से प्रिंस का अफजल नामक एक शूटर गिरफ्तार किया गया था। वहीं मंगलवार को बैंक मोड़ थाना के कांड संख्या 90/2023 नन्हे खान हत्याकांड से जुड़े गवाहों को धमकाने के मामले में गैंगस्टर प्रिंस खान के पिता नासिर खान ने सीजेएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया जिसके बाद पुलिस ने आरोपी नासिर खान को जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर ने प्रेस वार्ता कर प्रिंस के दो गुर्गे को गिरफ्तार किये जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रिंस खान के दो गुर्गो गुड्डू और अरमान आलम को बैंकमोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय और उनकी टीम ने गिरफ्तार किया है। आरा मोड़ ब्रिज के नीचे से पकड़े गए दोनों अपराधियों की उम्र महज 19 वर्ष है और उनके पास से आर्म्स और 60 हजार नकदी भी बरामद हुआ है। अब तक इन लोगों ने किन किन लोगों से रंगदारी ली है पुलिस पता लगाने में जुटी है । जब्त 60 हजार की राशि भी रंगदारी से वसूली गयी रकम थी। पकड़े गए अपराधियों का काम रंगदारी मांगना, आर्म्स उपलब्ध कराना, पैसे को ठिकाने लगाने समेत अन्य कार्य मे संलग्न थें। डीएसपी विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिन्हा ने बताया कि धनबाद पुलिस प्रिंस खान के गैंग को पूरी तरह से ध्वस्त कर उसे भी गिरफ्तार करेगी।

# मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

उक्त कार्यक्रम का अध्यक्षता हीरालाल मांझी जिला अध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो द्वारा किया गया

आंदोलन में शामिल कार्यकर्ताओ ने देश के पीएम से मणिपुर के मुख्यमंत्री एन वीरेंद्र सिंह के इस्तीफे की मांग की।

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** इंडिया में शामिल सभी घटक दलों झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस राज सीपीआई सीपीएम मार्ले सीपीएम एमसीसी जनता दल यूनाइटेड आप एनसीपी समाजवादी पार्टी एवं टीएमसी के संजू द्वारा संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय बोकारो में मणिपुर में जातीय हिंसा और कुकी जनजाति की। महिलाओं को निर्वस्त्र कर खुलेआम सड़कों पर घुमाने तथा उनके साथ सामूहिक बलात्कार करने की अत्यंत घृणित एवं आवा अमान्य घटना भाजपा के सुनियोजित साजिश के तहत करवाने तथा भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र एवं राज्य सरकार की। संवेदनहीनता के विरोध में धरना के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदय को तत्काल मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने हेतु एक ज्ञापन सभी दलों के द्वारा उपायुक्त महोदय बोकारो को दिया गया। उक्त कार्यक्रम का अध्यक्षता हीरालाल मांझी जिला अध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उमेश प्रसाद राजद के जिला अध्यक्ष बुध नारायण जाधव सीपीआई के जिला अध्यक्ष मो अब्दुला सीपीएम माले के जिला सचिव देवासी सिंह दिवाकर सीपीएम के जिला सचिव भागीरथ शर्मा गया। राम एमसीसी के जिला अध्यक्ष दिलीप तिवारी जनता दल यू के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार आप के जिला अध्यक्ष चौबे प्रदीप कु महतो जेडीयू जिला अध्यक्ष, एनसीपी के जिला अध्यक्ष जसवीर सिंह समाजवादी पार्टी के जिला अभय सिंह जिला संतोष रजवार केंद्रीय सदस्य झारखंड मुक्ति मोर्चा बी के चौधरी केंद्रीय सदस्य झामुमो मंटू यादव के स के समिति झामुमो मोहम्मद हसन केंद्रीय सदस्य झारखंड मुक्ति मोर्चा विजय रजवार जिला उपाध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा मदन मोहन महतो विश्वनाथ महतो अशोक मुर्मू कोषाध्यक्ष झामुमो मनोज कुमार प्रदेश सचिव कांग्रेस सरोज चौधरी जिला सचिव कांग्रेस मो गुलाम हसन जिला सचिव कांग्रेस घनश्याम चौधरी प्रदेश महासचिव राजद देवासीश मंडल आशा देवी कांग्रेस एब सभी इंडिया घटक दलो के सभी सम्मानित केंद्रीय पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### कांग्रेस, झामुमो, राजद, आप, जदयू सहित वामपंथी पार्टियां रहीं आंदोलन में शामिल




**धनबाद (आजाद सिपापही)।** मणिपुर घटना के विरोध में मंगलवार को नव गठित दल इंडिया के बैनर तले आक्रोश मार्च निकाला। जिला परिषद मैदान से शुरू होकर आक्रोश मार्च रणधीर वर्मा चौक पहुंचा और केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। आंदोलन में शामिल कार्यकर्ताओं ने देश के पीएम से मणिपुर के मुख्यमंत्री एन वीरेंद्र सिंह के इस्तीफे की मांग की गई साथ ही इस मुद्दे पर देश के सर्वोच्च सदन में जवाब देने की अपील की। धरना प्रदर्शन में शामिल तमाम पार्टियों के नेताओं ने एक स्वर से कहा कि मणिपुर की घटना से देश शर्मसार हुआ है। ऐसी घटना घटने के बाद देश के प्रधानमंत्री का जो कर्तव्य होना चाहिए उन्होंने उसे नही निभाया। देश आज सर्वोच्च सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस बात पर चुप्पी तोड़ने की मांग करती है आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मांगे गए सवाल का जवाब सदन में क्यों नहीं देते इससे साबित होता है कि हमारे देश के राजा में संवेदना समाप्त हो गयी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह, बिजय सिंह, राजेश्वर सिंह यादव, सतपाल सिंह ब्रोका, राजद जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव, महासचिव मुमताज कुरैशी, जेएमएम जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, मन्नू आलम, डॉ नीलम मिश्रा, जदयू महानगर अध्यक्ष पिंटू सिंह, मासस जिलाध्यक्ष हरि प्रसाद पप्पू एवं सभी दलों के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## करंट की चपेट में आकर महिला की मौत



**झरिया।** झरिया के जोरापोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत पाथरबंग्ला जामाडोबा के रहने वाले असंगठित मजदूर धनन्जय राम की 32 वर्षीय पत्नी मीरा देवी की मंगलवार को करंट की चपेट में आकर मौत हो गई है। पुलिस ने पंचनामा कर परिवार के लोगों को शव सौंप दिया। स्थानीय लोगों को कहना है जामाडोबा आरएस फीडर सेंटर 200 केबी का ट्रांसफार्मर पोल हैं। अहले सुबह 4 बजे 11 हजार केबी का तार टूटकर घर पर गिर गया। तभी तार टूटने की आवाज सुन कर स्थानीय 6 घरों के लोग घर छोड़ कर बाहर निकल गए। संभवतः पूरा घर करंट की चपेट में आ गया। वही मीरा देवी नहाने के लिए बाथरूम के बल्ब को जलाने के लिए स्विच ऑन किया तो करंट की चपेट में आकर दम तोड़ दिया है। परिवार के लोगों ने स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दिया, पुलिस ने पंचनामा करा कर परिवार के लोगों को शव सौंप दिया। मृतका के ससुर श्याम सुंदर ने बताया है की सुबह 11 हजार की तार टूटकर गिरने के बाद पड़ोस में रहने वाले सभी लोग घर छोड़ कर बाहर निकल गए। घटना के बाद मृतका के दो पुत्र मारुति, शिवम सहित सभी का रो रोकर बुरा हाल है। समाचार लिखे जाने तक बिजली विभाग के कोई भी अधिकारी घटनास्थल पर नही पहुंचे हैं।

### धनंजय यादव हत्याकांड में पुलिस के हाथ अब तक खाली, की जा रही लोकल लिंक की तलाश

# भाजपा नेत्री रागिनी पहुंची मृतक के घर, परिजनों को दी सांत्वना

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद/धनसार।** झरिया सिंह नगर स्थित धनंजय हत्याकांड में पुलिस के हाथ अब तक खाली है। किंग पिन की तलाश में जुटी पुलिस ने कई लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है। वहीं मंगलवार की देर शाम धनंजय का शव पोस्टमार्टम के बाद घर वापस आया। शव पहुंचने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ कतरास मोड़ चौक के समीप जुट गई और शव आने का इन्तेजार करने लगी। इधर पुलिस भी अपनी तरफ से पूरी तरह चौकस थी। झरिया थानेदार दर्जनों पुलिस जवानों के साथ शव आने से लेकर शव अंतिम संस्कार के लिए जाने तक कतरास मोड़ में जमे रहे। शव जैसे ही कतरास मोड़ पहुंचा समर्थकों ने धनंजय भैया अमर रहे के नारे लगाने लगे। शव के घर पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से पूरा इलाका गमगीन हो गया। रीति रिवाज से परिजनों धनंजय के शव का मोहलबनी स्थित मुक्तिधाम में अंत्योष्टि कर दिया। **अवैध कोयला कारोबार में एकक्षत्र राज के सपने ने ले ली धनंजय की जान :** सुबह से ही धनजंय के घर के समीप स्थानीय व परिचितों की भीड़ जमी रही। इस दौरान कई प्रकार के चचाओं का भी दौर चलता रहा। कतरास मोड़ में बैठे सिंह नगर के ही कुछ लोग चाय पी रहे हैं। इस दौरान धनंजय हत्याकांड पर चर्चा शुरू हो जाती है। उनमें से लगभग 50 वर्षीय एक व्यक्ति कहता है कि जब तक राम बाबू धिक्कार और धनंजय साथ अवैध कोयला का कारोबार करते थे तब तक सब कुछ शांति से चल रहा था। इन दोनों के बीच जबसे विवाद हुआ पूरा इलाका अशांत हो गया। इसी बीच जनवरी माह में धनंजय और रामबाबू धिक्कार के समर्थकों के बीच खूनी संघर्ष हो गया और धनंजय समर्थक निरंजन तांती की मौत हो गयी। मौत से गुस्साए धनंजय के समर्थकों ने आवेश में रामबाबू धिक्कार के घर को तोड़ दिया। वहीं इस मामले में रामबाबू धिक्कार व उसके कई समर्थक अब तक फरार हैं जबकि भाई बहन धनबाद जेल में बंद हैं। इस घटना के बाद से रामबाबू धिक्कार अपने निवास गुलगुलिया पट्टी नहीं लौटा। यह सब देख धनजंय के मन मे अवैध कोयला कारोबार में एकक्षत्र राज करने का सपना पल गया। और धनंजय इस ओर तेजी से बढ़ने लगा। इसी कड़ी में उसे सत्तापक्ष के एक घराने के समर्थन प्राप्त हो गया और धनंजय ने कुछ लोगों के साथ मिलकर स्थानीय युवकों को मिलाकर अपना सिंडिकेट बना लिया। पिछले दिनों सिंडिकेट में सभी ने मिलकर 7 लाख 62 हजार रुपये जमा किये थे। चर्चा यह भी है कि सिंडिकेट में जमा पैसों में से चार दिन पहले धनंजय ने 4 लाख रुपया गाड़ी खरीदने के नाम पर निकाला था। इसी को लेकर सिंडिकेट के अन्य सदस्यों से मनमुटाव भी चल रहा था। इसी सिलसिले में राजेश नामक युवक और धनजंय के बीच घटना वाली रात लगभग 11:40 में लंबी चर्चा भी हुई थी। जिसके बाद घर के ही समीप स्थानीय एक होटल से धनंजय तड़का लेकर घर चला गया था। कुछ देर बाद ही अपराधियो ने धनंजय के घर पर धावा बोलकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि अपने घर से सपरिवार बेदखल रामबाबू धिक्कार भी अब तक बेघर है स्थानीय गुलगुलिया पट्टी के लोगों ने उसे मुहल्ले में घुसने नहीं दिया है।

### बाइक चुरा भाग रहा युवक डिवाइडर से टकरा पुल के नीचे गिरा, घायल

# झरिया पुलिस ने इलाज के लिए भेजा, बाइक मालिक ने दर्ज करायी शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झरिया कतरास मोड़ दुखहरणी मंदिर के समीप झरिया धनबाद मुख्य मार्ग पर मंगलवार की सुबह बाइक चोरी कर भाग रहा युवक डिवाइडर से टकराकर पुल से नीचे गिर गया। गिरने की आवाज सुन आसपास के लोग पुल के समीप दौड़े, देखते ही देखते पुल के समीप भारी भीड़ जमा हो गई वही घटना की सूचना पाकर झरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से पुल के नीचे गिरे युवक को निकाला गया वही सड़क पर गिरे हुए छतिग्रस्त बाइक को उठाया लेकिन तब तक बाइक मालिक घटनास्थल पर पहुंच वहाँ मौजूद पुलिस व स्थानीय लोगों को सच्चाई से अवगत कराया। मामले की जानकारी देते हुए बाइक के मालिक धनबाद जोड़ाफाटक शक्ति अपार्टमेंट निवासी विमल अग्रवाल ने बताया कि बस्ताकोला गोशाला के शिव मंदिर के समीप खरीदारी के लिए बाइक खड़ा कर समान खरीद रहे थे अचानक देखा कि एक युवक उनकी बाइक संख्या जेएच 10वाई 8396 को लेकर भागने लगा तो उन्होंने तेजी से चोर चोर का हल्ला मचाया लेकिन तब तक युवक बाइक स्टार्ट कर फरार हो गया। और वह एक ऑटो रिक्शा की मदद से उसका पीछा किया लेकिन दुखहरणी मंदिर पुल के समीप आकर देखा कि लोगों की भारी भीड़ है और मेरी बाइक छतिग्रस्त अवस्था मे सड़क पर गिरा हुआ है। झरिया पुलिस घायल युवक को उपचार के लिए एसएनएमसीएच ले जाया गया है। घायल बाइक चोर उपरकुली निवासी सैफ अली खान बताया जा रहा है। वही बाइक के मालिक विमल अग्रवाल ने मामले की लिखित शिकायत झरिया थाना में दर्ज कराई है। झरिया पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

## मो रफी की पुण्यतिथि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**कसमार।** राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो रविवार को पेटरवार के मठ टोला में शारदा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आयोजित बॉलीवुड के श्रेष्ठ पार्श्व गायकों में से रहे मो रफी साहब की पुण्यतिथि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचें। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि योगेंद्र प्रसाद महतो एवं विशिष्ट अतिथि बुंडू पंचायत के पूर्व मुखिया अजय कुमार सिंह ने मो. रफी साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कीये। इस दौरान श्री महतो ने कहा कि रफी साहब न केवल हिंदी सिनेमा के महान गायक और थे बल्कि भारतीय उपमहाद्वीप के श्रेष्ठतम पार्श्व गायकों में से एक थे। इनकी आवाज की मधुरता के कारण इन्होंने अपने समकालीन गायकों से अलग मुकाम हासिल की थी। उन्होंने शारदा म्यूजिकल ग्रुप के लोगों को रफी साहब के प्रति अगाध प्रेम और समर्पण की भावना की सराहना किये। इससे पूर्व ग्रुप के द्वारा पूर्व विधायक श्रीमहतो का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान उन्होंने मो रफी साहब की याद में पेश किये गए गीतों को भी सुना और आनंद विभोर हुए।

## न्यूज रील्स

### केंद्रीय कर्मियों और पेंशनरों का डीए चार फीसदी बढ़ना तय

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार के 47 लाख कर्मियों और लगभग 62 लाख पेंशनरों के लिए खुशखबरी है। उनके डीए/डीआर में पहली जुलाई से चार फीसदी की बढ़ोतरी, अब लगभग तय है। वजह, श्रम ब्यूरो द्वारा जून 2023 के लिए जारी 'ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स फॉर इंडस्ट्रियल वर्कर' सूचकांक में 1.7 अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। अब यह सूचकांक 136.4 हो गया है। ऐसे में अब केंद्रीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों को जुलाई, 2023 से मिलने वाले महंगाई भत्ते/महंगाई राहत में 4 प्रतिशत की वृद्धि तय है। इस बढ़ोतरी के साथ डीए/डीआर की दर 46 प्रतिशत हो जायेगी।

### एक्सिस बैंक में 10 मिनट में एक करोड़ की लूट

हाजीपुर। वैशाली में एक्सिस बैंक में 1 करोड़ की लूट हुई है। मंगलवार की सुबह ब्रांच खुलते ही 10 बजकर 56 मिनट पर 4 अपराधी बैंक के अंदर घुसे। स्टाफ को गन पॉइंट पर लेकर लूटपाट की। बदमाश लॉकर खुलवाकर कैश ले गये हैं। शहर में नाकेबंदी कर दी गयी है।

## एम्स भुवनेश्वर में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी पर सम्मेलन का आयोजन

# इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी जटिल बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है : डॉ मैथ्यू चेरियन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर के रेडियोडायग्नोसिस विभाग द्वारा ओड़िशा में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी (आइआर) एम्स इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी कॉन्फ्रेंस पर पहला व्यावहारिक सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। 29 और 30 जुलाई को आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य सर्वोत्तम आइआर प्रथाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से रोगी देखभाल को आगे बढ़ाना था। सम्मेलन में लीवर कैंसर के इलाज (टीएसीइ, टीएआरइ, एब्लेशन), लीवर सिरोसिस उपचार (टीआइपीएसएस, बीआरटीओ, पार्टो) के साथ-साथ वैरिकाज नस, महाधमनी धमनीविस्फार (इवीएआर) और पेरिफेरल धमनी रोग उपचार के लिए अत्याधुनिक उपचार के तौर-तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इंडियन सोसाइटी ऑफ वैस्कुलर एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी और ओड़िशा रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग एसोसिएशन के सहयोगात्मक समर्थन के साथ, सम्मेलन ने ज्ञान और अनुभव का आदान-प्रदान करने के लिए क्षेत्र के प्रसिद्ध विशेषज्ञों, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और शोधकर्ताओं को एक साथ लाया, जिससे आगे बढ़ने के लिए एक सहयोगी वातावरण को बढ़ावा मिला। रोगी की देखभाल।

एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने राष्ट्रीय संस्थान में सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए इस तरह के अभिनव सम्मेलन के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ डॉ संजीव कालवा के साथ-साथ राष्ट्रीय संकाय के डॉ अजीत यादव, डॉ रोचन पंत, डॉ अमर मुकुंद, डॉ यशवंत पाटीदार, डॉ रश्मी पाढ़ी, डॉ दयानंद एल, डॉ पुलकित रंगगढ़ और इस अवसर पर डॉ करमवीर चंदेल ने गंभीर बीमारियों के लिए प्रभावी और न्यूनतम आक्रामक उपचार समाधान प्रदान करने में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी (आइआर) एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभरने पर जोर दिया।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध और प्रसिद्ध व्यक्तित्व डॉ मैथ्यू चेरियन ने अपने प्रेरक अतिथि व्याख्यान से युवा स्नातकों के मन में जोश भर दिया। डॉ चेरियन ने कहा कि आइआर गंभीर बीमारियों के लिए रोगी देखभाल को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस सम्मेलन के माध्यम से, हमारा लक्ष्य ओड़िशा में सर्वोत्तम आइआर प्रथाओं को अपनाने को बढ़ावा देना है, जिससे हमारे रोगियों के लिए जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए डीएमइटी ओड़िशा के डॉ एसएन मोहंती ने आइआर को राज्य सरकार के मेडिकल कॉलेजों में ले जाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में एम्स भुवनेश्वर के डीन डॉ पीआर महापात्र और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। कॉन्फ्रेंस का आयोजन रेडियोडायग्नोसिस एचओडी डॉ एन दीप बैग, एडिशनल के नेतृत्व में किया गया। प्रोफेसर डॉ सुप्रवा नाइक, आयोजन सचिव डॉ सुदीप्त मोहाकुड, डॉ मनोज नायक, डॉ रंजन पटेल और डॉ तारा प्रसाद त्रिपाठी। सम्मेलन में भाग लेते हुए आइएसवीआइआर सचिव डॉ अजीत यादव ने कहा कि ओड़िशा में इस ऐतिहासिक सम्मेलन ने निस्संदेह मरीजों के बेहतर परिणामों और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के माध्यम से जटिल बीमारियों के इलाज में एक उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी है।

## संयुक्त प्रशासनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा में किस के तीन छात्र सफल



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वर्ष : 2021-22 प्रशासनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा में किस के 3 मेधावी छात्र सफल हुए हैं। वे हैं- सुंदरगढ़ के विश्वनाथ रंजन किसान, नुआपाड़ा के फाल्गुनी शाबर और कलाहांडी के सनातन माझी। कालाहांडी जिले के थुआमुल रामपुर के सनातन कुटिया कंध समुदाय की एक आदिम जनजाति है। वहीं दूसरी ओर इस वर्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा में किस के 10 छात्रों ने सफलता हांसिल की है। इनमें से गोलक कहर और बलराम चंपिया ने यूजीसी नेट क्वालिफाई किया और जेआरएफ में चयनित हुए हैं। यूजीसी नेट परीक्षा में सफल होने वाले अन्य छात्र हैं- जयंती माझी, कुंतला जानी, भारती कुजूर, रेवती सिंह, केशव माझी, देवहुति पुट्टा, संतराम माझी और जयंती भोई। इस शानदार उपलब्धि पर किट- किस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ओड़िशा प्रशासनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा और यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले किस के सभी सफल छात्रों को बधाई दी है। अपनी प्रतिक्रिया में प्रो अच्युत सामंत ने कहा कि किस के छात्रों को राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर आयोजित प्रशासनिक और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। सामंत ने कहा कि अधिक से अधिक छात्रों को तैयार किया जा रहा है ताकि वे भविष्य में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकें।

## सीएम ने फोरेंसिक विज्ञान सेवा संगठन के लिए 150 करोड़ रुपये की आधुनिकीकरण योजना को मंजूरी दी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य में आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत करने के उद्देश्य से, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को राज्य फोरेंसिक विज्ञान सेवा संगठन के आधुनिकीकरण के लिए 150.05 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस योजना को 'फॉरेंसिक साइंस सर्विसेज ऑर्गनाइजेशन, ओड़िशा का आधुनिकीकरण' के रूप में जाना जायेगा और 2023-24 से 2027-28 तक 5 वर्षों की अवधि में लागू किया जायेगा। कुल राशि में बालेश्वर और संबलपुर में नये क्षेत्रीय फोरेंसिक प्रयोगशाला भवन के लिए 20 करोड़ रुपये, उपकरण के लिए 125.25 करोड़ और मोबाइल फोरेंसिक वैन के लिए 3.50 करोड़ रुपये और कुछ अन्य खर्च शामिल हैं।

## सम बाल रोग विशेषज्ञ ने 560 ग्राम के प्रीमैच्योर बच्चे को दिया नया जीवन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल के नवजात शिशु रोग विभाग की मेडिकल टीम ने केवल 560 ग्राम वजन वाले एक बच्चे को नया जीवन दिया है, जो जन्म के समय से पहले पैदा हुआ था। बच्चे के पिता और माता भद्रक जिले से है और बच्चे का जन्म आइवीएफ के जरिए हुआ था। हालांकि, गर्भावस्था के 25 सप्ताह बाद बच्चे का जन्म समय से पहले हो गया। नवजात शिशु रोग विभाग की प्रमुख प्रो डॉ देबाशिश नंद ने कहा कि बच्चे जन्म के समय वजन केवल 560 ग्राम था और उनका सल्याबस्था बहुत जटिल था। इसलिए उसे तुरंत सम अस्पताल के नवजात शिशु रोग विभाग के एनआइसीयू में भर्ती कराया गया और इलाज शुरू किया गया। प्रोफेसर नंद ने कहा कि बच्चे का लगभग 4 महीने तक दीर्घकालिक इनवेसिव वेंटिलेशन और नॉन-इनवेसिव वेंटिलेशन के साथ इलाज किया गया। इस दौरान बच्चे की अपरिपक्वता की सभी जटिलताओं का इलाज किया गया। बच्चे के इलाज और देखभाल में डॉ रतन कुमार दास, डॉ विजय कुमार, डॉ. बिनीत पाणिग्रही, डॉ भाबग्राहि मल्लिक, डॉ कल्पिता साहू, डॉ पायल प्रधान, डॉ देवी प्रसाद साहू, डॉ भाग्यश्री महापात्र, डॉ एस. मनीषा सक्रिय रूप से शामिल थे। इसमें एनआइसीयू की सभी नर्सें और अन्य स्टाफ भी शामिल थे। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पुष्पराज सामंतसिंहार ने सभी आवश्यक तकनीकी और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की, जिससे बच्चे का सफलतापूर्वक इलाज करने में काफी मदद मिली।

## केंद्रीय मंत्रियों ने संबलपुरी पोशाक पहन कर संसद की कार्यवाही में हिस्सा लिया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** संबलपुरी दिवस पर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान संबलपुरी पोशाक पहनकर संसद कार्य में में शामिल हुए। संबलपुरी दिवस के मौके पर संसद में संबलपुरी पोशाक की झलक देखने को मिली। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री संबलपुरी पोशाक पहनकर संसद कार्य में शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संबलपुरी पोशाक पहन कर सदन में उपस्थित हुए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस बारे में ट्वीट कर खुशी जाहिर की। संबलपुरी दिवस के अवसर पर उन्होंने स्थानीय कपड़े पहनने और ओड़िशा की संस्कृति के प्रति सम्मान दिखाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री श्री प्रधान ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से संबलपुरी दिवस की शुभकामनाएं दीं और प्रख्यात साहित्यिक गुरु सत्यनारायण बहिदार को उनके जन्मदिन पर श्रद्धांजलि दी। श्री प्रधान ने संबलपुर क्षेत्र की अनूठी संस्कृति को दुनिया भर में प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया।

## रायगड़ा में पुलिया गिरने से 5 की मौत, 3 इंजीनियर निलंबित, ठेकेदार पर केस दर्ज

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रायगडा जिले के कल्याण सिंहपुर प्रखंड के उपरसजा गांव में पुलिया गिरने के मामले में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सरकार ने इस घटना के संबंध में तीन इंजीनियरों को निलंबित कर दिया है। निलंबित इंजीनियरों में ग्राम्य निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार महांति, सहायक कार्यकारी अभियंता वेंकट रमन मुदुली और कनिष्ठ अभियंता राजेश मंडल शामिल हैं। इसके साथ ठेकेदार के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया है। कलेक्टर ने बताया कि कल्याण सिंहपुर पुलिस थाने में ठेकेदार बुगडा ज्योति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने स्थानीय सरपंच की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की गयी है। यह घटना रायगड़ा जिले के कल्याण सिंहपुर प्रखंड के उपरासजा गांव के पास हुई थी। नाले पर 2-पहिया वाहनों सहित लोगों की आवाजाही के लिए एक पुलिया का निर्माण किया जा रहा था। इसकी छत दो महीने पहले पड़ी थी। लगातार बारिश के कारण पुलिया का काम रुका हुआ था। सोमवार की सुबह निर्माणाधीन पुलिया के नीचे जब कुछ लोग और बच्चे नहा रहे थे, तब पुलिया गिरने से चार बच्चों समेत एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

# रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय रेलवे ने रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गयी है। वर्तमान में इस योजना में भारतीय रेलवे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए 1309 स्टेशनों को लेने की परिकल्पना की गयी है। इस योजना में भवन निर्माण में सुधार, शहर के दोनों ओर स्टेशन को एकीकृत करना, बहुआयामी एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल समाधान, बेलास्ट रहित पटरियों का प्रावधान, आवश्यकता के अनुसार 'रूफ प्लाजा', लंबी अवधि में स्टेशन पर चरणबद्धता और व्यवहार्यता और सिटी सेंटर का निर्माण शामिल है।

अमृत भारत स्टेशन योजना दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना करती है। प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 'एक स्टेशन एक उत्पाद', बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, कार्यकारी लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामांकित स्थान, भूनिर्माण आदि जैसी योजनाएं हैं।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत ओड़िशा में 57 स्टेशनों की पहचान की गयी है। इसमें अंगुल, बादामपाहाड़, बलांगीर, बालेश्वर, बालूगांव, बरबिल, बरगड रोड, बारीपदा, बरपाली, बेलपाहाड़, बेतनटी, भद्रक, भवानीपटना, भुवनेश्वर, बिमलागड, ब्रह्मपुर, ब्रजराजनगर, छत्रपुर, कटक, दामनजोड़ी, ढेंकानाल, गुनुपुर, हरिशंकर रोड, हीराकुड, जाजपुर-क्योंझर रोड, जलेश्वर, जारोली, जयपोर, झारसुगुड़ा, झारसुगुड़ा रोड, कंटाबांजी, केंदुझारगड, केसिंगा, खरियार रोड, खुर्दा रोड, कोरापुट, लिंगराज मंदिर रोड, मंचेश्वर, मेरामंडली, मुनिगुडा, न्यू भुवनेश्वर, पानपोश, पारादीप, पारलाखेमुंडी, पुरी, रघुनाथपुर, रेढ़ाखोल, रायरंगपुर, राजगांगपुर, रायगड़ा, राउरकेला, साखी गोपाल, संबलपुर, संबलपुर शहर, तालचेर, तालचेर रोड, टिटलागड जंक्शन शामिल है। पहले चरण में कुछ प्रमुख स्टेशनों का काम शुरू हो चुका है। अब अमृत भारत योजना में 25 रेलवे स्टेशनों को पुनर्विकास के लिए चुना गया है। ये स्टेशन हैं साखीगोपाल, मंचेश्वर, ढेंकानाल, छत्रपुर, अंगुल, पलासा, मेरामंडली, बालूगांव, लिंगराज मंदिर रोड, तालचेर रोड, खुर्दा रोड, कंटाबांजी, बरगड रोड, हीराकुड, रेढ़ाखोल, बरपाली, मुनिगुडा, बलांगीर, हरिशंकर रोड, महासमुंद, भवानीपटना, खरियार रोड, विजयनगरम, दुव्वाडा और दामनजोडी स्टेशन।

नयी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत भारत योजना के तहत 500 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे, जिसमें पूर्व तट रेलवे के तहत 25 उपरोक्त स्टेशन शामिल हैं।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णवओडिशा में चल रहे विभिन्न परियोजना कार्यों के साथ-साथ क्षेत्र के रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं और नियमित रूप से विकास कार्यों की निगरानी भी कर रहे हैं। पूर्व तट रेलवे इस क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। विभिन्न परियोजनाओं पर काम युद्ध स्तर पर चल रहा है और कुछ हाल ही में पूरे हुए हैं। कुल मिलाकर, पूर्व तट रेलवे के तहत उपरोक्त 25 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए 547.7 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**